रांची ● वर्ष : 02 ● अंक : 170 ● हजारीबाग से भी प्रकाशित ● पृष्ठ : 12 ● सोमवार ● 15.04.2024 ● मूल्य : 4 रुपया ● TV.awazdailyharshit tv & www.pratahawazlive.com ● सुझाव या शिकायत : pratahawajranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रात: आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक





### अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

## उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य आज

**रांची।** लोक आस्था का चार दिवसीय चैती महापर्व छठ का रविवार को तीसरा दिन है। चैती माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को पहला अर्घ्य दिया गया। व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को विभिन्न नदी, तालाब और अन्य जलश्रोतों पर अर्घ्य दिया। संध्या अर्घ्य के बाद सोमवार को उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जायेगा। इस दिन सूर्योदय 05 बजकर 28 मिनट पर होगा। इसके बाद व्रतियों के पारण के साथ चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन होगा। अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य की उपासना केवल छठ पूजा में ही होती है। ऐसा माना जाता है कि इस समय सूर्य अपनी दूसरी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं। इसीलिए प्रत्यूषा को अर्घ्य दिया जाता है। शाम के समय सूर्य की आराधना से जीवन में संपन्नता आती है। अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने से हर तरह की परेशानी दूर होती है।

### रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह ने भी किया चैती छठ व्रत

**रांची।** चैती छठ के पहले अर्घ्य को लेकर जलाशयों में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा। आस्था के महापर्व छठ में छठव्रतियों समेत श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। राजभवन के समीप हटनिया तालाब में छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिन्हा भी चैती छठ व्रत कर पूरे परिवार और मित्र के साथ छठ घाट पहुंची थीं।

### संक्षिप्त समाचार

#### सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग कर भाग निकले बदमाश, सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह तकरीबन पांच बजे दो अज्ञात बदमाश फायरिंग कर फरार हो गए। घटना में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मुंबई पुलिस ने सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। घटना के समय सलमान खान घर पर ही थे। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात बदमाश दोपहिया वाहन पर बांद्रा पश्चिम में स्थित सलमान खान के घर के बाहर पहुंचे और फायरिंग की। बदमाशों ने लगातार 4 राउंड फायरिंग की। घटना की जानकारी मिलते ही बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और सलमान खान के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि सलमान खान को पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। कुछ दिन पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने एक टेलीविजन इंटरव्यू में कहा था कि सलमान खान को मारना उसकी जिंदगी का मकसद है। बिश्नोई की धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा की समीक्षा कर उनकी सुरक्षा बढ़ाई थी। कुछ दिन पहले अभिनेता-गायक गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा स्थित आवास पर भी लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गों ने हमला किया था। कहा जा रहा है कि इस हमले की वजह सलमान खान के साथ उनके करीबी रिश्ते थे। हालांकि सलमान खान को वाई प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है, लेकिन आज उनके आवास के सामने फायरिंग के बाद सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

#### बिहार ले जा रहे 16.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रांची।** रांची से बिहार ले जा रहे 16.5 लीटर महंगी अंग्रेजी शराब ले जा रहे दो आरोपितों को पुलिस ने खादगढ़ा टीओपी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सुभाष कुमार और मुकेश कुमार शामिल है। खादगढ़ा टीओपी के एएसआइ भीम सिंह और अन्य पुलिसकर्मी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधिक गतिविधि पर नियंत्रण, मादक द्रव्य और आग्नेयास्त्र की बरामदगी के लिए 14 अप्रैल की सुबह 10 बजे गश्ती कर रहे थे। इसी क्रम में खादगढ़ा बस स्टैंड के मुख्य टर्मिनल के पास दो बैग लेकर दो युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे। पुलिस को शक हुआ तो उनलोगों को पीछे जाने लगे। पुलिस को देखते हुए दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे। उन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया गया। उनके पास टू स्टार बस का हसपुरा बिहार का टिकट मिला। उनका स्काई बैग की जांच करने पर दोनों के बैग में महंगी ब्रांड का विदेशी शराब मिला।

#### होटल से शराब बरामद संचालक गिरफ्तार

**रांची।** चान्हो थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा स्थित संतोष लाइन होटल में छापामारी कर 15 पेटी अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद किया है। मामले में होटल संचालक संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी मुख्यालय अमर कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार अवैध रूप से नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर होटल में छापेमारी की गई।

# भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को संकल्प पत्र नाम से पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकल्प पत्र का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नए अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों एवं केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी।




इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्रियों, पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। संकल्प पत्र में उल्लेखित गारंटियों को जिक्र करते हुए उन्होंने देश के समाजिक, डिजिटल और भौतिक ढांचागत सुविधाओं को विस्तार देने की अपनी सरकार की नीति को जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने पर राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाई जाएगी, श्री अन्न पर बल दिया जाएगा, पश्चिमी भारत के बाद पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी भारत में बुलेट ट्रेन लाई जाएगी, वंदे भारत का मेट्रो, स्लीपर और चेयरकार तीन रूपों में विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने वर्तमान में जारी सरकार की योजनाओं को आगे भी जारी रखने और विस्तार देने की गारंटी दी।

## वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 11.6 लाख रुपये बरामद

**रांची।** लालपुर थाना के प्लाजा चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान 11 लाख छह हजार 830 रुपये पुलिस ने बरामद किए हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार शहर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को प्लाजा चौक के समीप लालपुर थाना गश्ती दल और पीसीआर 25 चेकिंग अभियान चला रहे थे। चेकिंग के दौरान एक स्कूटी ( जेएच 01 ईएच 1487 ) को जांच करने पर स्कूटी चालक के पास से 11 लाख छह हजार 830 रुपये बरामद किया गया। स्कूटी चालक से पूछताछ करने पर रुपये पंडरा बाजार समिति ले जाने की बात बतायी गयी है। स्कूटी सवार अंकित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह डिस्टलरी पुल के समीप किराए के मकान में रहता है। मूल रूप से वह बिहार के शेखपुरा का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह खूंटी से तगादा कर पैसा लाया था और पंडरा के दाल व्यवसायी सुमित अग्रवाल को देने जा रहा था। इसी दौरान चेकिंग में पकड़ा गया।

## कल्पना ने भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किये



संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को कल्पना सोरेन ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान अन्य लोगों ने अंबेडकर की तस्वीर पर भी श्रद्धांजलि दी।

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन किया

रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें याद करते हुए नमन किया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि शोषितों, वंचितों एवं पीड़ितों को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान करने वाले, भारतीय संविधान के निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर शत-शत नमन। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त और अंत्योदय को समर्पित रहा आपका पूरा जीवन सभी के लिए प्रेरणा है।

# ईरान का इजराइल पर मिसाइल व ड्रोन से हमला

● सुरक्षा परिषद् ने बुलाई आपात बैठक ● हर स्थिति को तैयार : बेंजामिन नेतन्याहू

### ईरान ने अमेरिका को इस युद्ध से दूर रहने की दी सलाह

**एजेंसी**

**तेहरान/ तेल अवीव ।** ईरान ने इजराइल पर दो सौ से अधिक मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। इजराइल का दावा है कि ईरान की तरफ से किए गए ज्यादातर मिसाइल और ड्रोन को इजराइल डिफेंस सिस्टम ने हवा में मार गिराया गया। इजराइल के डिफेंस फोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। उधर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने इजराइल पर ईरान के हमले के बाद लगातार बिगड़ती स्थिति को लेकर रविवार शाम 4 बजे आपातकालीन बैठक बुलाई है।

ईरान ने रविवार सुबह को 1800 किमी दूर इजराइल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद इसे जवाबी कार्रवाई बताया जा रहा है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक यह लक्षित निशाने के साथ किया गया हमला है।



उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल को सीरिया में वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान ने बदला लेने की बात कही थी। हमले में सेना के एक शीर्ष कमांडर सहित 7 सैन्य अफसरों की मौत हुई थी। ईरान ने हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया था।

उधर, इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की तरफ से कहा गया है कि 100 से ज्यादा ड्रोन छोड़े गए हैं और तमाम हमलों को रोका जा रहा है। इजराइल, लेबनान और इराक ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं। जबकि सीरिया और जॉर्डन ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को अलर्ट पर रख दिया है।

इजराइल के प्रधानमंत्री ने वॉर कैबिनेट की बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है चाहे रक्षात्मक हो या आक्रामक। नेतन्याहू ने कहा कि हमारा साथ देने के लिए अमेरिका के साथ-साथ वे ब्रिटेन, फ्रांस और कई अन्य देशों की सराहना करते हैं।

इजराइल पर ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन इजराइल की सुरक्षा करने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमेशा इजराइल के लोगों के साथ खड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मुद्दे पर व्हाइट हाउस में आपात बैठक की।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी ईरान के हमलों की निंदा करते हुए कहा है कि ब्रिटेन, इजराइल और सभी अपने सभी क्षेत्रीय भागीदारों की सुरक्षा के लिए खड़ा रहेगा।

### इजराइल की रक्षा को प्रतिबद्ध : अमेरिका

इजराइल के समर्थन को लेकर प्रतिबद्धता दिखाते हुए अमेरिका ने कहा कि इजराइल की रक्षा हमारी प्रतिबद्धता है और अमेरिकी बलों ने ईरानी मिसाइलों को मार गिराया। क्षेत्र में अमेरिकी बल इजराइल को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। जबकि चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि ईरान द्वारा इजरायल के खिलाफ जवाबी हमले में ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च करने के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने से चीन बेहद चिंतित है। मंत्रालय की वेबसाइट पर पोस्ट बयान में कहा गया है कि चीन संबंधित पक्षों से शांत रहने और तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए संयम बरतने का आह्वान करता है।

## झारखंड : चार लोकसभा सीटों के लिए 18 से शुरू होगा नामांकन, उम्मीदवारों का जनसंपर्क तेज

**प्रात: आवाज**

रांची। राज्य में इस बार लोकसभा की 14 सीटों के लिए चुनाव चार चरणों में होंगे। पहले चरण में चार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू होगी और 13 मई को वोट डालें जाएंगे।

राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में पसीना बहा रहे हैं। लगातार प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। झारखंड में पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 26 अप्रैल, नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल और मतदान की तारीख 13 मई है।

पहले चरण के लिए एनडीए, इंडी गठबंधन, झापा और सीपीआई ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जबकि, इंडी गठबंधन ने अब तक केवल नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है।पांच सीटों पर अब भी प्रत्याशियों की घोषणा बाकी है। सीपीआइ और जेबीकेएस ने भी कुछ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। अब तक न तो एनडीए ने और न ही इंडी गठबंधन ने झारखंड के लिए स्टार प्रचारकों की घोषणा की है। हालांकि, घोषित प्रत्याशी बिना स्टार प्रचारकों के ही अपने स्तर से जनसंपर्क और छोटी-छोटी सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के नेताओं से संपर्क और नाराज कार्यकताओं को मनाने की भी कोशिशें कर रहे हैं। प्रत्याशी गांव-गांव, चौक-चौराहों पर जाकर लोगों से मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रचार सोशल मीडिया पर हो रहा है। प्रत्याशी अपनी रोजाना की गतिविधियां सोशल मीडिया पर डालते हैं।

इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान 21 अप्रैल से विधिवत शुरू हो जायेगा। इस दिन रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो ने न्याय उलगुलान रैली का आयोजन किया है। उस रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, वाम नेता दीपांकर भट्टाचार्य, आप नेता,पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, बिहार के नेता तेजस्वी यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित अन्य इंडी गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा होगा। उसी दिन से इंडिया गठबंधन का प्रचार अभियान भी जोर पकड़ेगा। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर है। वह बीच-बीच में बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी ले रही हैं।

उल्लेखनीय है कि सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में पहले चरण में 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, तीसरे चरण 25 मई को गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर और चौथे चरण 1 जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा सीटों का चुनाव होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

## चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा का ग्रामीणों ने किया भारी विरोध

**प्रात: आवाज**

**सरायकेला ।** पश्चिमी सिंहभूम संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा को रविवार को ग्रामीणों का भारी विरोध झेलना पड़ा। नौबत हाथापाई की आन पड़ी। सूचना मिलते ही प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

रविवार को गम्हरिया मंडल के मोहनपुर क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा का दौरा प्रस्तावित था। तय समय के अनुसार गीता कोड़ा भाजपाइयों के साथ मोहनपुर पहुंची। हालांकि इससे पूर्व उन्होंने मंडल के अन्य गांव का दौरा किया और अपने लिए मतदान करने की अपील की। जैसे ही भाजपाइयों का काफिला मोहनपुर पहुंचा कि ग्रामीण उग्र हो उठे और गीता कोड़ा का रास्ता रोक दिया।



इस दौरान ग्रामीण पारंपरिक हारवे हथियारों से लैस थे और लगातार गीता कोड़ा के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे। इसमें ग्रामीण बुजुर्ग, युवा- महिला पुरुष सभी शामिल थे। सभी भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। सूचना मिलते ही गम्हरिया थानेदार बीडीओ सीओ सहित तमाम प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह समझा बुझाकर ग्रामीणों के चंगुल से उन्हें मुक्त कराया। ग्रामीणों का कहना है कि बगैर ग्राम सभा से परमिशन लिए चुनाव प्रचार में भाजपाई कैसे पहुंच गए यह उनकी परंपरा के खिलाफ है। उल्लेखनीय है कि गीता कोड़ा इससे पहले कांग्रेस में थी। भाजपा में जाते ही आदिवासी बहुल गांव में उनका विरोध शुरू हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहन नगर में मनाई गई बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती



**खलारी (प्रातः आवाज)।** मोहन नगर में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों को उनके विचारों अवगत कराया गया। वहीं सभी ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रेणु देवी, कृष्णा चौहान, अशरफि राम, मुनु शर्मा, अलोक चौहान, दीपक चौहान, भारत कुमार, अनीता देवी, रत्नवा देवी, अभिषेक चौहान, साहिल सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित



**खलारी (प्रातः आवाज)।** खलारी बैंक चौक के समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड कमेटी की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने किया एवं संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा खलारी प्रखंड अध्यक्ष कलाम रिजवी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 21 अप्रैल रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में आहूत उल्गुलान रैली में शामिल होने की तयारी पर चर्चा किया गया। वहीं सभी कार्यकर्ताओं ने खलारी प्रखंड से भी हजारों की संख्या मे भाग लेने एवं रैली को सफल बनाने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से खलारी प्रखंड संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, राजकुमार गन्झु, प्रखंड उपाध्यक्ष सुभाष प्रजापति, राजेश प्रसाद, अरुण यादव, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव सिंह, शिवनाथ मुंडा, खलारी प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा संगठन सचिव सुनील यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष आजम अंसारी, बिश्रामपुर पंचायत अध्यक्ष हैदर अली खान, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के एरिया सचिव रंथु उरावं एवं संतोष करमाली, मोहम्मद इस्लाम अंसारी, याकूब अंसारी, छोटू राम, इशरत अली,अर्सद अंसारी, आदि उपस्थित थे।

### छठ महापर्व पर अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य



**खलारी (प्रातः आवाज)।** खलारी में चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को अस्ताचलगामी सुर्य को अर्ध्य अर्पित किया गया। वहीं सोमवार को उदयाचलगामी सुर्य को अर्ध्य दी जाएगी। खलारी और आसपास के क्षेत्र में नेम निष्ठा व लोक आस्था का पर्व चैती छठ पर रविवार को छठव्रती महिलाओं एवं पुरुषों ने अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य दिया। इससे पूर्व छठव्रतियों ने अपने घर पर शुद्धता व सुचिता के साथ आटे व गुड़ से प्रसाद स्वरूप ठेकुआ बनाया। शाम में सूप को विभिन्न फल-फूल से सजाकर आसपास की महिलाओं के साथ छठ गीत गाते हुए छठ घाट पहुंचे और अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य दिया। अर्ध्य के उपरांत छठघाट पर व्रती संग महिलाओं ने छठी मइया के गीत गाए। खलारी में छठव्रतियों ने सपही नदी, दामोदर नदी में अर्ध्य दिया। इसके अलावा क्षेत्र में छठवतियों ने नजदीक के तलाबों व नदी के तटो पर भी अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य दिया। सोमवार को तड़के उदयगामी सूर्य को दूसरा अर्ध्य दिया जाएगा।

### राहे में मनायी गयी अम्बेडकर जयंती




**राहे (प्रातः आवाज)।** राहे प्रखंड के रामडेरा, कटियाडीह, नुरू, ओर भगतसिंह चौक गोमदा में संविधान के निमार्ता और भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। आजसू के प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो अपने समर्थक कलावती देवी, किरण देवी, देवन्ती देवी, अमर सिंह मुंडा, रंजीत सिंह मुंडा, अर्जुन मिर्धा, दिलेश्वर नायक के साथ रामडेरा स्थित प्रतिमा माल्यार्पण किये। खतियानी झारखंडी पार्टी के संस्थापक सदस्य राजु कुमार महतो, अमिष महतो, दिलेश्वर नायक, अर्जुन मिर्धा, प्रफुल उरांव, लखन मुंडा, मुकेश उरांव, शंकर मुंडा, हरिराम मुंडा, मनीष आदि ने माल्यार्पण किये। नुरू और भगतसिंह चौक पर किसानसभा के द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ का शपथ लिया गया। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### डीएवी खलारी में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**खलारी (प्रातः आवाज)।** डीएवी स्कूल खलारी में रविवार को संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में उपस्थित शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को देश का एक सच्चा सपूत, गरीबों और वंचितों का हितैषी एवं उनके दुख दर्द को समझने वाला बताया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती



**खलारी (प्रातः आवाज)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर के प्रांगण में प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। मौके पर खुशी कुमारी,दिव्या कुमारी,प्रिया कुमारी,अनुष्का कुमारी, काजल कुमारी, सरिता, निहारिका, आरती, अर्चन, नीरज व अन्य शामिल थें।

# सरहुल मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन





प्रातः आवाज

**खलारी।** अंबेडकर मैदान राय में रविवार को सरहुल मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में अंबेडकर मैदान राय से गाजे बाजे, ढोल नगाड़े के साथ में शोभा यात्रा निकाली गई। मेले में रांची से आए हुए 70 की संख्या में खोड़ा टीम के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद नागपुरी कार्यक्रम का उद्घाटन राय पंचायत के मुखिया शीला देवी के द्वारा फीता काटकर कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि नागेश्वर महतो, पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो, पूर्व मुखिया सावित्री देवी, पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव, उप मुखिया विश्वनाथ महतो, पूर्व उप मुखिया अशोक महतो, अर्जुन महतो, रितेश केसरी, दिनेश महतो, सोहर महतो, तुलसी भुईया शामिल हुए।

वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के में आयोजन समिति के सदस्य विजय पहान, दुर्गा प्रसाद महतो, रूपेश कुमार महतो, गणेश कुमार महतो, मंगरु मुंडा, भरत कुमार राम, राजेश कुमार महतो, मनोज महतो संतोष प्रजापति, बालेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो, दीपक महतो, हरीश कुमार, रामकुमार भुईया, पारस कुमार महतो नरेश महतो, सरवन मद्रासी, चंदन महतो, कालेश्वर महतो, दीपक मद्रासी, लोकन महतो, विजय, सुरेंद्र, रितेश, अंगरक, हबू महतो, आनंद प्रजापति, दीपक टोप्पो, फूलचंद, संदीप महतो, सोनू प्रकाश महतो, विजय, रंजीत महतो संतोष, लोकल महतो, सीटू महतो मंगरु महतो, बबलू महतो, अमन मुंडा, लकू महतो, सुरेश महतो, मोहन महतो, नीरज कुमार मुंडा, विजय महतो एवं नरेश महतो का अहम योगदान रहा।

# हर भारतीय को बाबा साहेब को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है : अनिल पासवान

प्रातः आवाज



**खलारी।** साईनगर बुकबुका में डॉ अम्बेडकर विचार मंच के तत्वाधान में बाबा साहेब अंबेडकर की 133 वीं जयन्ती अनील पासवान के अध्यक्षता मे मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन कुंदन चौहान एवं आनन्द तूरी ने किया। मुख्य अतिथि अनिता भोगता, विशिष्ट श्याम सुन्दर सिंह, जिला परिषठ सरस्वती देवी, बेतीं मुखिया सरिता देवी, पंचायत समिति बेंती अन्नुप्रिया पासवान, संजय प्रसाद, दीपक चौहान, सुनील बौद्ध, अनिता गंजू, मनोज भुइयां ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धां सुमन अर्पित किया। मौके पर मुख्य अतिथि अनिता भोगता ने कहा कि भारत का राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास का हल सिर्फ बाबा साहेब अंबेडकर का विचार एवं संविधान है। बाबा साहेब किसी विशेष जाति या धर्म के नहीं हैं, बाबा साहेब पूरे मानवता का हृदय एवं सकरात्मक ऊर्जा हैं। विशिष्ट अतिथि श्याम सिंह ने कहा कि हमें भूतकाल में इतिहास की बुराइयों को सुधार कर बाबा साहेब को आदर्श मान कर चलने की आवश्यकता है। वहीं स्वागत भाषण में अनिल पासवान ने कहा कि हर भारतीय को बाबा साहेब के विचारों को समझने एवं जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे श्यामजी महतो, मनोज भुइयां, अनीता एक्का, गंगा, सरोज चौधरी, अमित कोहरा, भोला राम, जीतेन्द्र सिंह, सुनील पासवान, संध्या देवी, रेशमी कुंडा, नगीना देवी, संगीता देवी, शंभूनाथ गंजू, रमेश गंजू, अरुण पासवान, रीना देवी, रविन्द्रनाथ चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

# राहे में प्रकृति की आराधना कर मांगी सुख समृद्धि, निकाली गई शोभायात्रा

प्रातः आवाज




**राहे।** प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर रविवार को राहे प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन कटियाडीह गांव में किया गया। पाहन शिवनाथ मुंडा, दिलीप मुंडा ओर मुची राम मुंडा ने विधिवत सिंगा-बोंगा की पूजन किये। सरना समिति के तत्वावधान में प्रखंड के सभी नौ पंचायत के सरना समिति के सांस्कृतिक दल उपस्थित होकर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा कटियाडीह से शुरू होकर नावागांव, पाठकडीह, सुभाष चौक राहे होते हुए भगतसिंह चौक गोमदा पहुंची। शोभायात्रा पुनः काटियाडीह वापस लौटी। शोभायात्रा में एक दूसरे को गुलाल लगा कर त्यौहार की बधाई दी गई। आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक परिधान में ढोल नगाड़ों के थाप में नृत्य करते हुये झारखंडी लोक संस्कृति का जीवंत झांकी प्रस्तुत किया। महोत्सव में प्रखंड के सभी मुखिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शोभायात्रा में काफी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

## अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य

### आज भगवान भुवन भाष्कर को दिया जाएगा अर्घ्य



प्रातः आवाज

**रातू।** चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को अस्ताचलगामी सुर्य को अर्ध्य अर्पित किया गया। वहीं सोमवार को उदयाचलगामी सुर्य को अर्ध्य दी जाएगी। छठ महापर्व को लेकर रातू बडा तालाब और पिर्रा तालाब में काफी भीड देखी गई। फन कैसल पार्क व शिवशंकर परिवार की ओर से छठव्रतियो के लिए तालाब परिसर में लाईट की व्यवस्था की गई है। वहीं छठव्रतियो को कोई परेशानी ना हो इसके लिए प्रशासन की ओर से भी तालाब परिसर में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात थी।सोमवार को सुबह उदयाचलगामी सुर्य को अर्ध्य देने के साथ ही चार दिनो से चला आ रहा चैती छठ पूजा का समापन हो जाएगा।

## समाचार सार

### चैती दुर्गा पूजा की आज खुलेगी पट

**रातू (प्रातः आवाज)।** चैती दुर्गा पूजा के मौके पर महासप्तमी के दिन सोमवार को नवपत्रिका पूजन के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया जाएगा। मां दुर्गा के पट का अनावरण रातू किला की राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी करेगी। ज्ञात हो कि रातू का यह प्राचीन बजरंगबली मंदिर में आजादी काल से ही हुनमान जी की पूजा की जा रही है। इस मंदिर परिसर में रामनवमी के दिन रातू प्रखंड के दर्जनों गांवो के झंडो का मिलन होता है। सभी गांवो के रामनवमी जुलूस का मिलन स्थल भी यही है। चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी पूजा समिति में मुख्य रूप से राजकुमार, प्रदीप साहू, हरि साहू,संजय गुप्ता,संजय साहु, गुड्डु साहू, सोनू साहू, सुदामा प्रसाद सहित कई लोगों का विशेष योगदान है।

### भुरसुडीह गांव में सरहुल पर्व संपन्न




**सोनाहातु (प्रातः आवाज)।** प्रखंड अंतर्गत पंडाडीह पंचायत के भुरसुडीह गांव में रविवार को आदिवासी परिवार के तत्वावधान में सरहुल पर्व धुमधाम से मनाया गया। मुण्डा सुसून दुरांग दल सिगिद विरडीह और आदिवासी परिवार द्वारा जादुर नृत्य प्रस्तुत किया गया। महोत्सव में मुख्य रूप से भोलेश्वर सिंह मुण्डा, राजकिशोर सिंह मुण्डा,मनोहर सिंह मुण्डा,उदारकान्त सिंह मुण्डा, प्रकाश सिंह मुण्डा,मनसा सिंह मुण्डा, रथु सिंह मुण्डा, हीरालाल सिंह मुण्डा आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिरसा मुण्डा, अनिल मुण्डा, राजेश मुण्डा, गोपाल मुण्डा, नेपाल मुण्डा, छोटु मुण्डा, रतन मुण्डा आदि का अहम योगदान रहा।

### बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर संविधान की रक्षा की जाए : भंते जैनेन्द्र तथागत

**रातू (प्रातः आवाज)।** बुद्धा नर्सिंग कॉलेज बिजुलिया रातू में रविवार को डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय बुद्धिस्ट सोसायटी महासंघ के अध्यक्ष भंते जैनेन्द्र तथागत ने कहा कि आजादी के 76 साल बाद भी बाबा साहेब द्वारा उठाये गए मुद्दे प्रसांगिक है। छुआछुत,गैर बराबरी,भेदभाव आदि। हमें देश से इन सभी भेदभावो को मिटाना है।जैनेन्द्र तथागत ने कहा कि हम सभी को आज बहुत जरूरी है कि बाबा साहेब की बताए मार्ग पर चलकर देश की संविधान की रक्षा की जाए। इससे पहले बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर कॉलेज के छात्रो ने बाबा साहब के देश के लिए दिए गए बहुमूल्य योगदानों को लेकर नाटक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर निदेशक प्रियांशु कुमार, प्राचार्य संध्या खलखो, प्रबंधक हिमांशु सिंह, आशीष कुमार, निकिता कुजुर, हिना परवेज, प्रतिभा केरकेट्टा, निधि पाठक, दीपक रजक, परमेश्वर महतो, कुन्दन कुमार, साकिब आलम, जुगनू कुमार, शांति, गीता, सौरभ, अर्पिता, लक्ष्मी, सपना, रविन्द्र, प्रियंका, सरोज, प्रदीप, मनिता, घनश्याम, अभिषेक, प्रीति सहित अन्य उपस्थित थे।

### रामनवमी जुलूस को लेकर राम जी पांडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**रांची (प्रातः आवाज)।** श्री रामनवमी के उत्सव पर रविवार को लालगंज और टाटीसिल्वे के राम भक्तों द्वारा शिव मंदिर टाटीसिल्वे में रामनवमी जुलूस से संबंधित श्री रामजी पांडे के अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। इस रामनवमी जुलूस को भव्य तरीके से संचालन करने हेतु सभी राम भक्तों द्वारा कमेटी का गठन किया गया, जिसका नाम श्री महावीर मंडल लालगंज टाटीसिल्वे रांची कमेटी रखा गया है। जिसका संरक्षक श्री राम, पांडे, चिंतामणि साहू, यदुवीर सिंह राजन साहू को बनाया गया तथा मुख्य सलाहकार श्रीमन नारायण शर्मा, परशुराम सिंह, श्री प्रेमचंद महतो जी को बनाया गया कोषाध्यक्ष के रूप में श्री राजकुमार सिंह जी श्री विनोद तिवारी जी श्री संतोष कुमार सिंह जी को बनाया गया सभी सदस्य के सर्व सहमति से कमेटी चलाने हेतु मुख्य संचालक के रूप में संजीत सिंह पूर्व सैनिक तथा कर्नल श्री वीरेंद्र सिंह जी को बनाया गया सक्रिय सदस्य के रूप में श्री दिनेश महतो जी अमेरिका प्रसाद साहू जी श्री शैलेंद्र सिंह जी श्री अवधेश सिंह जी श्री शैलेश मिश्रा जी श्री मोहन शर्मा जी श्री सत्यजीत सिंह जी श्री राणा विकास जी श्री अरविंद कुमार उर्फ सुखुजी श्री डब्लू सिंह जी हरि सिंह जी श्री दिलीप कुमार यादव जी श्री विजय मुंडा जी श्री बृजेश सिंह जी सिंह जी लोक छोटी है खाली सिंह हो रहा है श्री संतोष शर्मा जी श्री रोशन शर्मा जी श्री विजय राम जी श्री उदय सिंह जी श्री मदन सिंह जी श्री धर्मेंद्र कुशवाहा जी श्री टुनटुन तिवारी जी जेपी सिंह जी श्री अजय सिंह टीटी श्री सुबोध जी श्री विनय सिंह जी को बनाया गया सभी सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर राम भक्त श्री संजीत सिंह पूर्व सैनिक ने यह बताया कि सनातन धर्म का हर समय रक्षक के लिए श्री महावीर मंडल लालगंज टाटी सिलवे का गठन किया गया है इस क्षेत्र में हर समय सनातन धर्म के लिए रक्षक और कवच का काम यह संगठन करेगा सभी राम भक्त का एक ही नारा जय श्री राम जय श्री राम, सूरेंद्र शर्मा व अन्य शमिल थें।

### रांची लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



**खलारी (प्रातः आवाज)।** रांची लोकसभा चुनाव निमित्त भाजपा खलारी मंडल के सभी कार्यकर्ताओं की एक बैठक मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं मंडल प्रभारी पूर्व विधायक कांके विधानसभा क्षेत्र तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री डॉक्टर जीतू चरण राम की अध्यक्षता में रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक से पूर्व भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आज के दिन को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया। बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री प्रीतम साहू, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज गुप्ता, प्रदेश किसान मोर्चा के विकास दूबे, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, वरिष्ठ नेता शशि भूषण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत रजक, आनंद झा, वरिष्ठ नेत्री किरण देवी, जिला पार्षद सरस्वती देवी, रामप्रवेश नायक, दिलीप पासवान, ललित साव, संजीत तुरी, ममता केसरी, अनीता सिंह, नीरा देवी, दीपशिखा देवी, कविता देवी, रेनू देवी, सुनीता देवी, अनीता पासवान, जितेंद्र भारती, दिनेश प्रसाद गुप्ता, मिथलेश प्रजापति, कमलेश महतो, आलोक सिंह, भरत प्रजापति, अनिल तुरी, सुनीता देवी, हरी पहन, मोहम्मद जफरुद्दीन, महफूज अंसारी, प्रदीप ठाकुर, संतोष रजक, रत्न लाल, रामधारी गांधी, भोला गांझु, प्रदीप सिंह, आनंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## जी लर्न ग्रुप के किड्जी स्कूल का हुआ उद्घाटन



**बुढ़मू (प्रातः आवाज)।** जी लर्न ग्रुप के किड्जी स्कूल का उद्घाटन रविवार को पिठोरिया में किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि झारखंड के अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश, डीएवी भागलपुर के सेवानिवृत्त प्रचार्य सुदर्शन प्रसाद,किड्जी ईस्टर्न जोन के मार्केटिंग मैनेजर देवप्रिय दास,निश्चल मेमोरियल स्कूल के निदेशक उमेश केशरी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस विद्यालय के शुरू होने से इस क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के लिए काफी मदद होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ खेलकूद, योग व संस्कार युक्त शिक्षा भी प्रदान किया जायेगा। उद्घाटन के दिन कई बच्चों का निःशुल्क नामांकन भी किया गया। मौके पर अनिल केशरी, मोनिका प्रसाद, संजीत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# विधायक ने पकरियों में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर की बैठक

प्रातः आवाज



**चान्हो।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखंड सरकार की अत्यंत लाभकारी और महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार, घोटाला और घपलेबाजी स्वीकार नहीं है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता और भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है तो सख़्त कार्रवाई की जायेगी। रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान चान्हो प्रखंड के ग्राम पकरियों में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए आम लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। श्रीमती तिर्की ने विशेष रूप से अबुआ आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, पेयजल जैसी विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के कारण विकास की अनेक योजनाओं और कार्यों पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन चुनाव के बाद सभी लाभकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में गति आयेगी।

मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, पंचायत अध्यक्ष पंचू उरांव, मुखिया शिवा उरांव एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## एसीसी उच्च विद्यालय में मनाई गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

प्रातः आवाज



**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह एवं प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं डॉ अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। प्रशासक महोदय ने बच्चों से कहा कि बाबा साहेब की जयंती का दिन हमें डॉक्टर अंबेडकर के असाधारण योगदान की याद दिलाने के साथ-साथ समानता और सामाजिक न्याय के लिए हमारी निरंतर यात्रा पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है। इस बीच दशम वर्ग के विद्यार्थी सतीश कुमार चौहान, माही कुमारी, आंचल, नैतिक केसरी ने भी अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला।

## छठ व्रतियों ने दिया अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य



**तमाड़ (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र के तमाड़ एवं सारजमडीह में रविवार को चैती छठ लोक महापर्व के तीसरे दिन रविवार को व्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं सोमवार को व्रतियों द्वारा उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों के पारण के साथ चार दिवसीय छठ लोक महापर्व का संपन्न होगा।

# पहाड कंडरिया में देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान भव्य कलश यात्रा निकाली गयी

प्रातः आवाज



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना अन्तर्गत पहाड़कंडरिया गांव में देवी मंडप मंदिर जीर्णोद्धार के बाद दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। देवी मंदिर समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले दिन भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा के दौरान जितिया बगीचा के निकट कुएं से पवित्र जल उठाया। वेद मंत्रोच्चार के बीच आचार्य नित्यानंद पाठक एवं निकुंज पाठक ने धार्मिक अनुष्ठानों के बीच विधिवत रूप से यजमानों के रुप में पति-पत्नी क्रमशः महेश राम-निकिता कुमारी, अरुण सिंह-पूजा देवी, अक्षय सिंह-शैलजा देवी, ब्रजनाथ राम-पुनीता देवी, रविंद्र गोप-सविता देवी, राजेन्द्र गोप-पूनम देवी, कुंवर सिंह-वैदेही देवी, नंदलाल सिंह-ललिता देवी, कुलदीप राम संजू देवी ने सभी धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। इस मौके पर धर्म ध्वज की स्थापना की गई। देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कुमोद कुमार वर्मा, सचिव बिगलु उरांव तथा कोषाध्यक्ष कलिन्द्र गोप के नेतृत्व एवं अगुवाई में कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विजय सहाय ने किया। इस मौके पर घंट, शंख, पारंपरिक ढोल नगाड़ों की प्रतिध्वनि के बीच देवी मां सहित जय श्री राम, हर-हर महादेव जैसे नारों और भक्ति संगीत के बीच नृत्य कर श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सेवानिवृत्त डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत अपने समर्थकों के साथ धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के दौरान भाग लेने पहुंचे। मौके पर बजरंग साहु, राजकुमार गुप्ता और अशोक सिंह भी पहुंचे और कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दशरथ गोप, रविंद्र गोप, तरुण सिंह, राजेश गोप, कृष्ण उरांव, कुलदीप राम, अभिषेक सिंह, अर्जुन सिंह, पूनम देवी, अजय महतो, रामकेश्वर राम, आशा देवी, पूजा सिंह, सुनीता कुमारी, अंजली देवी, सोनिया देवी, पूनम वर्मा, रेणु देवी, रितु कुमारी, सुनीता देवी, आभा देवी, पवन गोप, चंदर गोप, रविंद्र गोप, गंगा पाहन, फिकवा महतो, महेश राम, एतवरिया उराईन, अनिता देवी, संजू देवी, कृष्णा राम, जोगेंद्र राम सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## समाचार सार

### बाबा साहब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे थे : सुदेश महतो



**रांची (प्रातः आवाज)।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रविवार को सामाजिक न्याय के प्रणेता और भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महतो ने सिल्ली में अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान महतो ने कहा कि बाबा साहब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहब ने समाज में वर्ग के विभाजन को तोड़ सबको संविधान में समान अधिकार दिया है। आज पुनः उनके कथन और मार्गदर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। शोषितों, वंचितों को उनका हक व अधिकार मिले यह हमारी प्राथमिकता है। सुदेश कुमार महतो इसके बाद अंबेडकर ग्राम विकास समिति सिल्ली द्वारा आयोजित जयंती महोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि आज देश के लिए बाबा साहब के सपनों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है। संविधान निर्माण व समाज सुधार में उनके द्वारा किए गए प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से डॉ. अंबेडकर के आदर्शों से सीख लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### झामुमो ने अंबेडकर जयंती पर किया धरना प्रदर्शन



**रांची (प्रातः आवाज)।** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पर संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झामुमो ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने आयोजित किया। केंद्र सरकार और भाजपा के संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ यह धरना आयोजित हुआ। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद करते हैं क्योंकि भारत का जो अपना संविधान है नियम है, कानून है और उसी के तहत लोकतंत्र है। इस वक्त मे बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि जो है वो इस संविधान में दिए गए अधिकार, बोलने का अधिकार जीने का अधिकार और उसके साथ जो लगातार खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का जो सत्ता पक्ष है वो इस संविधान को खत्म करना चाहते है, जिसके विरोध में हम यहां शांतिपूर्वक लोकतांत्रिक तरीके से धरना पर बैठे हैं। संविधान विरोधियों के लिए यह धरना प्रतिवाद है और बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि भी है।

### कांग्रेस भवन में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**रांची (प्रातः आवाज)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने रविवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक नवजागरण का अग्रदूत बताते हुए उनके जीवनी पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सदियों से शोषित-दलित मानव के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित था। वे समाज में व्याप्त रूढ़िवादी और विषमता को समूल समाप्त करने के लिए जीवन-पर्यन्त संघर्ष करते रहे। बाबा साहब एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ और राष्ट्रीय नेता थे। उन्होंने अपने पीछे भारत के संविधान के रूप में एक मूल्यवान विरासत छोड़ी है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता सोनाल शांति, निरंजन पासवान, केदार पासवान, सहदेव राम, राजू राम, जगरनाथ साहू, विशिष्ट लाल पासवान, रमेश पाण्डेय, रंजीत बाउरी, भूषण कुमार सहित अन्य नेताओं ने बाबा साहब अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### कमड़ा की ग्रामसभा ने शुरू की जंगलों को बचाने की मुहिम



**रांची (प्रातः आवाज)।** तोरपा प्रखंड के ग्रामीणों ने उजड़ रहे जंगलों को बचाने की अच्छी पहल शुरू की है। कमड़ा की ग्राम सभा ने कमड़ा जंगल को हर हाल में बचाने का निर्णय लिया। जगलों के पेड़ों की कटाइ पर पूरी तरह रोक लगा दी गई और पेड़ों की कटाइ करने वालों को कठोर दंड दिया जायेगा। समाजसेंवी जयमंगल गुड़िया के नेतृत्व में ग्राम प्रधान धनी गुड़िया, सभा अध्यक्ष बिरसा तोपनो, दुलारी बरला, सुलेमान गुड़िया, मुनुरेन बरला आदि की जंगल के पास साइन बोर्ड लगाकर लोगों से जंगल की रक्षा करने की अपील की। इस संबंध में जयमंगल गुड़िया ने कहा कि आखिर लोग कब जंगलों के महत्व को समझेंगे। उन्होंने हि कि जंगलों का विनाश नहीं रुका, तो मानव जाति का भी विनाश तय है।

# संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार डॉ अंबेडकर का जीवन प्रेरणा स्रोत : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

प्रातः आवाज



**रांची।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश और समाज के लिए उनके योगदान पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के लिए सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं। शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहेब का जीवन हम सभी के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं। हम उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब एक महान देशभक्त, समाज सुधारक एवं महान शिक्षाविद् एवं राजनीतिज्ञ के रूप में याद किये जाते रहेंगे। भारत का एक-एक नागरिक उनके योगदान पर गौरवान्वित महसूस करता है।

**बाबा साहब के सपनों का भारत गढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : अमर बाउरी**

महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनाएं झेली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब के सपनों का देश गढ़ने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

## महिला जनप्रतिनिधि पर हमला कर रहे झामुमो के गुंडे : बाबूलाल मरांडी

प्रातः आवाज

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गीता कोड़ा पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की गुंडागर्दी करार दिया है। उन्होंने कहा कि अपनी हार की निश्चितता देख कर झामुमो के नेताओं और कार्यकताओं ने गीता कोड़ा और उनकी सहयोगियों पर चुनाव प्रचार के दौरान जो कायराना हमला किया है उसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दरअसल झामुमो और उनके सहयोगी दलों को पता है कि वे चुनाव में भाजपा के खिलाफ बुरी तरह हार रहे हैं और इसी कुंठा में भाजपा के जुझारू कार्यकताओं पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा का दावा करने वाली झामुमो की सरकार के गुंडे जब महिला जनप्रतिनिधि पर हमला करते हुए नहीं डर रहे हैं तो जरा सोचिए की राज्य में जनता की क्या हालत होगी? ये हमला सिर्फ गीता कोड़ा पर ही नहीं, बल्कि सिंहभूम की जनता पर भी है जो गीता कोड़ा को अपना नेता मान चुकी है और सिंहभूम की जनता इसका सही जवाब देगी। उन्होंने कहा कि सरायकेला मुख्यमंत्री का गृह जिला भी है और इस कृत्य में उनकी भी संलिप्तता का हमें संदेह हैं। जबसे गीता कोड़ा भाजपा में शामिल हुई हैं और प्रदेश सरकार की नाकामियां और भ्रष्टाचार पर मुखर रूप से बोलने लगी हैं उस दिन से हेमंत सोरेन और उनकी षड्यंत्रकारी कोटरी ने पहले सोशल मीडिया पर और अब सामने से हमले शुरू कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस भी इन उपद्रवियों को रोकने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से आग्रह करते हुए कहा कि इस घटना का संज्ञान ले और तुरंत करवाई करें।

# विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि प्रदान करेगा भाजपा का संकल्प पत्र

- पूरी होंगी देश की आकांक्षाएं और जरूरतें : संजय सेठ

प्रातः आवाज



**रांची।** भाजपा के द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र पर रांची के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि यह संकल्प पत्र भारत की आकांक्षाओं, सपनों और जरूरतों को पूरा करने वाला संकल्प पत्र है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर तैयार हुए इस संकल्प पत्र में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें कई ऐसी बातें हैं, जिससे सीधा झारखंड का कनेक्शन है। श्री सेठ ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने पर्यटन और होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने की बात कही है। विशेष रूप से झारखंड और रांची जैसे क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने से न सिर्फ लोग हमारी संस्कृति को जान सकेंगे, बल्कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे आदिवासी परिवारों के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। इसके अलावे पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कड़ा कानून बनाने से उन युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा, जो अपने भविष्य के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। झारखंड जैसे राज्य में हाल फिलहाल में पेपर लीक जितनी घटनाएं हुई हैं, उससे युवाओं का मनोबल टूटा है। यह संकल्प पत्र युवाओं के मनोबल को भी बढ़ाएगा। उनका भविष्य सुरक्षित करेगा।

भाजपा के संकल्प पत्र में कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रही महिलाओं के इलाज की बात कही गई है। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को आयुष्मान जैसी योजना से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। इन दोनों ही वर्गों की जमा पूंजी अब सुरक्षित रहेगी। महिलाओं को खेल में प्रोत्साहन देने से झारखंड की महिला खिलाड़ियों को और भी प्रोत्साहन मिलेगा। इनका भी भविष्य उज्जवल होगा। रांची और झारखंड का वैश्विक पटल पर मान बढ़ेगा। श्री सेठ ने कहा कि लोकसभा में उन्होंने एक देश एक कानून की मांग की थी। यह भाजपा के एजेंडे में शुरू से शामिल रहा है। हमने एक देश एक कानून को अपने संकल्प पत्र में शामिल किया है। इससे देश में समानता आएगी। वन नेशन वन इलेक्शन जैसे संकल्प के सिद्ध होने पर देश की जनता की अनावश्यक खर्च के बोझ बच सकेगी। श्री सेठ ने इसे विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला संकल्प पत्र बताया है।

### ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत एक घायल

**खूंटी (प्रातः आवाज)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रांची रोड पिपराटोली के पास रविवार की सुबह रांची से खूंटी की तरफ आ रहे ट्रक की चपेट में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गयी और एक की स्थिति गंभीर है। जिसमें ट्रक संख्या जेएच10सीक्यू 6133 के द्वारा खूंटी सोसोटोली निवासी अजीत राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अजीत राम बाजार टांड़ में अजीत फ्लावर के नाम से फूल दुकान चलाते हैं वे फूल लाने के लिए खूंटी से रांची अपनी स्कूटी श्यामलाल गुप्ता के साथ जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक की चपेट में आ गये जिससे घटना घटित हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर जाकर शव को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही शव का पंचनामा लिखकर अन्त्यपरिक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया तथा ट्रक को थाना ले आयी और केस दर्ज किया। घायल श्यामलाल गुप्ता को सेवासदन रांची में भर्ती किया गया है।

### हनुमान जी की प्रतिमा का अभिनन्दन के साथ किया गया स्वागत



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** नवरात्र के शुरू होते ही खूंटी का माहौल धार्मिक मय होता जा रहा है। वहीं जैसे जैसे रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा निकट आते जा रहा है। वहीं अयोध्या में श्री रामलला विराजमान हुए उसका इस बार लोगों में अलग ही उत्साह है। हर तरफ पूजा पाठ के साथ साथ नये मंदिरों का उद्घाटन व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने लगा है। कहीं कलश यात्रा तो कहीं अनुष्ठान पूजा-पाठ कर रहे हैं। इसी बीच खूंटी के बेलाहाथी रोड में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति स्थापित करने के लिए आकर्षक प्रतिमा को धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ मंदिर तक लाया गया। भगवान के मूर्ति का स्वागत व अभिनन्दन करने के लिए हिंदू महिला व पुरुष उमड़ पड़े। और विधि-विधान के साथ मूर्ति लाया गया। रांची रोड बेलाहाथी मोड़ के पास से बैण्ड बाजे की भक्तिमय धून पर महिलाएं व पुरुष खूब झूमे व शोभायात्रा की शक्ल पर भजन गाते नाचते मंदिर प्रांगण तक पहुंचे। जिस मंदिर उद्घाटन के साथ श्रीराम भक्त हनुमान जी की आकर्षक प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा किया जाएगा। इसके लिए आज बेलाहाथी रोड से कलश यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया जाएगा। वहीं उक्त कार्यक्रम में बेलाहाथी रोड मुहल्ला के भारी संख्या में लोग शामिल थे।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की विसर्जन शोभायात्रा 18 को निकाली जाएगी



**रांची (प्रातः आवाज)।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब षष्ठी (बेलवरन) का आमंत्रण सोमवार शाम को 04.40 बजे होगा। 16 अप्रैल को महाष्टमी पूजन, संधि बलि, पुष्पांजलि एवं नवकन्या पूजन होगा। 501 किलो लड्डू चढ़ाया जाएगा। भजन मंडली का आनंद भी भक्तों को मिलेगा। 17 अप्रैल को प्रातः नौ बजे नवमी पूजन होगा। रामनवमी शोभायात्रा में महासमिति के सदस्य श्रीमहावीर मंडल के पदाधिकारियों के साथ प्रस्थान करेंगे। 18 अप्रैल को पूजा प्रांगण में हवन के पश्चात प्रातः 10 बजे से विशाल महाभंडारा का आयोजन होगा। दोपहर तीन बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। विसर्जन शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि में श्री रामलला की स्थापित प्रतिमा का जीवंत झांकी का प्रदर्शन होगा। मुख्य संरक्षक उदय साहू रविवार को प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को नवपत्रिका आगमन एवं सुबह 7:35 बजे सर्वदेव पूजन एवं माता की प्राण प्रतिष्ठा होगी। पूजा पंडाल का पट पदाधिकारियों की उपस्थिति में सुबह 9:30 बजे सभी के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि झारखंड के प्रसिद्ध भजन गायक विक्की छाबड़ा के मधुर भजनों का कार्यक्रम होगा। रांची तथा रांची के ग्रामीण क्षेत्र के अखाड़ेधारी झंडाधारी, ढोल नगाड़ा, अस्त्र-शास्त्र, भजन मंडली, छउ नृत्य कलाकार इसमें दिखेंगे। पारंपरिक शोभा यात्रा में हाथी, घोड़ा आदि भी साथ रहेंगे। इसे निर्धारित रूट से जिला प्रशासन की देख रेख में ले जाया जाएगा, रात्रि 11:00 से 12:00 के बीच जेल तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

# राजेश ठाकुर ने भाजपा के मेनिफेस्टो को संविधान बदलो दस्तावेज बताया

प्रातः आवाज



**रांची।** भाजपा के संकल्प पत्र को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने ₹संविधान बदलो पत्र₹ का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र एक छलावे के समान है यह जनता के हितों के लिए संकल्प पत्र नहीं बल्कि देश के संविधान को बदलने के लिए भाजपा द्वारा लिया गये संकल्प का दस्तावेज है। ठाकुर ने रविवार को कहा कि प्रपंच और प्रोपेगेंडा भाजपा की चुनावी रणनीति का एक हिस्सा है जो वह पिछले 10 सालों से जनता के साथ करते आ रही हैं। लेकिन जनता इस बार उनके छलावे और बहकावे में नहीं आने वाली है। भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेकर प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर से आदिवासी समुदाय को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि भगवान बिरसा मुंडा के पदचिन्हो पर चलने वाले आदिवासी समुदाय के सरना धर्म कोड की मांगों के बारे में अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। जबकि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड लागू करने का विधेयक भी पास करके केंद्र सरकार के पास भेज दिया है। आदिवासी समुदाय से आने वाले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने वाले प्रधानमंत्री को आदिवासी समुदाय के हितों की बात करना शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता के हितों के लिए भाजपा कितनी सजग है यह इससे पता चलता है कि उनके इस पूरे घोषणा पत्र मे जुमलेबाजी के सभी शब्द शामिल है लेकिन जनता ₹महंगाई और बेरोजगारी₹ के जिन मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है । वही शब्द इस घोषणा पत्र में नहीं है। झूठ के ऐसे पुलिंदे पत्र को देश का युवा,किसान,महिला सहित समाज के सभी अन्य वर्ग पूरी गंभीरता से परखेंगे। इसमें ना ही रोजगार की,ना ही किसानों की, ना ही महिलाओं के अधिकार की उनकी सुरक्षा की, ना ही गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले जनता को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने की बात की गई है।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# अध्यक्ष, सचिव सहित नयी टीम को दिलायी गयी पद की शपथ

- सभी अतिथियों को दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा देकर किया गया सम्मानित

प्रातः आवाज






**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा की ओर से सत्र 2024-2025 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अग्रसेन पथ अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, विशेष अतिथि पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, झारखंड प्रांत मंडलीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। सभी अतिथियों को दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के 10 पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी, मुकेश जालान, प्रभात साबू, राहुल अग्रवाल, मुकेश काबरा, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश जाजोदिया, विशाल पाडिया, मनीष लोधा, दीपक गोयनका, विकाश अग्रवाल एवं निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही शहर की अन्य कई सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सचिव भी मौजूद थे। इस शपथ ग्रहण समारोह का संचालन मुख्य रूप से सुभाष पटवारी ने किया। इस समारोह में युवा आशीष अग्रवाल को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गयी। युवा सोनित अग्रवाल को सचिव एवं युवा स्पर्श चौधरी को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गयी। नीरज अग्रवाल, उमंग सुल्तानिया, विकास अग्रवाल को उपाध्यक्ष पद की एवं अभिषेक जालान और निकुंज पोद्दार को सह सचिव पद की शपथ दिलाई गयी। इसके साथ ही 16 अन्य सदस्यों को नई कार्यकारिणी के रूप में शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने नई टीम को दुपट्टा पहना कर बधाई दी एवं आगे आने वाले कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में मौजूद पूर्व उपमहपौर संजीव विजयवर्गीय एवं प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने अपने कई अनुभवों को साझा किया एवं नई कार्यकारिणी का और सभा में मौजूद बाकी तमाम सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। मारवाड़ी युवा मंच के अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहभागिता दी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती, संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने रांची मारवाड़ी युवा मंच की नयी ऊजार्वान युवा टीम को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उक्त जानकारी मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

# अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही होगा समता मूलक समाज की संरचना : अविनाश देव





प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर :** संविधान निमार्ता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में उत्साह व सादगीपूर्ण मनाई गई। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उपप्राचार्य एस.वी. साहा समन्वयक रिजवाना प्रवीण, अमरेंद्र सर श्याम सर ललन प्रजापति व अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित किया। वहीं कई बच्चे जैसे प्रणीत, अमित, रौनक, जूही, वारिस व अन्य को संविधान की पुस्तक भी भेंट की गई। मौके पर बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए श्री देव ने भीमराव आंबेडकर के जीवन से लेकर उनके कार्य क्षेत्र व उनकी उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि आंबेडकर ने जाति प्रथा का पूर्ण रूप से उन्मूलन कर इंसानियत की नींव रखी। उनमें गांधी का सपना और महात्मा बुद्ध की करुणा दोनों थी। अंबेडकर संविधान निमार्ता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद् व समाज सुधारक भी थे साथ ही इन्होंने कहा की अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही होगा समता मूलक समाज की संरचना इसीलिए बाबा भीमराव के विचारों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

## महापुरुषों का सम्मान सिर्फ नरेंद्र मोदी ही दे रहे हैं : भोला पांडेय



**पलामू :** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत शाहपुर हरिजन मुहल्ला गढ़वा रोड में संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के 33वां जयंती के पावन अवसर पर विशाल कार्यक्रम एवं प्रोसेशन निकला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विकास पुरुष सांसद बीडी राम के प्रतिनिधि भोला पांडेय कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि ने कहा की बाबा साहेब एक व्यक्ति नहीं विचार थे । बाबासाहेब ने बहुत ही संघर्ष से शिक्षा ग्रहण किए थे। अपने कार्यों के बदौलत देश के संविधान का निर्माण कर दबे कुचले तथा महिलाओं के सम्मान उत्थान के लिए तथा पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर चलने के लिए संविधान बनाने का कार्य किए थे। हम सभी को भी बाबा साहेब के बनाए हुए रास्ते पर एवं उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना भेदभाव के सभी महापुरुषों को उचित सम्मान देने का कार्य किया है। आज इस क्षेत्र के युवाओं के उत्साह को देखकर मुझे भी बहुत ही प्रशंसा हो रही है। आने वाले समय में इस क्षेत्र का नाम हम लोग अंबेडकर नगर के रूप में विकसित करने का कार्य करेंगे। मौके पर उपस्थित विकास पासवान, नंदलाल मोची, सिकंदर मोची, जितेंद्र, रवि, छोटू रवि दीनानाथ, रवि राकेश, रवि गुड्डू, रवि गौतम, रवि बैजनाथ, रवि गोविंद रवि, धर्मेंद रवि मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल एवं अन्य थे।

## मिशन समृद्धि संस्था ने सत्तू और गुड़ का किया वितरण



प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर :** सत्तूवान पर्व के अवसर पर मिशन समृद्धि संस्था ने रोटी सब्जी के जगह पर सत्तु और गुड़ का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वाले और शनि मंदिर परिसर में हमेशा की तरह उक्त सामाग्री वितरण किया गया। सबों के चेहरे पर खुशी थी, उन्हें भी पर्व मनाने का अहसास हुआ और संस्था के सभी सदस्यों को भी उन्हें खुश देख संतुष्टि मिली। समाज के संपन्न वर्ग की जिम्मेदारी भी है कि ऐसे कार्यों में सहयोग न भी करें तो खुद से भी जरूरतमंदों के बीच जाकर उनके बीच थोड़ी सी खुशियाँ जरूर बांटें। इस प्रकरण में मेदिनीनगर के नागरिकों की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम होगी। पूरी टीम उनका आभार और अभिनंदन करती है। इस कार्य में सराहनीय योगदान के लिए अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार, ऋषि कुमार एवं अन्य सहयोगियों का भी धन्यवाद।

## बच्चों की सुरक्षा को लेकर अविनाश देव ने संत मरियम स्कूल बस के चालक व सह चालकों के साथ की बैठक

प्रातः आवाज



**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय में नए सत्र प्रारंभ होते ही बच्चों के उत्कृष्ट शिक्षा को लेकर विद्यालय के व्यवस्था में कई बदलाव व नई चीजों को शामिल भी किया जा रहा है, चाहे वह श्रेष्ठ शिक्षकों को नियुक्त करना हो या फिर क्लास रूम मे डिजिटल बोर्ड, लाइब्रेरी या प्रैक्टिकल लैब जैसे कई अन्य चीजों को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वैसे में हम बच्चों के सुरक्षा को कैसे नजरअंदाज कर सकते हैं। इसी बीच बस चालको व सह चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन एवं बस में लगाए गए नई टेक्नोलॉजी जैसे जीपीएस, सीसीटीवी व अन्य चीजों से संबंधित जानकारी के लिए विद्यालय सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने चालाक व सह चालकों को विद्यालय के अभिन्न परिवार एवं बच्चों के सुरक्षा के सबसे बड़ी जिम्मेवार बताते हुए कहा कि बच्चों के शिक्षा से पहले उनकी सुरक्षा का प्राथमिकता देना होगा। भले ही बच्चों को स्कूल या घर पहुंचने में विलंब हो सकती है, लेकिन सुरक्षित पहुंचाना हमारा दायित्व है, साथ ही साथ उन्होंने गाड़ी को नियंत्रित चलाने व ट्रैफिक नियमों से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दिए। अंततः इन्होंने कहा कि जिस तरह बच्चों के सुरक्षा का जिम्मेवार आप हैं उसी तरह चालकों व सह चालकों को स्वस्थ रखना भी विद्यालय परिवार की जिम्मेवारी है। इसलिए उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित इन्हे ट्रीटमेंट कराने का घोषणा भी किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श सहित सैकड़ो चालक व सह चालक मौजूद रहे।

## रामनाथ चंद्रवंशी बने पलामू इंडिया गठबंधन के समन्वयक



प्रातः आवाज

**पलामू :** इंडिया गठबंधन पलामू लोकसभा की विस्तारित बैठक मेदिनीनगर स्थित राजमहल मैरिज हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने किया। मंच का संचालन राजद पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने किया।

बैठक में गौतम सागर राणा पलामू लोकसभा चुनाव प्रभारी सहित संजय कुमार सिंह यादव राजद प्रदेश अध्यक्ष सीपीआईएमएल के प्रतिनिधि रामराज पासवान धीरेंद्र कुमार सिंह, अधिवक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज सिंह गढ़वा, जिला अध्यक्ष ममता भुईयां, इंडिया गठबंधन पलामू लोकसभा कैलाश यादव , मीडिया प्रभारी राजद झारखंड रामदेव प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ झारखंड विश्वनाथ राम, प्रदेश महासचिव कमलेश कुमार यादव, प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम, प्रदेश महासचिव राजेश रोशन, प्रदेश महासचिव रंजन कुमार सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष युवा रजत झारखंड एस एम शाहनवाज प्रदेश महासचिव ईश्वरी महतो, केदार यादव जिला अध्यक्ष, युवा राजद पलामू सैयद समी अहमद, रामनाथ चंद्रवंशी, अरुण कुमार चंद्रवंशी, विजय राम पूर्व प्रत्याशी छतरपुर विधानसभा, फैजल हक राशिद प्रदेश महासचिव, कैलाश यादव प्रदेश महासचिव उपस्थित थे। बैठक का प्रारंभ बाबा तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे भाजपा हटाओ सविधान बचाओ नारे के साथ हुई बैठक में प्रखंड जिला एवं प्रदेश स्तर के नेताओं ने अपने-अपने विचार रखें। सीपी आईएमएल के प्रतिनिधि रामराज पासवान ने ममता भुईयां को विजय दिलाने का संकल्प दोहराये। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुईयां ने गठबंधन के सहयोगी घटक दलों के उपस्थित जनों से चुनाव में विजय दिलाने हेतु अपील किया।

बैठक में सर्व समिति से निम्नलिखित फैसले लिए गए लोकसभा चुनाव को देखते हुए 14 अप्रैल को संगठन के अंदर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का जयंती मनाने का निर्णय लिया गया

- 21 अप्रैल को रांची स्थित तारा मैदान में इंडिया गठबंधन द्वारा आहूत रैली भाग लेने का निर्णय किया गया
- 24 अप्रैल को इंडिया गठबंधन उम्मीदवार ममता भुईयां द्वारा नामांकन दाखिल किया जाएगा,

रामदेव प्रसाद यादव वरिष्ठ अधिवक्ता के अध्यक्षता में पर्चा एवं ड्राफ्ट निर्माण समिति का गठन किया गया। राजद झारखंड के वरिष्ठ नेता रामनाथ चंद्रवंशी को इंडिया गठबंधन पलामू का समन्वयक मनोनीत किया गया। श्याम दास सिंह यादव को बूथ निर्माण निगरानी समिति पलामू एवं राजद गढ़वा जिला के वरिष्ठतम नेता जमरूद्दीन अंसारी को संयोजक मनोनीत किया गया।

इंडिया गठबंधन पलामू लोकसभा को संयोजक मनोनीत किया गया। परवेज शाहिद वरिष्ठ अधिवक्ता गढ़वा जिला को इंडिया गठबंधन गढ़वा जिला का समन्वयक मनोनीत किया गया।

## सुरक्षा समाज पार्टी के टिकट पर लक्ष्मी सिन्हा लड़ेंगी पटना साहिब से चुनाव



प्रातः आवाज

**पलामू :** सुरक्षा समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने पटना सिटी नौजर घाट स्थित चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा को पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए अपने हाथों से टिकट दिये। इस अवसर पर पहले उन्होंने भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा अर्चना कर आरती किया और लक्ष्मी सिन्हा पटना साहिब से अपनी जीत सुनिश्चित करें इसके लिए भगवान चित्रगुप्त से प्रार्थना भी किया। इस अवसर पर लक्ष्मी सिन्हा ने कहा कि मैं सपने में भी नहीं सोची थी कि मैं वार्ड का भी चुनाव लड़ूंगी, लेकिन आज सुरक्षा समाज पार्टी ने मुझे पटना साहिब से सांसद प्रत्याशी बनाया इसके लिए मैं हृदय से राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। आगे श्रीमती सिन्हा ने कहा कि अब बड़ी पटना साहिब के जनता जनार्दन की है कि वह मुझे कितना अपना आशीर्वाद देते हैं। अगर उनकी आशीर्वाद मिली तो मैं इस संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए संसद में आवाज उठाऊंगी और यहां के जनता का जो भी हक है मैं उसे वहां से लड़ कर लाऊंगी।

## पंचमी का गोल भव्य रूप से निकाला गया



**पलामू ।** श्री महावीर नवयुवक दल ( जेनरल ) अध्यक्ष पंकज जयसवाल के नेतृत्व में पंचमी का गोल भव्य रूप से निकला गया। जिसमे हजारों की संख्या में रामभक्त एवं झंडाप्रेमी शामिल हुए। पंचमी का गोल शिवाला घाट से शुरू होकर जोरावर राम गली से होते हुए तेली पट्टी फिर लाल कोठा से कन्नी राम चौक उसके बाद सतार शेठ चौक से विष्णु मंदिर होते हुए महावीर मंदिर पंहुचा जहां आरती करने के बाद वापस शिवाला घाट जाकर गोल समाप्त हुआ । इस दौरान गोल कई मुख्य चौराहो पर जमाया गया जहाँ लोगो ने लाठी डंडा गदका खेला । गोल में जेनरल के साथ साथ समाज कल्याण समिति ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान कई जगहों पर पानी एवं सरबत की व्यवस्था लोगो द्वारा की गयी थी । गोल जब मुस्लिम मोहल्ला पंहुचा तोह मुहर्रम इंतजामिया कमिटी के लोगो द्वारा गोल की कमान लेते हुए गोल को वहां से अच्छे से पार कराया गया । इस दौरान दोनों कमिटी के लोगो के बिच लाठी - डंडा खेल कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया । गोल के दौरान प्रसाशन भी सक्रिय रूप में दिखी । महावीर नवयुवक दल (जेनरल ) के अध्यक्ष पंकज जयसवाल ने कहा की हम अपनी वर्षो की परंपरा का निर्वाहन कर रहे है । हमारे पूर्वजो ने जो हमें सिखाया है हम चाहते है आने वाली पीढ़ी भी उसे सीखे और जाने ताकि यह परंपरा कभी टूटे ना बस इसी तरह सदैव बना रहे । मौके पर श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के पूर्व अध्यक्ष जुगल किशोर , प्रभात उदयपुरी ,अरविन्द अग्रवाल, श्यामजी चौधरी ,पप्पू लाठ ,उत्तम सिंह, विनय ओझा ,शशिकांत कुमार, बिट्टू कुमार,राजन सहाय ,चंद्रभूषण जयसवाल , अमृत अग्रवाल,धीरज कुमार, राजू कुमार,विक्रम सिंह , अविनाश कुमार राजा आदि शामिल थे।

## युवा बीसीसी क्रिकेट क्लब ने नाइट टूर्नामेंट फाइनल मैच का किया आयोजन



**पलामू ।** चैनपुर के पंचायत बोड़ी में युवा बीसीसी क्रिकेट क्लब के द्वारा नाइट टूनार्मेंट फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक प्रत्याशी विश्वास सिंह उर्फ गुडन जी एवं विशिष्ट अतिथि मुखिया मोस्तफा अंसारी ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किये। फाइनल मैच गाजिखाड़ एंव बीरबंधा के बिच खेला गया । जिसमें बीरबंधा ने 16 रन से विजय रहा। विधायक प्रत्याशी ने कहा की जब खिलाड़ी खेल खेलते हैं तो हमेशा भाईचारे के साथ खेले । अगर किसी तरह से कोई खिलाड़ी से मिस होता है तो छोटा भाई समझ कर माफ कर चाहिए। आपकी पहचान अच्छी खेल से ही बनता है । विशिष्ट अतिथि ने कहा जब भी पंचायत में कुछ भी कार्यक्रम होगा उसमें भरपुर सहयोग देने का प्रयास करूंगा। बीसीसी क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष अहमद शहजाद, उपाध्यक्ष प्रमोद् राइडर, नेहाल अंसारी, कोषाध्यक्ष अली राजा हसिफ, सचिव एम्बुलेंस अंसारी,अंपायर दिलशाद अंसारी एंव शहजाद अंसारी ,स्कोरर माशूम, शिबते, कमेंट्रेटर अलीराजा हसिफ ,मुख्य संरक्षक इरशाद अंसारी, ओसिम अंसारी, गोबिंद हास्योप शिक्षक , इमरान भाई, कलामुदिन ,समीम अंसारी, पूर्व मुखिया खलील अंसारी, कुलेश्वर सिंह,अनुज गुप्ता, शिवलाल सिंह, मिथुन सिंह,ऋषि सिंह एंव हजारों दर्शक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पांकी में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती



**पलामू ।** पांकी प्रखंड के अंबेडकर चौक पर रविवार की दोपहर बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई, भारत रत्न से सुशोभित बाबा साहब की 133 वीं जयंती के अवसर पर पांकी में अंबेडकर युवक संघ के लोगों ने स्वागत सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी, पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, जिला पार्षद खुशबू कुमारी, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद, उप मुखिया अनारिक राम के द्वारा सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों को अंबेडकर नवयुवक समिति के लोगों ने फूलमाला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के पश्चात मौके पर मौजूद लोगों के संबोधन में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब के द्वारा बनाये गए संविधान से ही आज देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। बाबा साहब ने देश एवं समाज के हर वर्गों के लोगों का ख्याल रखकर संविधान की रचना की, ऐसे महान पुरुष से हम सभी को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर अपने कार्यों एवं नीतियों की बदौलत भारत रत्न से सुशोभित हुए। मौके पर अम्बेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष चिंटू अम्बेडकर, उपाध्यक्ष रविन्द्र रविदास, सचिव सुभम कुमार, उपेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, दीपक कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### भाकपा प्रत्याशी अभय कुमार भुइयां ने किया गढ़वा के सुनील मुखर्जी नगर में जनसंपर्क



**पलामू ।** गढ़वा जिला के रमणा प्रखंड अंतर्गत मुखर्जी नगर में भाकपा पलामू के लोकसभा उम्मीदवार रविवार को अभय कुमार भूइंया पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने जनसंपर्क अभियान किया जहां पर उनका जोरदार स्वागत माला पहनाकर किया गया ।सभा को गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम, राज्य कार्यकारिणी सदस्य गणेश राम, रामेश्वर प्रसाद अकेला ने किया ।सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पुरे देश में बदलाव की लहर बह रही है और पलामू लोकसभा सीट भी इसबार बदलाव के लिए तैयार है इसबार पलामू के बाहरी प्रत्याशी को हराकर यहां की जनता बक्सर एवं जमशेदपुर उनको वापस भेजने का काम करेगी एवं पलामू धरती पुत्र अभय कुमार भूइंया को हंसुआ बाली छाप पर बटन दबाकर जिताएगी। 10 वर्ष से पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों को भाजपा के सांसद ने सिर्फ छलने का काम किया है देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की तरह भाजपा के सांसद भी आम जनता को झूठी दिलासा दिलाकर अंतिम समय में उद्घाटन और शिलान्यास करने का काम कर रहे हैं जिसको जनता समझ चुकी है एवं अपनी संपत्ति बढ़कर आम जनता के टैक्स के पैसा से मौज उड़ाने का काम किया है गढ़वा लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया ने कहा कि इस बार की लड़ाई स्थानीय युवा से बीडी राम को है युवाओं ने ठाना है घर का बेटा अभय कुमार भूइंया को इस बार लाना है। मौके पर सभी ने इंकलाब जिंदाबाद हसवा बाली छाप जिंदाबाद पलामू लोकसभा से बाहरी प्रत्याशी को भगाना होगा जैसे नारे लगाए। सभा में आलोक कुमार तिवारी श्याम कुमार ऋषि प्रमोद भूइंया जितेंद्र भूइंया, शिवप्रसाद राम देवंती देवी शंभू राम अनिल भूइंया राकेश भूइंया, निर्मल, महेंद्र भूइंया, अभिषेक भूइंया, वीरेंद्र राम, नौरंगी पाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे और सभी ने विधि राम भागो पलामू लोकसभा को बचाओ अभय कुमार भूइंया को लाओ जैसे गगन भेदी नारे लगाए।

### आजसू पार्टी की ओर से बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती मनायी गयी



**पलामू ।** पलामू के अम्बेडकर छात्रावास में आजसू पार्टी के द्वारा महामानव बाबा साहब अम्बेडकर की 133 वीं जयंती मनायी गयी। सबसे पहले आजसू पार्टी द्वारा स्थापित बाबा साहब अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि दी गइ। बाबा साहब के बिचार पर प्रकाश डाला गया। सतीश कुमार केन्द्रीय सचिव सह पलामू लोक सभा प्रभारी आजसू पार्टी ने कहा कि हमारे देश में उत्पीडित व शोषित पिडीत समाज को जिवन जिने की रौशनी दी ।भारतीय संबिधान के रचईता डा0 भीम राव अम्बेडकर ने देश के बिकास के लिए अमिट छाप छोड़ी है। ईन्तयाज अहमद नजमी ने कहा कि आज अगर अम्बेडकर बिचार धारा नही रहता तो आम जनता को जितना मूहाल हो जाता। बिकेश शुक्ला ने बताया कि बड़ी जद्दोजहद के बाद अम्बेडकर जी ने दुनिया का सबसे बेहतर संबिधान बनाया। बबलू गुप्ता ने कहा कि अम्बेडकर जी ने संबिधान मे आरक्षण की व्यवस्था कर गरीबो को बेहतर जिन्दगी जिने का अधिकार दिलाया। लौकेश सिह ने भारत रत्न डॉ 0 भीम राव अम्बेडकर जी के सिद्धांत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष संतन मेहता केन्द्रीय सदस्य तुलसी शुक्ला समीर तिवारी मिन्टु तिवारी प्रशांत मिश्रा जितेन्द्र उपाध्याय बिशाल सिंह अभिशेख राज राहुल मिश्रा सन्नु कुमार आदि नेतागण ने माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि दी ।

### अंबेडकर जयंती पर झामुमो पलामू ने देश का संविधान बचाने के लिए दिया एक दिवसीय धरना



**पलामू ।** झामुमो केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार आज शहर के छः मुहान चौक पर झामुमो पलामू जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा जी की अध्यक्षता में संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना दिया गया । कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष एवं केंद्रीय समिति सदस्यों द्वारा भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नो सिद्दीकी जी द्वारा किया गया । माल्यार्पण के पश्चात जिलाध्यक्ष जी ने कहा कि इस धरना का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के द्वारा जो संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है उसे रोकना है । उन्होंने कहा कि कैसे कुर्सी पर बैठे दो दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने का काम किया गया । जबकि माननीय हेमंत सोरेन जी के खिलाफ एक भी सबूत नही दिखा पाई है उनकी एजेंसियां । हेमंत सोरेन जी बेगुनाह हैं और जल्द ही वो रिहा होकर बाहर आएँगे । केंद्र के इशारों पर नाचने वाली एजेंसियां के दिन खत्म होंगे क्योंकि जनता अब संवैधानिक रूप से मोदी जी को हटाकर रहेगी । उन्होंने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा संघर्ष,सामाजिक स्वतंत्रता, सामाजिक समता, सामाजिक न्याय के पुरोधा भारत रत्न से सम्मानित पूरे भारतवर्ष के लिए एक मिसाल थे । उनके द्वारा लिखा गया संविधान से हमारा देश चल रहा है और हम इसे किसी भी हाल में खत्म नही होने देंगे । इसके बाद एक एक कर उपस्थित सभी नेताओं ने जनता के समक्ष अपनी बातों को रखा । कार्यक्रम का समापन सभी नेताओं ने खड़े होकर अम्बेडकर जी की रैली का अभिवादन करके किया।

झामुमो ने अंबेडकर जयंती पर किया संविधान बचाओ देश बचाओ धरना प्रदर्शन, मोजम्मिल अहमद ने कहा

# देश बचाने के लिए संविधान को बचाना जरूरी

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में रविवार को समाहरणालय के समक्ष संविधान बचाओ-देश बचाओ आंदोलन का संदेश लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने किया, जबकि मंच संचालन जिला सचिव अनिल उरांव ने किया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम जिला के सभी सात प्रखंड के पार्टी पदाधिकारी एवं जिला कमेटी के पदाधिकारी और समर्थक शामिल हुए। मौके पर पार्टी समर्थित कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने अपने-अपने वक्तव्य रखे। भाजपा और मोदी सरकार के विरुद्ध बिगुल




फूंक दिया है। जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि इस देश को बचाने के लिए संविधान को बचाना जरूरी है। केंद्र सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर देश के लोकतंत्र को खतरे में डालने का प्रयास कर रही है। जहां गैर भाजपा सरकार है, वहां के मुख्यमंत्री को गलत तरीके से जेल भेजने का काम किया जा रहा है। झारखंड के लोकप्रिय पूर्व मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन को भी केन्द्र सरकार ने ईडी के जरिए झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इसका विरोध चल रहा है और लोग उलगुलान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र में भाजपा गठबंधन की सरकार द्वारा बाबा साहब द्वारा निर्मित सुंदर संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रही। जगह-जगह बाबा साहब की प्रतिमा को भी खंडित करने का काम किया जा रहा, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। जिसका व्यापक रूप आगामी 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में देखने को मिलेगा, जब कल्पना सोरेन की अगुवाई में इंडिया गठबंधन के तमाम देश व प्रदेश के बड़े-बड़े नेता शामिल होंगे।

मोजम्मिल अहमद ने कहा कि लोहरदगा जिले में उलगुलान रैली की तैयारी पूरी ताकत के साथ की जा रही है। लोहरदगा जिला से 20 हजार लोग विभिन्न माध्यमों से उलगुलान रैली में शामिल होने रांची पहुंचेंगे और भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देंगे। मुख्य रूप से शामिल जिला सचिव अनिल, केंद्रीय सदस्य सम्मेद अंसारी, अध्यक्ष अजय, ग्राम शिक्षक जिला अध्यक्ष सचिन, मनश्र अंसारी, महिला जिला अध्यक्ष सरिता भगत, सचिव बरखा रानी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू, तिवारी उरांव, छात्र जिला सचिव संतोष उरांव, सिन्हा प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, सचिव अख्तर अंसारी, कुडु प्रखंड अध्यक्ष संकर उरांव, सचिव अफरोज आलम, कैरो प्रखंड अध्यक्ष सज्जाद अंसारी, किस्को प्रखंड अध्यक्ष शाकिर अंसारी, बिसरार प्रखंड अध्यक्ष बिनोद, सुखराम सिंह, नगर अध्यक्ष आकाश साहू, सचिव उपाध्यक्ष अहद खान, यूसुफ अंसारी, रमेश कुमार, रोशन कुमार आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब की जयंती पर निकाली गयी प्रभात फेरी

प्रातः आवाज

**भंडरा (लोहरदगा)।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव में डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मारक समिति के बैनर तले रविवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती के मौके पर प्रभातफेरी, माल्यार्पण सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संघचालक लाल सच्चिदानंद अग्रवाल, मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के प्रांत संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, रविदास विकास मंच के जिला सचिव विनोद राम, विश्व हिंदू परिषद के देवेंद्र मंडल, शिक्षक महेंद्र राम, कृष्णा राम, कलेश्वर साहू, लाल अनूप नाथ शाहदेव, राजा लाल शाहदेव शामिल हुए। सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। छोटे बड़े



सभी जनों ने मसमानो गांव का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी निकाला। इस दौरान डॉ भीमराव अम्बेडर अमर रहे सहित कई अन्य नारे लगाए गए। प्रभात फेरी आयोजन स्थल से निकलकर पुनः आयोजन स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। मौके पर बच्चे बच्चियों के बीच डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें बेहतर अंक प्राप्त करने वाले बच्चे बच्चियों को कॉपी, पेन देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन से हम जीतनी भी प्रेरणा लें कम ही पड़ेगा। उनके अनमोल विचार सहित समानता समाज का निर्माण के कर्मों को जन जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार प्रकट किए। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मारक समिति के सरोज राम, आशुतोष राम, रवि राम, भरत राम, दीपक राम, बबलू उरांव, भोला राम, सुधीर राम, धीरज राम, श्रवण राम, अमित राम, रामकुमार राम, अनूप राम, तुलसी राम, हरीश राम, पवन राम, कलाम अंसारी, विजय राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से दो लोग घायल

**कुडू।** शहर के रहमत नगर बटन मुहल्ला में रविवार की शाम स्थानीय सलीम अंसारी का पुत्र वसीम अंसारी 24 और सीता राम का पुत्र बिलास गंझू 27 वर्ष करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार दोनों सेंट्रिंग का काम कर रहे थे तभी इम्तियाज खान की छत से गुजरे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। आनन फानन में उन्हें कुडू सिएचसी ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद लोहरदगा रेफर किया गया है। ज्ञात हो कि प्रखंड क्षेत्र बटन मुहल्ला रहमत नगर से होकर कई घरों की छत के ऊपर से हाइटेंशन (11 हजार वोल्ट) बिजली तार गुजरा है। जिससे हमेशा जान का खतरा बना रहता है। नंगे तार छतों को छूते हुए निकले हैं, जिसके कारण हमेशा करंट लगने का खतरा बना रहता है। लगभग 5 से 6 घर इससे प्रभावित है। डर से लोग छत पर नहीं जा पाते। बारिश होने पर ज्यादा खतरा और भी बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों की माने तो कई बार लोगों को करंट भी लग चुका है। बस गनीमत यह है कि अभी तक किसी की जान नहीं गई है।

## धनबाद ने कंबाइंड जिला 11 को हराकर सुपर लीग के लिए किया क्वालीफाई

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा लोहरदगा जिला क्रिकेट संगठन द्वारा संचालित ग्रुप ए के पांचवें मैच में धनबाद ने कंबाइंड जिला 11 को 9 विकेट से पराजित कर सुपर लीग के लिए क्वालीफाई किया। स्थानीय बलदेव साहू महाविद्यालय के क्रिकेट मैदान में कंबाइंड जिला 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पूरी टीम निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 119 रन ही बना सकी। टीम की ओर से आयुषी कुमार ने 33 रन, अनन्या सती ने 18 रन और मोनिका सोरेन ने 14 रन का योगदान दिया । धनबाद की ओर से गेंदबाजी करते हुए लक्ष्मी पूर्ति ने 19 रन देकर तीन विकेट, आनंदिता किशोर ने 18 रन देकर दो विकेट तथा अनु कुमारी यादव और अंकिता कुमारी मौर्या ने क्रमशः एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए धनबाद की टीम आनंदिता किशोर के 63 रन तथा बबली कुमारी के नाबाद 24 रन की बदौलत 13.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाकर मैच जीत लिया। कंबाइन्ड जिला 11 की ओर से शीला मछुवा को सिर्फ एक विकेट मिला। मैच के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष भास्कर दास गुप्ता ने धनबाद के आनंदिता किशोर को नगद ?5000 तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सचिव आलोक राय तथा जेएससीए के द्वारा प्रति नियुक्त मैच ऑब्जर्वर मिलन दत्ता, अंपायर प्रशांत कुमार तथा हेमंत ठाकुर उपस्थित थे।

## रामनवमी त्योहार को लेकर जिला प्रशासन ने जारी किया दिशा-निर्देश

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** 17 अप्रैल को रामनवमी-2024 त्योहार मनाया जाना है, जिसमें विभिन्न आखाड़ों के द्वारा गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाला जाता है। वर्तमान में लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा हो चुकी है। सम्पूर्ण जिले में आदर्श आचार संहिता को लेकर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय के पत्रांक-21/विधि, दिनांक 16.03.2024 निषेधाज्ञा धारा-144 द०प्र०स० लागू है। इसको लेकर रामनवमी त्योहार के लाईसेंसधारी एवं गैरलाईसेंसधारी अखाड़ों एवं जुलूस दल को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन हेतु निम्न निदेंश दिया गया है।

सम्पूर्ण लोहरदगा अनुमण्डल परिक्षेत्र में किसी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा, जो शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों पर भी प्रभावी होगा। सभी संबंधित थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत अनुज्ञप्तिधारी का शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए अपने-अपने अधीनस्थ थाना में जमा करेंगे। परन्तु यह निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारी/ कर्मचारी/ पुलिस पदाधिकारी एवं कर्तव्य पर तैनात पुलिस बल, नेपालियों एवं सिखों द्वारा पारंपारिक तरीके से धारण की जाने वाली क्रमशः खुखरी तथा कृपाण पर लागू नहीं होगा एवं रामनवमी त्योहार में पारम्परिक अस्त्र-शस्त्र की अनुमति होगी।

सम्पूर्ण जिले में रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंध किया जाता है। जुलूस के दौरान मध्यम ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेंगे। उपर्युक्त शर्त मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या धार्मिक स्थलों पर लागू नहीं होगा। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा एवं अन्य पूजा स्थल को निर्वाचन प्रचार से प्रतिबंधित किया जाता है।

### बाबा साहब का दिया हुआ विचार अनमोल विरासत : डीसी

**लोहरदगा।** रविवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। परिषद द्वारा यह कार्यक्रम समाहरणालय के समीप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्य उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, एसडीओ अमित कुमार व परिषद के लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने कहा कि बाबा साहब का दिया हुआ विचार, उनकी लिखी हुई किताबें अनमोल विरासत हैं। बचपन में ही बाबा साहब का नाम सुना और उनके किये गए कार्यों को देखा और जाना, उनका कार्य बहुत महान था। उनके विचारों ने भारत देश के कई लोगों के मन को छुआ है। महाराष्ट्र के दादर में बाबा साहब का घर है जिसका ग्राउंड फ्लोर लोगों के लिए खुला है जिसमें उनकी प्रदर्शनी है। प्रदर्शनी में वे चीजें शामिल हैं जिन वस्तुओं का इस्तेमाल वे किया करते थे। उनकी लाइब्रेरी में हजारों किताबें हैं जिनका वे अध्ययन करते थे। बहुत कम समय में उन्होंने काफी कुछ अध्ययन कर लिया था और विद्वता हासिल की थी। बच्चों को उनसे सीख लेनी चाहिए कि शिक्षित बनिए, संगठित रहिए और संघर्ष करिए।

जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

## बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रखंडों का निरीक्षण किया गया। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक के नेतृत्व में सदर प्रखण्ड के मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सुविधाओं और मतदान केंद्रों में 85 वर्ष की उम्र से अधिक वर्ष के मतदाताओं की संख्या, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या व उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं से संबंधित स्थल निरीक्षण किया गया। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी द्वारा मतदान केंद्र में बिजली, पेयजल, दिव्यांग/85 वर्ष की उम्र से अधिक की उम्र के मतदाताओं के लिए रैम्प,मतदाताओं के लिए कुर्सी/बेंच




आदि की सुविधा आदि का निरीक्षण किया गया। पदाधिकारी द्वारा बीएलओ को दिनांक 15 अप्रैल 2024 तक छूटे हुए युवक/युवतियों व पात्र मतदाताओं से भरा हुआ फॉर्म-06 जमा करने का निर्देश दिया ताकि उन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। जिन मतदान केंद्रों में कमियां पायी गईं उन्हें ठीक कर लिये जाने का निर्देश दिया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा जिन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया उनमें 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसल स्थित दो मतदान केंद्र (कमरा नंबर 01 एवं 02), राजकीयकृत मध्य विद्यालय कुर्से स्थित दो मतदान केंद्र (कमरा नंबर 01 एवं 02) एवं राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, कुज्जी शामिल हैं। इसी प्रकार जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल द्वारा पेशरार प्रखंड के मतदान केंद्रों और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा कुडू प्रखंड के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के द्वारा किये गए मतदान केंद्र निरीक्षण दल में अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, सब इंस्पेक्टर गंगा पासवान, बीएलओ सुपरवाइजर मिथिलेश कुमार, बीएलओ संपती भगत, उषा उरांव, सुखमनी भगत, प्रदीप कुमार और ममता खलखो शामिल थे।

विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में बोले बाबूलाल मरांडी

# जो जेल और बेल में है वो मोदी के संकल्प को पूरा करने से रोकने की कर रहे कोशिश

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** 14 अप्रैल 2024 दिन रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी लोहरदगा विधानसभा के अंतर्गत ललित नारायण स्टेडियम, बरवाटोली लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर कार्यकर्ताओं पूरे उत्साह के साथ बड़े फूलों की माला से भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव, प्रदेश महामंत्री लोहरदगा लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत, रमेश उरांव, शिव शंकर उरांव, चंद प्रजापति, सुनीता सिंह, मनोज मिश्रा, एडवर्ड सोरेन, ओमप्रकाश सिंह, बिदेश्वर उरांव, ब्रजबिहारी प्रसाद अन्य भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे साथ ही कार्यक्रम को संबोधित किया।

बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जो व्यक्ति जेल में है बेल में है मोदी जी के संकल्प को पूरा करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। हम चौदह में से चौदह सीटे जीतेगें। मोदी सभी एक सौ चालीस करोड़ लोगों की चिंता करते हैं। परंतु कुछ लोग केवल अपनी चिंता करते हैं। मोदी ने इलाज की व्यवस्था की। पांच लाख तक पूरा इलाज करा सकते है। गरीबों को राशन, जल, शौचालय, घर, सहित कई अन्य व्यवस्थाओं को बहाल किया। जो व्यक्ति देश की तरक्की और विकास का बात करत हों जिसका एक ही लक्ष्य हमारे देश का आर्थिक रूप से सशक्त किया जाना लक्ष्य और 11वें स्थान अब तीसरे स्थान पर आर्थिक रूप से हमारा देश मजबूत होगा। हमारा देश विज्ञान, मोबाइल, स्वास्थ्य सुरक्षा यंत्र सहित अनेक क्षेत्रों में केवल आयात करते थे परंतु आज हम निर्यात कर रहे हैं। क्योंकि आज अपने लोगों पर भरोसा है उस अवसर दिया उन्होंने कोरोनाकाल सबसे बड़ा उदाहरण है हमारा देश एक नहीं दो दो वैक्सीन बनाया, चंद्रयान का सफल लैंडिंग हुए जहां विकसित देश भी नहीं पहुंच पाए। यह मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और प्रयास मूल मंत्र का परिणाम है।

वहीं आज विपक्ष के लोग झारखंड की बात करते हैं पर वह झारखंड बेचने के जुर्म में सजा भी मिली। कांग्रेस ने सत्तर वर्ष तक राज किया परंतु गांव के लोग को झांकते भी नहीं थे। बिजली केवल शहरों के लिए केवल सिमित कर दिया। लोग लालटेन, ढिबरी के उपयोग करते थे। पर मोदी के राज्य में ढिबरी गायब अब हर घर बिजली हैं। मोबाइल, एसी फ्रीज कूलर सभी उपभोग कर रहे हैं। देश का विकास का कार्य जो मोदी ने किया उसके बदौलत दिल्ली हो या लोहरदगा सभी जगह लगभग सुविधाएं समान हो रही हैं। पर कुछ भ्रमित कर रहे हैं, हेमंत को फसवा दिया परंतु वह अपने कर्मों का फल है ये नहीं बता रहे। देश का कोई ऐसा मुख्यमंत्री जो अपने नाम से खाधान्न लिया, परिवार के नाम उद्योग के लिए जमीन लिया। परीक्षा पूरी हो नहीं रही पेपर लिक हो रहा। इकनॉलेजमेंट नहीं रहे ताकि सच्चाई पता लग जाएगी। आज मोदी के राज में बावा भीमराव अंबेडकर उनके जन्मस्थली, उनके विरासत को सजाया।




### समीर उरांव मेरे छोटे भाई, बड़ी अंतर से दिलाएंगे विजय : सुदर्शन भगत

सुदर्शन भगत ने कहा कि समीर उरांव ने हमारे छोटे भाई हैं। जिस प्रकार से हमें आपलोगों ने तीन तीन बार आशीर्वाद दिया है और मोदी के हाथ को मजबूत किया। उसी प्रकार से इसबार भी दोगुनी ऊर्जा के साथ संगठन को मजबूत करते हुए एक बड़ी अंतर से विजय दिलाएंगे जिसमें हमारे लक्ष्य पूरे होगें। समीर उरांव इसी क्षेत्र में पहले बड़े हैं वह क्षेत्र को भी जानते हैं उन्होंने कई जिम्मेवारियों का निर्वाह किया है। हमारा लक्ष्य मोदी के विकास से कार्यों को दोगुनी गति से आगे बढ़ाने की होनी चाहिए। मोदी के नेतृत्व में लगातार कई प्रकार की बड़ी-बड़ी योजनाएं सीधे आम गरीब जनता को लाभान्वित किया है कई ऐसी योजनाएं जो विशेष कर जनजाति समूह को मजबूती प्रदान करता है वह चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो स्वास्थ्य का क्षेत्र हो या जंगल में उत्पादित होने वाले वस्तुओं को मिल रही पहचान।

### भाजपा गरीबों की पीड़ा को समझती है : समीर उरांव

समीर उरांव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो गरीब लोगों की समस्याओं को सुनती है और सुनकर उनका समाधान निकालने का काम भी करती है, उसकी पीड़ा को समझी है। मोदी की ही सरकार है जिन्होंने गरीब को कोरोना में बचाया, वैक्सीन दी, अनाज दिया ताकि भूखे न मरे और अनाज देकर मजबूत करने का काम किसी ने किया है तो नरेंद्र मोदीजी की सरकार ने किया है। ये लोकतंत्र महापर्व है, इसमें हमें पुनः मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है । इसी संदर्भ के साथ मैं आपलोगों के बीच खड़ा हूँ मैं आपके ही बीच का बेटा हूँ, भतीजा हूँ, भाई हूँ , इसी जगह से पला बढ़ा हूँ। इस जगह के विकास के लिए मैंने अनेक प्रयास किए हैं। और अगर मुझे अवसर मिलता है तो यहां एक नया विकास की लकीर खींचने का काम करूंगा।

## समाचार सार

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** रामनवमी-2024 को लेकर उपायुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में 11 बजे पूर्वाह्न से होगी।

### जिला प्रशासन की ओर से साईकिल रैली कल

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** जिला प्रशासन, लोहरदगा की ओर से साईकिल रैली का आयोजन 16 अप्रैल को किया जाएगा। यह साईकिल रैली नदिया हिन्दू +2 उच्च विद्यालय, लोहरदगा से पूर्वाह्न 7 बजे प्रारंभ होगी जो मैना बगीचा, समाहरणालय, कचहरी, कारागार (जेल), परिसदन, रेलवे स्टेशन होते हुए पुनः नदिया हिन्दू +2 उच्च विद्यालय, लोहरदगा में संपन्न होगी। उक्त जानकारी सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

### बीजेपी की जीत होगी ऐतिहासिक : विवेक सोनी



**भंडरा (प्रातः आवाज)।** भारतीय जनता पार्टी भंडरा प्रखण्ड के अध्यक्ष विवेक सोनी ने आकाशी पंचायत के कुम्हरिया गांव में बूथ एवं पंचायत कमेटी की लोगों संग बैठक किया विवेक सोनी ने कहा इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने समीर उरांव को अपना प्रत्याशी बनाया है उनकी जीत को एतिहासिक बनाने के लिये हम सभी को कम करना है आप सभी के प्रयास एवं जनता के आशीर्वाद से लोहरदगा लोकसभा से लगातार तीन बार लोकप्रिय सांसद सुदर्शन भगत जी को प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है इस बार लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 में हम सभी को मिलकर एतिहास रचना है लोहरदगा लोक सभा से समीर उरांव जी को भारी बहुमत से जिताकर नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना है। देश की जनता ने नारा दिया है एक बार फिर से मोदी सरकार वह आप सभी के प्रयास एवं गांव गरीब किसान मजदूर महिला युवा सभी के आशीर्वाद से पूरा होगा। इस बार 400 पार होगा बैठक में रामसुन्दर साहू, राजेश साहू, पंकज साहू, उमेश साहू, शत्रुघ्न साहू, प्रकाश साहू, बिदेस्वर साहू, बिंदु साहू, आनंद साहू, अरविंद साहू, धनजंय साहू, दिलीप साहू, मोतीलाल साहू, कर्मराज साहू, पवन कुमार, उमेश साहू, शशि रंजन, सुरेन्द्र महली, निस्पेक्टर साहू, रौशन कुमार, बबलू साहू, बीरबल साहू आदि लोग उपस्थित हुए।

### रामनवमी को लेकर कुम्हारिया में शांति समिति की बैठक



**भंडरा (प्रातः आवाज)।** जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कुम्हारिया में रामनवमी के लेकर शांति समिति की बैठक की गई। रामनवमी का त्योहार शांति एवं भाईचारे के बीच मनाए जाने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी भंडरा के उपस्थिति में ग्राम कुम्हारिया के दोनों समुदाय के बीच शांति समिति के सदस्यों सम्मानित व्यक्तियों के बीच बैठक आयोजित की गई। जिसमें इस वर्ष रामनवमी पर शांति और भाईचारे के साथ मनाए जाने का संकल्प लिया गया एवं यह भी निर्णय लिया गया कि 2024 लोक सभा चुनाव तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता के नियमों को ध्यान में रखते हुए जुलूस निकाला जाएगा। दोनों समुदाय शांति व्यवस्था कायम रखेंगे। इस दौरान दोनों पक्षों के सदस्य तथा ग्रामीण मौजूद थे।

### उपायुक्त और एसपी ने संयुक्त रूप से +2 एस एस उच्च विद्यालय किस्को का किया निरीक्षण




**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से +2 एस एस उच्च विद्यालय किस्को का निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा उक्त केंद्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के ठहराव हेतु आवश्यक शौचालय, बाथरूम, विद्युतीय व्यवस्था, आधारभूत संरचना की स्थिति आदि का अवलोकन किया गया। इस मौके पर बीडीओ, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

### अम्बेदकर की मनाई गई जयंती



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई । सर्वप्रथम अंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और इस संविधान के निर्माण में डॉक्टर भीमराव अंबेदकर जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारत का संविधान देश के समस्त नागरिकों को एक सूत्र में बांधकर रखने का काम करता है और इसका लक्ष्य सभी धर्म के लोगों के बीच आपसी प्रेम एवं सद्भाव पैदा कर देश को संबल, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सभी संविधान के प्रत्येक धारा को आत्मसात करते हुए देश को परम वैभवशाली बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का काम करें। जयंती कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर में 58 लोगों ने करायी जांच




**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 96 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 58 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए नियमित रूप से अपना चेकअप कराते रहिए और योग एवं व्यायाम करते रहने से शरीर स्वस्थ एवं फुर्तीला रहता है, और कहा कि आपके प्रयास से लोग स्वस्थ्य हो जाए उससे बड़ा कोई धर्म नहीं। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए बहुतों को अपना शुगर, बी.पी. के विषय में जानकारी नहीं रहती है जिससे कि आगे कई बीमारियों को उत्पन्न कर देती है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी व शशि भूषण सिंह ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग आकर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए।

### समीर उरांव के पक्ष में आजसू ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** लोहरदगा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में आजसू पार्टी के द्वारा रविवार को लोहरदगा सदर प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जनसंपर्क अभियान हेसल, कुजरा, मगन टोली, महुआ टोली, कैमों, पतरा टोली सहित अन्य क्षेत्रों में चलाते हुए जनता से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई एवं आम जनमानस को यह बताया गया की लोहरदगा लोकसभा सीट में एनडीए उम्मीदवार समीर उरांव जिनकी छवि एक साफ सुथरी, ईमानदार एवं गरीब नेता के रूप में है और गरीब का दर्द गरीब ही समझ सकता है। इसलिए इस बार एक गरीब के बेटे समीर उरांव को भारी मतों से लोहरदगा लोकसभा सीट से विजयी कर दिल्ली भेजना है। जनसंपर्क अभियान में आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव एवं लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह, लोहरदगा प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष दिनेश उरांव, आजसू बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारी मनोज गुप्ता, सोहन साहू, मन्हो पंचायत कोषाध्यक्ष संतोष राम, सचिव अशोक उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अस्सी प्रतिशत लोगो की अनदेखी कर कैसे जीतेगा इंडी एलायंस



**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

अठारहवें लोकसभा चुनाव अपने चरम पर चल रहे हैं। बढ़त बनाने के लिए प्रत्येक पार्टी के नेता अपनी-अपनी बुद्धि अनुसार कुछ नया दिखाने का प्रयास करते रहते हैं और इस प्रयास में कई बार वे अपनी मर्यादाओं को भूल जाते हैं तथा ऐसा काम कर बैठते हैं कि उन्हें राजनैतिक लाभ की अपेक्षा बहुत नुकसान भी उठाना पड़ता है। देश भर के साथ ही बिहार में भी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरो-शोरो पर है। चुनाव प्रचार के दौरान ही लालू प्रसाद के लाड़ले व राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव के एक वीडियो ने बिहार की सियासत में खानपान को लेकर धमाल मचा रखा है। बिहार क्या देशभर में इस विडियो की चर्चा हो रही है। हुआ यह कि तेजस्वी यादव ने वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी के साथ नवरात्र के पहले ही दिन मछली खाते हुए का एक वीडियो सोशल मीड ?िया पर पोस्?ट क ?िया। फ ?िर क ?या था, सोशल मीडिया में इस विडियो को लेकर बवाल मच गया। सब अपनी-अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने लगे। मुकेश सहनी वीडियो में ही विरोधियों को चिढ़ाते हुए कहते हैं कि उनके इस वीडियो के बाद कुछ लोगों को मिर्ची लगेगी और हुआ भी कुछ ऐसा ही। और मिर्ची लगे भी क्यों न। आप अपने घर में कब क्या खाते हो यह आपका निजी मामला है, कोई तुम्हें पूछने अथवा रोकने नहीं आयेगा कि क्या खा रहे हो? क्यों खा रहे हो? किन्तु आप आदि शक्ति दुर्गा के पवित्र नवरात्रे के दौरान सोशल मीडिया में अपने प्लेन में बैठकर थाली में से मछली फ्राई उठाकर दिखा-दिखाकर, चिढ़ा-चढ़ाकर खाओगे कि रखो तुम देवी के नवरात्रे, मरो भूखे उपवास में, हम तो इसी तरह मस्ती से मछली खायेंगे और गुलछर्रे उडायेंगे । यह वायरल वीडियो केवल भाजपा के नेताओं या कार्यकर्ताओं ने ही नहीं देखी अपितु उन करोड़ो-करोड़ों भारतीयों ने भी देखी है जो अपनी अध्यात्मिकता को राजनीति से कोसों दूर रखते हैं। उन्होंने भी देखी जिन्होंने न भाजपा से कुछ लेना ना विपक्षी पार्टियों से।

यद्यपि सारा देश जानता है कि देशभर में शाकाहारी परिवार ऊंगलियों पर गिने जा सकते हैं। निःसंदेह देश की बड़ी आबादी माँसाहारी हैं, किंतु यह भी सच है कि नवरात्र जैसे पावन पर्व पर ये लोग त्यौहारों का व समाज की आस्था का सम्मान करते हैं और इन विशेष अवसरों पर माँस के सेवन से बचने का प्रयास करते हैं तो राजद नेता तेजस्वी यादव नवरात्रे में दिखा-दिखाकर फिर किस आबादी को तुष्ट करने का प्रयास कर रहे थे तथा किस आबादी को मिर्च दिखाकर इशारा कर रहे थे। आईक्यू टेस्ट करने के लिए क्या थाली में परोसी गई मछली को उठाकर दिखाना आवश्यक था। हमारे देश में एक मान्यता रही है कि भजन, भोजन व व्यायाम पर्दे में ही श्रेष्ठ है। देश में तुष्टीकरण का ऐसा वातावरण बना है कि किसी भी हद तक जाना पड़े, झूठे-सच्चे जो भी वायदे करने पड़े, न चाहते हुए भी स्वयं को मुस्लिम समुदाय का हमदर्द दर्शाने हेतु गोल टोपी पहनकर जाना पड़े, बस! लक्ष्य एक ही है कि फलां-फलां समुदाय की वोट कैसे मिलेगी। कुछ लोगों अथवा कुछ समुदाय को तुष्ट करने के लिए भाजपा से मुखर विरोधी नेतागण देश की लगभग अस्सी प्रतिशत लोगो की अनदेखी कर कैसे जीत पायेंगे। ऐसी वीडियो वायरल करके इंडी एलायंस कैसे मोदी की आंधी का सामना कर पायेगा। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि जब वर्षों से आप लोगों को सत्ता में रहने का अवसर मिला तो तब आप देश समाज के लिए ऐसा कुछ कर ही नहीं पायें जिसे जनता के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

# संगीत उद्योग में नौकरी उन्मुख कैरियर विकल्प



**विजय गर्ग**

संगीत सबसे बड़ी मानवीय उपलब्धियों में से एक है। संगीत भावनाएँ पैदा कर सकता है और भावनाओं को व्यक्त कर सकता है। यह मन को भी शांत करता है। संगीत आज एक बेहतरीन करियर विकल्प बन गया है। मनोरंजन उद्योग की अपार वृद्धि के साथ, संगीत में करियर तेजी से एक अच्छा विकल्प बनता जा रहा है। प्रतिभा, सच्ची रुचि, ईमानदारी और कड़ी मेहनत करने की इच्छा से संगीत के क्षेत्र में सफलता निश्चित रूप से हासिल की जा सकती है। गायन की जन्मजात प्रतिभा होना एक अद्भुत उपहार है। लेकिन इस प्रतिभा से करियर बनाने के लिए बहुत अधिक अभ्यास और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। किसी संस्थान से जुड़ना और प्रशिक्षण प्राप्त करना संगीत में करियर बनाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन व्यक्ति का जोर वास्तविक समर्पण और प्रतिबद्धता पर होना चाहिए। जो व्यक्ति संगीत में अपना करियर बनाना चाहता है, उसके अंदर संगीत के प्रति सच्चा प्रेम, संगीत की समझ यानी समय और लय की समझ, रचनात्मक क्षमता और मंच पर आत्मविश्वास भी होना चाहिए। संगीत उद्योग में कैरियर विकल्प जिस तरह संगीत में शास्त्रीय, लोक, जैज़, रॉक, पॉप, फ्यूजन आदि विधाओं की व्यापक विविधता है, उसी तरह इस क्षेत्र में भी अवसरों की विविधता है। जैसा कि नीचे चर्चा की गई है, इस उद्योग में कई करियर विकल्प हैं। संगीतकार- एक संगीतकार वह होता है जो विभिन्न संगीत शैलियों में मौलिक संगीत लिखता और व्यवस्थित करता है। वे पॉप से ??लेकर जैज़ और शास्त्रीय संगीत तक का मूल संगीत बनाते हैं। टेलीविज़न शो के लिए संगीत विषय और पृष्ठभूमि संगीत संगीतकारों द्वारा बनाए जाते हैं। एक संगीतकार का काम दर्शकों का ध्यान भटकाए बिना किसी फिल्म, टेलीविजन कहानी, नाटक या वीडियो गेम में कहानी बताने में मदद करना है। उनके द्वारा बनाया गया साउंडट्रैक प्रोजेक्ट के अनुरूप होना चाहिए और उचित मूड और टोन को व्यक्त करना चाहिए। एक संगीतकार में धैर्य, संगीत प्रतिभा, वाद्ययंत्रों का ज्ञान, नेटवर्किंग और मार्केटिंग, गायन आदि गुण मौजूद होने चाहिए। पेशेवर संगीतकार बनने के लिए संगीत रचना में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होगी। एक संगीतकार सालाना लगभग 7,00,000 रुपये कमा सकता है, बाकी काम और अनुभव पर निर्भर करता है। निर्माता- संगीत निर्माता रिकॉर्डिंग सत्र के सभी पहलुओं की देखरेख करता है, जिसमें सत्र की योजना बनाने से लेकर तैयार उत्पाद तक शामिल है। एक संगीत निर्माता के रूप में, आप उपकरण उपलब्ध कराने, स्टूडियो समय निर्धारित करने और धन, लागत और अन्य खर्चों को संभालने के लिए जिम्मेदार होंगे। एक संगीत निर्माता को संगीत का गहन ज्ञान होना चाहिए, प्रदर्शन के अनुभव वाला संगीतकार होना चाहिए और रिकॉर्डिंग उपकरण और ध्वनि इंजीनियरिंग के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। आपके द्वारा उत्पादित अंतिम उत्पाद एक गुणवत्तापूर्ण संगीत कृति का निर्माण और प्रकाशन होना चाहिए। एक संगीत निर्माता के रूप में आपकी नौकरी का एक प्रमुख पहलू गुणवत्तापूर्ण ध्वनियाँ बनाना है जो अन्य सभी सदस्यों को संतुष्ट करती हैं। म्यूजिक प्रोडक्शन और इंजीनियरिंग या म्यूजिक बिजनेस में बैचलर ऑफ म्यूजिक जैसी डिग्री आपके लिए म्यूजिक प्रोड्यूसर बनने में मददगार साबित होगी। एक अनुभवी निर्माता प्रति वर्ष 12,00,000 रुपये तक कमा सकता है। संगीतकार या गायक- संगीतकार और गायक लाइव दर्शकों और रिकॉर्डिंग स्टूडियो में वाद्ययंत्र बजाते हैं या गाते हैं। वे शास्त्रीय, जैज़, ओपेरा, हिप-हॉप या रॉक जैसी विभिन्न शैलियों में प्रदर्शन करते हैं। संगीतकारों का काम वाद्ययंत्र बजाना और कभी-कभी लाइव दर्शकों और रिकॉर्डिंग सत्र दोनों के लिए गाने गाना है। जबकि, एक गायक किसी गीत का मुख्य गायन करता है। एक गायक किसी ट्रैक की मुख्य स्वर पंक्ति गाता है। वह प्रदर्शन का मुख्य फोकस होता है, एक बैंड के विपरीत, जिसके नियमित सदस्य होते हैं जो दौरा करते हैं, रिकॉर्ड करते हैं और आम तौर पर बराबर बजाते हैंएक साथ प्रदर्शन में भूमिकाएँ। संगीत सिद्धांत या संगीत प्रदर्शन में स्नातक की डिग्री की सिफारिश की जाती है। एक गायक या संगीतकार की वार्षिक आय पूरी तरह से गायक की क्षमता और प्रतिभा पर निर्भर करती है। ध्वनि डिजाइनर- ध्वनि डिजाइनर सभी ध्वनि प्रभावों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार हैं, चाहे वे किसी विशिष्ट उत्पादन के लिए रिकॉर्ड किए गए हों या लाइव हों। वे ध्वनि प्लेबैक उपकरण स्थापित करने के लिए भी जिम्मेदार हैं और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि बोर्ड ऑपरेटर ठीक से प्रशिक्षित है। साउंड डिज़ाइनिंग उत्पादन का एक कलात्मक घटक है। साउंड डिज़ाइनर के पास ध्वनि प्रभाव बनाने की कल्पनाशक्ति होनी चाहिए, न कि केवल उन्हें पुनः रिकॉर्ड करने की। किसी फिल्म के माहौल के लिए निर्देशक की रचनात्मक दृष्टि को समझने और साकार करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, अच्छी ध्वनि रिकॉर्डिंग उत्पादन के समय और पोस्ट-प्रोडक्शन में पैसा बचा सकती है। एक साउंड डिजाइनर के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और साउंड रिकॉर्डिंग, प्लेबैक और संपादन उपकरण की अच्छी समझ, उत्कृष्ट श्रवण कौशल और दिशा देने और स्वीकार करने की क्षमता होनी चाहिए। साउंड डिज़ाइनर बनने के लिए साउंड डिज़ाइन में स्नातक और मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है। एक साउंड डिजाइनर प्रति वर्ष 6,00,000 रुपये तक कमा सकता है। संगीत निर्देशक- संगीत निर्देशकों को कंडक्टर के रूप में भी जाना जाता है, वे ऑर्केस्ट्रा आदि जैसे संगीत समूहों का नेतृत्व करते हैं। वे प्रदर्शन के लिए संगीत का चयन करते हैं, प्रदर्शन की व्यवस्था करते हैं और संगीतकारों के साथ काम करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अच्छा प्रदर्शन करें। वे रिहर्सल और प्रदर्शन का नेतृत्व भी करते हैं। वे अक्सर संगीत समूह का नेतृत्व करने के कई प्रशासनिक विवरणों के लिए जिम्मेदार होते हैं। संगीत निर्देशक विभिन्न प्रकार के संगीत समूहों के साथ काम करते हैं, जिनमें स्कूल बैंड, युवा ऑर्केस्ट्रा और प्रदर्शन कंपनियां शामिल हैं, या वे टेलीविजन या रेडियो शो के लिए भी काम कर सकते हैं। एक सफल संगीत निर्देशक रचनात्मक, दृढ़ और भरोसेमंद होता है। उनके पास उत्कृष्ट पारस्परिक कौशल है और वे भीड़ के सामने चमकते हैं। प्रदर्शन कला में एक संगीत निर्देशक के पास संचालन, संगीत सिद्धांत, संगीत रचना, या एक विशिष्ट उपकरण जैसे संगीत कार्यक्रमों में मास्टर और पीएचडी की डिग्री होती है। एक संगीत निर्देशक का औसत वार्षिक वेतन लगभग 9,00,000 रुपये है। संगीत संपादकः संगीत संपादक निर्देशकों को फिल्मों में उनकी संगीत संबंधी महत्वाकांक्षाओं को हासिल करने में मदद करते हैं और फिल्म और संगीतकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी प्रदान करते हैं। वे साउंडट्रैक की संरचना करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी घटक एक साथ काम करते हैं। फ़िल्म संगीत के सफलतापूर्वक काम करने के लिए इसे खूबसूरती से लिखा जाना चाहिए, अच्छा प्रदर्शन किया जाना चाहिए और कहानी और सेटिंग के अनुरूप होना चाहिए। इसके अलावा, इसे बहुत सावधानी से फिल्म के भीतर रखा जाना चाहिए, ताकि एक्शन को अलग करने के बजाय उसे पूरक बनाया जा सके। प्रत्येक फिल्म की संगीत सामग्री और बजट के अनुसार उनकी जिम्मेदारियाँ अलग-अलग होती हैं। वे आम तौर पर फिल्म साउंडट्रैक पर प्रदर्शित सभी संगीत के लिए जिम्मेदार होते हैं, जिसमें प्रस्तुत संगीत, सभी स्रोत और संगीतकार द्वारा विशेष रूप से फिल्म के लिए लिखे गए स्कोर शामिल हैं। संगीत संपादक के रूप में अपना करियर बनाने के लिए संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री आवश्यक है। एक संगीत संपादक सालाना 6,00,000 रुपये तक कमा सकता है। संगीत शिक्षकः संगीत शिक्षक घर, स्कूल या कॉलेज में विद्यार्थियों यानी वयस्कों और बच्चों को संगीत वाद्ययंत्र बजाने या गाने के बारे में संगीत की शिक्षा देते हैं। कुछ संगीत शिक्षक लोगों को संगीत सिद्धांत के बारे में भी पढ़ाते हैं। वे लोगों को वाद्य तकनीक, स्केल, दृष्टि पढ़ना और संगीत सिद्धांत सिखाने के लिए जिम्मेदार हैं, अधिकांश संगीत शिक्षक विद्यार्थियों को संगीत परीक्षाओं, ऑडिशन और लाइव प्रदर्शन के लिए तैयार करने में मदद करते हैं। कुछ लोग लोगों को रिकॉर्डिंग सॉफ्टवेयर के बारे में भी सिखा सकते हैं, जैसे कि पीआरश उपकरण और तर्क। जबकि संगीत का उपहार साझा करना फायदेमंद और संतुष्टिदायक हो सकता है, संगीत सिखाना सिर्फ संगीत के बारे में नहीं है। आपके पास प्रभावी कक्षा प्रबंधन कौशल होना चाहिए और यह जानना होगा कि अपने छात्रों की प्रगति का आकलन और ग्रेडिंग कैसे करें। संगीत शिक्षकों के पास संगीत शिक्षा में कम से कम स्नातक की डिग्री होनी चाहिए, लेकिन कई शिक्षक संगीत प्रदर्शन या संगीत शिक्षा में मास्टर डिग्री या डॉक्टरेट की डिग्री भी हासिल करते हैं। एक संगीत शिक्षक प्रति वर्ष लगभग 4,50,000 रुपये कमा सकता है। रिकॉर्डिंग इंजीनियर- एक रिकॉर्डिंग इंजीनियर का काम केवल ऑडियो रिकॉर्ड करना नहीं है, बल्कि इसे संपादित करना और इस तरह से मिश्रण करना है कि ऑडियो ध्वनि को यथासंभव सर्वोत्तम बनाया जा सके। सर्वोत्तम ध्वनिक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए आप लाइव इवेंट, रिकॉर्डिंग या पोस्ट-प्रोडक्शन में ध्वनि उपकरण स्थापित और संचालित करेंगे। आमतौर पर रिकॉर्डिंग इंजीनियर द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरणों में डिजिटल रिकॉर्डर, सुनने के उपकरण, मिक्सिंग बोर्ड और परिष्कृत कंप्यूटर प्रोग्राम और सॉफ्टवेयर शामिल हैं। रिकॉर्डिंग इंजीनियर को कला और विज्ञान के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन बनाना चाहिए और कलाकार के संगीत संबंधी सपनों को साकार करने के लिए उसकी जरूरतों को संप्रेषित करने और समझने में सक्षम होना चाहिए। इसके लिए कंप्यूटर, इंजीनियरिंग या सूचना विज्ञान या समकक्ष में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। एक साउंड इंजीनियर का औसत वेतन 4,00,000 रुपये प्रति वर्ष है। संगीत स्टूडियो प्रबंधकः स्टूडियो प्रबंधक सत्र से पहले भवन रखरखाव और स्टूडियो तैयारी की देखरेख करके स्टूडियो को कुशलतापूर्वक चलाना सुनिश्चित करते हैं। संगीत उद्योग में काम करने वाले स्टूडियो प्रबंधक आमतौर पर रिकॉर्डिंग स्टूडियो की देखरेख करते हैं और रिकॉर्डिंग के लिए कलाकारों को शेड्यूल करते हैं। कुछ संगीत स्टूडियो प्रबंधक रिकॉर्डिंग स्टूडियो के मालिक भी हैं। वे मार्केटिंग और विज्ञापन की देखरेख करते हैं, बजट डिजाइन करते हैं और ग्राहकों और इंजीनियरों के बीच कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। क्योंकि वे अक्सर वित्तीय मामलों को संभालते हैं, इच्छुक रिकॉर्डिंग स्टूडियो प्रबंधकों को भी वित्तीय पृष्ठभूमि होने से लाभ होता है। वे एक पेशेवर रिकॉर्डिंग स्टूडियो के लिए आवश्यक सभी आवश्यक उपकरण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं। एक स्टूडियो मैनेजर के संगीत व्यवसाय में जितने अधिक संपर्क होंगे, रिकॉर्डिंग स्टूडियो की व्यावसायिक सफलता की संभावना उतनी ही बेहतर होगी। उनके पास आमतौर पर संचार, प्रसारण, संगीत उत्पादन या इंजीनियरिंग में शैक्षिक पृष्ठभूमि होती है। एक स्टूडियो मैनेजर का शुरुआती वेतन लगभग 4,00,000 रुपये प्रति वर्ष है। वाद्य यंत्र वादक : वाद्यवादक एक संगीतकार होता है जो एक या एक से अधिक संगीत वाद्ययंत्र बजाता है और विभिन्न प्रकार की संगीत शैलियों का प्रदर्शन करता है। वाद्य यंत्रवादक एकल कलाकार के रूप में प्रदर्शन कर सकता है या संगत के साथ गायन में बजा सकता है, या ऑर्केस्ट्रा या बैंड जैसे संगीत समूह के सदस्य के रूप में कार्य कर सकता है। लाइव प्रदर्शन में प्रदर्शन करने और संगीत स्टूडियो में रिकॉर्डिंग में भाग लेने के अवसर भी मिलेंगे। ऐसे कई गुण हैं जो एक वाद्य यंत्र वादक की सफलता में मदद करते हैं, जिसमें एक या अधिक वाद्ययंत्र बजाने में संगीत कौशल के क्षेत्र में उच्च स्तर की शिक्षा और अनुभव, संगीत पत्रक को पढ़ने और उनसे बजाने की क्षमता और उनके भुगतान के तरीके को अपनाना शामिल है। उनका वाद्य यंत्र दर्शकों द्वारा वांछित विशिष्ट शैली पर निर्भर करता है। इस करियर में सफल होने के लिए एक लचीला व्यक्ति होना और कई प्रकार के समूहों के सामने प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहना आवश्यक है। हालाँकि एक वाद्ययंत्र वादक के लिए कोई विशिष्ट शैक्षिक आवश्यकता नहीं है, उन्हें अपनी पसंद का वाद्ययंत्र बजाने में अत्यधिक कुशल होना चाहिए जो केवल वर्षों के अभ्यास और प्रशिक्षण के साथ ही आ सकता है। एक वाद्ययंत्र वादक की आय उसके द्वारा बजाए जाने वाले वाद्ययंत्र के प्रकार पर निर्भर करती है। अगर आपमें जुनून है संगीत के लिए, आप देख सकते हैं कि संगीत से संबंधित विभिन्न प्रकार के करियर उपलब्ध हैं। प्रत्येक संगीत कैरियर के लिए एक अद्वितीय कौशल सेट और अन्य आवश्यक पृष्ठभूमि की आवश्यकता होती है।

# रामनवमी का पहला महावीरी झंडा 1918 में एक मुस्लिम दर्जी ने किया था तैयार



**विजय केसरी**

1918 में स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जयंती पर चैत्र शुक्ल नवमी को हजारीबाग में पहला महावीरी झंडा अपने पांच मित्रों के साथ निकाला था। यह छह व्यक्तियों जुलूस नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ समाप्त हुआ था। इस जुलूस में शामिल पहला महावीरी झंडा लाल साटन के वस्त्र से तैयार किया गया था। यह महावीरी झंडा छोटे आकार का था। इस महावीरी झंडा में राम, सीता और हनुमान जी की आकृति उकीरी हुई थी। गुरु सहाय ठाकुर चार - पांच वर्षों तक इसी महावीरी झंडा को लेकर चैत्र शुक्ल नवमी के दिन जुलूस निकालते रहे थे। गुरु सहाय ठाकुर ने इस महावीरी झंडा को हजारीबाग के एक स्थानीय मुस्लिम दर्जी से तैयार करवाया था। इस पहला महावीरी झंडा को उक्त मुस्लिम दर्जी ने बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से निर्मित किया था। महावीर झंडा में राम, सीता और हनुमान जी के चित्र को गुरु सहाय ठाकुर ने स्वयं अपने हाथों से स्केच किया था। उस स्केच पर मुस्लिम दर्जी ने नकली चांदी नुमा पत्तर से राम, सीता और हनुमान जी की आकृति को आकार प्रदान किया था।

मुस्लिम दर्जी ने इस महावीरी झंडा को अपने हाथों से सील कर तैयार किया था। इस कार्य में उसने सिलाई मशीन का कोई भी सहारा नहीं लिया था। जब पहला महावीरी झंडा बनाकर तैयार हुआ था, गुरु सहाय ठाकुर इस झंडा को देखकर प्रफुल्लित हो उठे थे। उन्होंने उस दर्जी को अपने सीने से लगाकर बधाई दिया था। दोनों की आंखें भर आई थीं । गुरू सहाय ठाकुर ने उक्त मुस्लिम दर्जी से पारिश्रमिक पूछा तो दर्जी ने यह कहते हुए पारिश्रमिक लेने से इनकार कर दिया कि ठाकुर जी ! आपने गले लगा कर मुझे बधाई दे दिया, इससे बड़ी और क्या पारिश्रमिक हो सकती है। अल्लाह का दिया मेरे पास सब कुछ है। मैंने अपने जीवन में पहली बार भगवान राम, सीता और हनुमान जी की आकृति वाला झंडा में बनाया हूं। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यह सुनने के बाद भी गुरु सहाय ठाकुर ने दर्जी से कुछ भी पारिश्रमिक ले लेने के लिए आग्रह किया लेकिन दर्ज़ी ने महावीरी झंडा बनाने के एवज कुछ भी रकम नहीं लिया था। इस बात की चर्चा गुरु सहाय ठाकुर कई वर्षों तक अपने मित्रों और रामनवमी की बैठकों में करते रहे थे। आज इस धरा पर न गुरू सहाय ठाकुर जीवित हैं। और न ही वह मुस्लिम दर्जी जीवित है। उन दोनों महानुभावों के महावीरी झंडा के पीछे छिपे सांप्रदायिक सौहार्द को समझने की जरूरत है। उसे अपने जीवन में उतरने की जरूरत है। हिंदू - मुस्लिम दोस्ती का इससे बेहतर और क्या उदाहरण हो सकता है ? भगवान राम ने जिस राम राज्य की अवधारणा को त्रेता युग में कायम किया था। वह अवधारणा उस कालखंड में भी बनी हुई थी। यह संपूर्ण हजारीबाग वासियों के लिए गौरव की बात रही।

हजारीबाग की धरती प्रारंभ से ही सांप्रदायिक सौहार्द के रूप में जानी जाती रही है। यहां की संस्कृति में सांप्रदायिक सौहार्द, भाईचारा और प्रेम इस तरह घुली मिली हुई है कि हम सब अलग-अलग धर्म, पंथ और विचार के होकर भी एक साथ मिलजुल कर एक दूसरे के त्योहारों को बड़े ही आत्मीय भाव से मनाते चले आ रहे हैं।

गुरु सहाय ठाकुर द्वारा 1918 में पहला महावीरी झंडा निकाला गया था। तब शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह जुलूस इंटरनेशनल रामनवमी के रूप में



तब्दील हो जाएगा। यह जुलूस प्रारंभ में एक झंडा से शुरू होकर सैकड़ो महावीरी झंडों फिर हजारों झंडो में तब्दिल हो गया था। शुरुआती दौर में छोटे-छोटे महावीरी झंडें शामिल होते थे। बाद में कुछ बड़े महावीरी झंडें शामिल होने लगे थे। 1946 तक पहुंचते - पहुंचते महावीरी झंडों के आकार काफी बड़े हो चुके थे ।

1951 - 52 तक पहुंचते पहुंचते गगन चुंबी महावीरी झंडे रामनवमी के जुलूस में शामिल होने लगे थे । इन गगनचुंबी महावीरी झंडो की संख्या हजारों तक पहुंच गई थी। तब की रामनवमी जुलूस में महावीरी झंडों की भरमार हुआ करती थी। लोग दूर-दूर से इन महावीरी झंडों को देखने के लिए जुलूस में शामिल होते थे । उस कालखंड में हजारीबाग में कपड़े सिलाई के कार्य में अधिकांश मुस्लिम दर्जी ही हुआ करते थे । इसलिए स्वाभाविक है कि इन महावीरी झंडों को मुस्लिम दर्जी ही तैयार किया करते थे।

रामनवमी के अवसर पर बनने वाले महावीर झंडों से मुस्लिम दर्जियों को एक अच्छी खासी आमदनी होने लगी थी। मुस्लिम दर्जी भी बड़े ही प्यार और सद्भाव से इन झंडों को तैयार किया करते थे। मुस्लिम दर्जी इन महावीरी झंडो में राम दरबार तक बन चुके हैं। हर एक दर्जी इन महावीरी झंडों को पूरी शिद्दत और लगन से बनाते चले आ रहे हैं। आज भी यह परंपरा कायम है। हजारीबाग के सैकड़ो मुस्लिम दर्जी महावीरी झंडा तैयार करने में जुड़े हुए हैं। आज हजारीबाग का बाजार इन महावीरी झंडों से भरा पड़ा हुआ है। इन महावीरी झंडों का कारोबार हर साल करोड़ों रुपयों तक पहुंच गया है। यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि 1906 में स्थानीय पंच मंदिर में बनारस से एक महावीरी झंडा बनकर आया था, जिसमें चांदी से पूरा राम दरबार उकेरा हुआ था। यह महावीरी झंडा हर वर्ष चैत्र शुक्ल नवमी के दिन पंच मंदिर में फहराया जाता था। इस महावीरी झंडा में अद्भुत कारीगरी की गई थी। इस महावीरी झंडा को भी बनारस के मुस्लिम दर्जियों नहीं मिलकर तैयार किया था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर के ही प्रयास से पहली बार 1925 - 26 के आसपास रामनवमी के जुलूस में शामिल किया गया था। जब पंच मंदिर के इस महावीर झंडा को हजारीबाग नगर से निकलने वाले जुलूस में शामिल किया गया था, तब इस महावीरी झंडा को देखने के लिए अपार जनसमूह इकट्ठा हो गई थी । हजारीबाग के कुछ राम भक्तों ने बनारस से इस तरह के महावीरी झंडे बनवाकर अपने-अपने घरों व जुलूस में शामिल किए थे। बाद में हजारीबाग के मुस्लिम दर्जी भी बनारस की तरह महावीरी झंडा बनाने में जुट गए थे।

1918 में हजारीबाग से रामनवमी जुलूस की शुरुआत हुई थी। 1929 के आसपास झारखंड की राजधानी रांची में रामनवमी के जुलूस का शुभारंभ हुआ था। रामनवमी के अवसर पर रांची में भी जुलूस निकाले, इस निमित्त गुरु सहाय ठाकुर ने रांची जाकर वहां के लोगों से मिलकर जुलूस निकालने के लिए आग्रह किया था। गुरु सहाय ठाकुर के सत प्रयास और आग्रह पर ही रांची में पहली बार 1929 में रामनवमी का जुलूस निकाला गया था। वहां भी छोटे-छोटे महावीरी झंडों से ही जुलूस की शुरुआत हुई थी। रांची के बाद आसपास के समस्त जिलों में रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकालने लगे थे। तब झारखंड बिहार का ही एक हिस्सा हुआ करता था। जिस तेजी के साथ झारखंड के विभिन्न जिलों में रामनवमी के अवसर पर महावीरी झंडा जुलूस निकालने की परंपरा तेज हुई थी, बिहार के अन्य जिलों में यह परंपरा उतनी तेजी के साथ फैल नहीं हो पाई थी।

आज संपूर्ण झारखंड पूरा चैत्र मास राममय हो जाया करता है। 1918 में हज़ारीबाग से एक महावीरी झंडा से शुरू किया गया यह महावीरी झंडा जुलूस लाखों महावारी झंडा जुलूस में परिवर्तित हो चुका है। झारखंड के महावीरी झंडा इतिहास के लिए यह गौरव व स्वर्णिम बात है कि इन महावीरी झंडों को तैयार करने में प्रांत के मुस्लिम दर्जियों के अवदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। इस प्रांत के लगभग मुस्लिम दर्जी जो महावीरी झंडों के निर्माण से जुड़े हुए हैं। सभी मुस्लिम दर्जी दिन - रात एक कर समय पर सभी राम भक्तों को महावीर झंडो की आपूर्ति कर रहे हैं। यह गंगा - जमुनी संस्कृति को और भी मजबूती प्रदान कर रही है।

रामनवमी के अवसर पर झारखंड के लगभग हिंदू धर्मावलंबियों के घरों में महावीरी झंडें लहराते देखें जाते हैं । हिंदू धर्मावलंबी बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और विधि विधान के साथ इन महावीरी झंडों की पूजा अर्चना कर अपने अपने घर में लहराते हैं। इन अधिकांश महावीरी झंडों को हमारे प्रांत के मुस्लिम दर्जी ही तैयार करते हैं। रामनवमी के अवसर पर लहराते महावीरी झंडें हम सबों को सांप्रदायिक सौहार्द और मिलजुल कर रहने की सीख प्रदान करता है।




### मेष
मेष : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

### वृषभ
वृष : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

### मिथुन
मिथुन : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

### कर्क
कर्क : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

### सिंह
सिंह : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़नेके अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

### कन्या
कन्या : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

### तुला
तुला : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

### वृश्चिक
वृश्चिक : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

### धनु
धनु : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है।

### मकर
मकर : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

### कुंभ
कुंभ : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा।

### मीन
मीन : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात बोलेरो के चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल

**मुखिया रीता देवी ने घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया**



**बरकट्ठा (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित पचफेड़ी चौक के आगे अज्ञात बोलेरो ने दो मोटरसाइकिल सवार को धक्का मार फरार हो गया, जिससे दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की शिनाख्त चेचकपी पंचायत के ग्राम लारहो निवासी के रुप में की गई। घायलों में जयराम सिंह 45 वर्ष पिता जगदीश सिंह,तथा सोना सिंह 37 वर्ष पिता डूमचंद सिंह हैं। दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल से काम करके झिंगीबराय की ओर से घर आ रहे थे। इसी क्रम में एक अज्ञात बोलेरो ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इसकी सूचना चेचकपी पंचायत मुखिया रीता देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को मिलते ही आनन-फानन में अपना बोलेरो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचाया। जहां इनका इलाज चल रहा है।

### बड़कागांव : छठ व्रतियों ने आस्थाचल गामी सूर्य को दिया अर्घ्य, आज होगा समापन



**बड़कागांव (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के तमाम गांव में चैती छठ पूजा श्रद्धा के साथ की जा रही है। रविवार को तमाम छठ घाट में आस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य दिया। ग्रामीण युवकों की टोली ने छठ माता के प्रति आस्था व श्रद्धा के साथ गांव के विभिन्न टोले मुहल्ले सहित छठघाट की साफ -सफाई की व नदी में पानी के लिए गड्डे कर पानी जमाव किया। जिससे छठव्रतियों को किसी प्रकार कोई कष्ट न हो पाए साथ ही लाइट व सांउड की व्यवस्था छठ घाट में कराया गया। इसमें एसबीआई सीएसपी इंचार्ज राजु कुमार राणा की मुख्य भूमिका रही। वहीं मुख्य रूप से वार्ड सदस्य संतोष कुमार, दिनेश कुमार, अशोक राम, प्रभु राम, रोहित साव, रीझन साव, महेश साव, गेन्दो साव, कृष्णा कुमार साव, जग्गू राम, सुकर गंझु, संजय राम, चंदन राणा, दिलीप राणा, खेमलाल रजक, अरुण कुमार रौशन, बिजली राम, विजय राम, किटी राम, सत्येन्द्र कुमार, उदय राणा, अक्कू राणा सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### केरेडारी : छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को दिया पहला अर्घ्य

**केरेडारी (प्रातः आवाज)।** चैती छठ के तीसरे दिन श्रद्धालु भक्तों ने रविवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना किया। छठ गीतों के साथ प्रखंड क्षेत्र पेटो, कराली, केरेडारी, बरियातू, कंडाबेर, गर्री कला, जोरदाग, पचड़ा, बुंडू, पताल, बेंगवरी सहित अलग अलग जगहों पर दंडवत देते हुए जलाशयों में जाकर छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया। इस दौरान समूचा क्षेत्र छठ गीतों की मधुर धुन से भक्तिमय हो गया है। सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना करने के बाद पारण कर 36 घंटे का उपवास खत्म करेंगी। शास्त्रों के अनुसार पुरे नियम के साथ इस व्रत का अनुष्ठान करने पर सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। वहीं रामनवमी व वासंतिक नवरात्र के साथ चैती छठ के अनुष्ठान का विशेष महत्व होता है।

### दारू : सनराइज पब्लिक उच्च विद्यालय की मनाई गई चौथी वर्षगांठ




**दारु (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र के पेटो स्थित सनराइज पब्लिक उच्च विद्यालय की चौथी वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर मे रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विधिवत शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक आशीष राउत, निर्देशक सीमा सिंह, प्रधानाध्यापिका सीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक द्वारा उपस्थित पत्रकार व अतिथियों को मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों को स्वागत किया। इसके साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रबंधक श्री राउत ने विद्यालय के नित नये बढ़ते कदमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन पंकज हिंदुस्तानी, अमर भारती और नैना प्रसाद ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार, आशीष कुमार, सौरभ साहा, रिंकू रजक, रामविलाश राउत, सुबोध कुमार, निशांत सिन्हा, कौशल कुमार, निधि स्नेहा, कविता देवी, खुशी सिन्हा, दिव्या कुमारी के साथ बच्चों व अभिभावक सहित संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे।





## सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबा साहेब की मनाई जयंती

# निकाली रैली, पद चिन्हों पर चलने का आह्वान



### झरपो में डॉ. अंबेडकर जयंती पर उनके योगदान को किया गया याद

**टाटीझरिया (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के झरपो पंचायत भवन परिसर में अंबेडकर युवा मंच के द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। झरपो पंचायत के मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि कुमार वर्णवाल, समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार दास, सचिव पिंटु रविदास, उपाध्यक्ष राजकुमार दास, कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार, उपकोषाध्यक्ष बसंत राम व अन्य ने बाबा साहब के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। मौके पर अर्जुन राम, शंकर राम, संतोष राम, सूरज दास, गणेश दास, राहुल रविदास, शंभू राम, सुदेश राम समेत समस्त ग्रामीण शामिल रहे।

### बरही : भीम आर्मी के युवाओं ने निकाली बाइक रैली



**बरही (प्रातः आवाज)।** भारत के संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बरही में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर बरही जिला परिषद बस पड़ाव परिसर में भीम आर्मी के युवाओं ने केक काटकर बाबा साहेब की जयंती मनाई। जिसके बाद भीम आर्मी की ओर से बरही शहर में भव्य बाइक रैली निकाली गई। यह रैली बरही के चारो मुख्य मार्गों में भ्रमण किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया, जिसका नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने किया। वहीं युवाओं के हाथों में नीले झंडे लेकर ओर बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। बाइक रैली पुनः बस पड़ाव पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। मौके पर भीम आर्मी अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि बाबा साहब के आदर्श को अपनाना है तो अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षा ग्रहण कराएं, तभी वह अपना अधिकार को जान सकेगा। मौके पर जिला सचिव राहुल अंबेडकर, प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव, सूरज दास, सुनील कुमार, छोटी राज आर्यन, अनुज रविदास, दिनेश कुमार, राजू पासवान, सुरेंद्र पासवान, सूरज पासवान, अशोक पासवान, सिकंदर कुमार, सुरेंद्र कुमार, कैलाश रविदास, रोशन कुमार, भीम कुमार, सचिन कुमार, अजीत कुमार, अमिताभ आलम, जितेंद्र पासवान, राकेश कुमार दास, गौतम रवि, विकास कुमार, समेत सैकड़ों भीम आर्मी के नवयुवक शामिल थे।

### मेरू : डॉ. बीआर अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हुए एसआरएम मॉडल स्कूल सिलवार के विद्यार्थी

**मेरू (प्रातः आवाज)।** स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन हजारीबाग के सौजन्य के नेतृत्व में रविवार को डॉ. बीआर अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा कदाचार मुक्त ली गई। जिसमें सदर प्रखंड स्थित एसआरएम मॉडल सिलवार के कक्षा तीन से इंटरमीडिएट तक के लगभग 40 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस परीक्षा के लिए हजारीबाग ज्ञान ज्योति इंटरमीडिएट कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। संचालक अजहर अंसारी ने बताया की इस परीक्षा में कक्षा समूह वार प्रथम, द्वितीय, तृतीय और टॉप टेन आने वाले छात्र-छात्राओं को स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर छात्रवृत्ति, लैपटॉप, टैब, एंड्राइड मोबाइल , डिजिटल वॉच, बैग, मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र इत्यादि देकर सम्मानित किया जाएगा।

### इचाक : अलॉन्जा में रविदास विकास समिति ने मनाया बाबा साहेब की जयंती

**इचाक (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के अलौंजा खुर्द के रविदास विकास समिति की ओर से बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथि प्रमुख पार्वती देवी, प्रखंड रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर राम, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर दास, गंदोरी राम, सेवा राम, केशव राम, डा सुनील दास, जितेंद्र दास, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, पूर्व प्रमुख सरिता देवी ने संयुक्त रूप के क काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंच का संचालन शिक्षक अर्जुन कुमार दास जी किया। मौके पर धनेश्वर राम, नाथो राम, सुरेंद्र, नेमीचंद, संजय, रिंकू, रतन, सवितर, राजकुमार, संतोष, कुलजीत, बसंत, अशोक सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### चलकुशा : जयंती में जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत

**चलकुशा (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के अलगडीहा के नरेना चौबे खरगू चालकुशा में बाबा साहेब की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य सविता सिंह, अध्यक्ष वासुदेव दास, सचिव बालेश्वर दास, पंचायत समिति प्रतिनिधि धनेश्वर दास त्रिवेणी दास, पूर्व उप मुखिया श्याम सुंदर यादव ने बाबा साहेब की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर वार्ड सदस्य विनोद दास, दशरथ दास, बहादुर दास, बंधन दास, लड्डू दास, छतरी दास, मनोज दास, मन्नू दास, सुरेंद्र दास, उमेश दास, पप्पू दास, भोला दास, रामप्रसाद दास, अशोक दास समेत भारी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### केरेडारी प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



**केरेडारी (प्रातः आवाज)।** केरेडारी प्रखंड के कई गांवों में रविवार को बाबा साहेब की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनके नमन किया गया। प्रखंड के बेलापेटो में बाबा साहेब की तस्वीर पर प्रमुख सुनीता देवी, कराली मुखिया अशोक राम, पेटो मुखिया कौशलिया देवी माल्यार्पण व फूल अर्पित कर और केक काटकर शुभारंभ किया गया। इसके अलावा सलगा, बेंगवारी, गोपदा, गररिकला कला सहित कई गांव में अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान बाबा साहेब के जीवन से संबंधित रंगारंग गीत - संगीत कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक किया गया। बेंगवरी, सलगा गांव में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अंबा प्रसाद ने की। कई जगहों पर रैली भी निकाली गई। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख सुनीता देवी, मुखिया कौशलिया देवी, अशोक राम, पार्वती देवी, महेश प्रसाद, साव, दिनेश साव के अलावे बैजनाथ महतो, सुरेश साव, गुरुदयाल साव, भुनेश्वर राम, रामेश्वर राम, पेरू प्रताप राम, अर्जुन राम, रामेश्वर साव, रामोतार रजक, अर्जुन रजक, उपेन्द्र रजक, रामबृक्ष राम, पप्पू दास, राम चलितर राम, महेश राम, बिनोद राम, मिथलेश राम, कृष्णा राम, रामनरेश राम सहित सैकड़ों महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

### बड़कागांव में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**बड़कागांव (प्रातः आवाज)।** प्रखंड में डॉ. अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बड़कागांव काली मंदिर स्थित अंबेडकर की आत्मकथा प्रतिमा पर प्रमुख फुलवा देवी ने अपने सहयोगियों के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान फुलवा देवी ने कहा कि हमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की बताए हुए मार्ग पर चलना है। बड़कागांव के अलावा सोनबरसा जुगरा, चंदौल, बादम, बाबूपारा गांव के अलावा कई गांवो में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर इब्राहिम, सोनू इराकी, प्रभु राम, शंकर भुइयां, महावीर राम, रघुनाथ राम, रामवृक्ष राम, सनी कुमार, अविनाश कुमार, सूरज कुमार, मिथुन कुमार, पवन कुमार रवि के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## इचाक में मतदाता जागरूकता को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन

### लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदाताओं की भूमिका अहम : बीडीओ



**इचाक (प्रातः आवाज)।** प्रखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर लक्ष्य नवयुवक संघ के पहल पर कैरियर स्टडी प्वाइंट के सहभागिता से रन फोर वोट एंड रन फोर हेल्थ नामक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, सीआई लवकेश सिंह, बीपीओ राजीव आनंद, अंचल सहायक ओम प्रकाश, बीपीएम जेएसएलपीएस समेत कई पदाधिकारी, पत्रकार, यूवक युवतियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। रनिंग के बाद संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने उपस्थित लोगो को मतदान के प्रति शपथ दिलवाया। मैराथन दौड़ परियोजना बालिका उच्च विद्यालय से प्रारंभ होकर खत्री मोहल्ला, कुंजारा मुहल्ला, थाना रोड होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। इस दौरान बाबा साहेब डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ संतोष कुमार ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का अपील किया। कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदाताओं की भूमिका अहम होती है। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में इचाक का मतदान प्रतिशत 64.15 प्रतिशत था जो अभी के औसत मतदान की तुलना में काफी कम है। जागरूकता का अभाव अथवा पलायन के कारण अधिक लोग मतदान नहीं कर सकते ऐसे में मैराथन दौड़ के जरिए लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जो एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता आगे आएं और 18 वर्ष से अधिक उम्र के जिन युवाओं का मतदाता सूची में नाम नही है वे आंगनबाड़ी सेविका जो बीएलओ का काम कर रही है, उनसे संपर्क कर 23 अप्रैल तक फॉर्म-6 भर कर मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कर लें। हम होम टू वोट के तहत फॉर्म-12 भरकर दिव्यांग, वृद्ध अथवा लाचार मतदाता के घर जाकर मतदान कराएंगे। वहीं कुछ लाचार मतदाताओं के लिए वाहन की भी व्यवस्था होगी। बीपीओ राजीव आनंद ने कहा कि मैराथन दौड़ का उद्देश्य प्रखंड में मतदाता प्रतिशत को बढ़ाना है। कार्यक्रम को अंचल निरीक्षक लोकेश सिंह, बीपीएम शिवसागर बड़ई, बादल कुमार, जेई नवल कुमार समेत कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवा अजीत कुमार, लक्ष्मी कुमारी, संदीप कुमार, शोभा कुमारी, अजीत कुमार, पुष्पा कुमारी, मोहित कुमार, ममता कुमारी, विनीत कुमार और काजल कुमारी को मोमेंटो और कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्य नवयुवक संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुमार और कैरियर प्वाइंट के आकाश कुमार ने किया। मौके पर अनेक लोग मौजूद थे।

### बरही : उपमुखिया ने संघ का किया गठन, अध्यक्ष बने रोहित यादव



**बरही (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के कोनरा पंचायत भवन में उप मुखिया की एक बैठक हुई। जिसमें सभी पंचायत के उपमुखिया शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता धनवार पंचायत के उपमुखिया दामोदर वर्मा ने किया। बैठक में डॉ भीमराव अंबेडर की जयंती पर बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उपमुखिया संघ का गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें खोड़ाहर पंचायत के रोहित यादव उपमुखिया संघ के अध्यक्ष बने। वहीं सचिव करसो पंचायत के बालेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष बरही पश्चिमी के अजीत निषाद को मनोनित गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए अगले बार की बैठक में निर्णय लेने का प्रस्ताव लिया गया। वहीं सर्वसम्मति से संघ के कोष में निर्धारित राशि जमा करने की बात की गई। साथ ही हर माह के 5 तारीख को बैठक की तिथि रखी गई एवं संघ को मजबूती, क्षेत्र में हो रहे मनमानी एवं आम जनों के साथ हो रहे लापरवाही पर नकेल कसने एवं अन्य विषयों पर चर्चा हुई। मौके पर उपमुखिया बलराज यादव डपोक पंचायत, दामोदर वर्मा धनवार पंचायत, विनोद यादव पंचमाधव पंचायत प्रतिनिधि, अशोक राणा बेंदगी पंचायत ,संतोष कुमार प्रजापति करियातपुर पंचायत प्रतिनिधि, मोहम्मद इजहार कोनरा पंचायत प्रतिनिधि, वीरेंद्र कुमार रसोईया धमना पंचायत, विनोद यादव बसरिया पंचायत प्रतिनिधि, फिरोज निजामी मलकोको पंचायत प्रतिनिधि, मनोज उपाध्याय बरही पूर्वी पंचायत व अन्य उपस्थित रहे।

## शतचंडी महायज्ञ नगर भ्रमण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बरकट्ठा (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के कोनहारा कला में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी जय माता दी और जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा कोनहारा कला के सभी गली मोहल्ले से गुजरते हुए बरकट्ठा अडवार से वापसी कर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन किया गया। यज्ञाचार्य गंगाधर शास्त्री और यज्ञाधिष बिरेन्द्र शास्त्री के मुताबिक नगर भ्रमण के दौरान माता आदिशक्ति प्रत्येक श्रद्धालु के घर पहुंचती है। और सभी मानो कामना पूर्ण करती है। नगर भ्रमण के दौरान वैदिक अभिषेक शास्त्री, मुकेश शास्त्री, पप्पू शास्त्री,अनिल शास्त्री, यज्ञ समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव,जीवन यादव,राम अवतार यादव, श्यामलाल सिंह, महावीर यादव, मुकेश सोनी, सरयू प्रजापति, अरविंद यादव,नरेश यादव, मुकेश यादव,मनी यादव,टेकन प्रजापति, विनोद दास, छोटी दास, प्रकाश यादव, आशीष यादव, सुरेंद्र सिंह, रामजी पासवान, प्रदीप पासवान, द्वारिका यादव, राजेश यादव, विकास यादव समेत आदि लोग शामिल थे।

# दंपती हत्याकांड का फरार आरोपित कर्रा से गिरफ्तार



प्रातः आवाज

**खूंटी।** कर्रा पुलिस ने शनिवार शाम को कर्रा थाना क्षेत्र के सुनगी गांव में हथियार दिखाकर लोगों को धमका रहे एक अपराधी को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी तोरपा के एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी जुलियस तोपनो कर्रा थाना क्षेत्र के सुनगी गिरजाटोली गांव का रहनेवाला है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को सूचना मिली थी कि एक अपराधी हथियार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है और किसी वारदात को अंजाम देने वाला है। सूचना के आलोक में इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन कर सुनगी भेजा गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधी को धर दबोचा। तलाशी में उसकी पैंट में कमर में खोंसा हुआ देसी कटटा बरामद हुआ। जुलियस तोपनो के विरुद्ध कर्रा थाना में 2019 में हुए एक युगल दंपती हत्याकांड में नामजद प्राथमिकी दर्ज है। वहीं तोरपा थाना में भी एक मामला दर्ज है। जुलियस जेल जा चुका है। हाल ही में जेल से छूटकर निकला था।

छापामारी टीम में पुलिस इंस्पेक्टर के अलावा कर्रा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार, पुअनि युगेश सिंह और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# अस्ताचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य





प्रातः आवाज



**खूंटी।** सूर्योपासना के चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन छठव्रतियों ने रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य भगवान मार्तण्ड को पहला अर्घ्य अर्पित किया। वहीं खूंटी में नेम निष्ठा के पर्व चैती छठ को लोगों ने पूरे भक्तिभाव से मनाया।

इस दौरान लोगों ने छठ घाटों में जाकर अस्ताचलगामी सूर्य भगवान मार्तण्ड को लोगों ने अर्घ्य अर्पित किया। खूंटी के साव तालाब, राजा तालाब चौधरी तालाब आदि विभिन्न छठ घाटों में गाजे-बाजे के साथ पहुंचे। वहीं चारों ओर छठ के गीत गुंजायमान रहे। वहीं तालाबों में पहुंचे उपासकों ने गाजे बाजे के साथ दीप, ठेकुआ, फल फूल, नारियल आदि से सूप सजाकर घाटों में पहुंचे और उपासकों के साथ लोगों ने अर्घ्य अर्पित किया।

जिला मुख्यालय के राजा तालाब, साहू तालाब, चौधरी तालाब, कारो नदी, तजना नदी सहित अन्य सरोवरों और जलाशयों में पहला अर्घ्य दिया गया। इस दौरान अपने स्वजनों और परिवार की खुशहाली व सुख-समृद्धि की मनोकामना पूर्ण के लिये याचना की। जबकि आज उदीयमान भगवान सूर्य को दूसरा अर्घ्य प्रदान करने के साथ ही आस्था का कष्टसाध्य चार दिवसीय महाव्रत का समापन हो जायेगा।

## समाचार सार

### दुर्गा वाहिनी शक्ति का गठन, प्रिया नाग बनीं संयोजिका



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** विश्व हिंदू परिषद की रविवार को जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक की गयी। इस दौरान विहिप के अनुसांगिक इकाई बहनों को हिंदूत्व के प्रति कार्य के लिए दुर्गा वाहिनी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें प्रिया नाग को दुर्गा वाहिनी का संयोजिका मनोनीत किया गया जबकि रिया कुमारी को सह संयोजिका बनाया गया है। जिनके सहयोगी के लिए तनु कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजनी कुमारी, रश्मि कुमारी, पीहू कुमारी, शाहरु कुमारी को सदस्य बनाया गया। बैठक में विहिप के जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, बजरंग दल मिलन प्रमुख ओमप्रकाश कश्यप, अभिषेक कुमार, विजय कुमार लहरी आदि उपस्थित थे।

### फरार वारंटी सोमा को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** जिले के कर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़िकेल गांव निवासी कई वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी सोमा मुंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उड़ीकेल गांव निवासी सोमा मुंडा लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस जिसकी तलाश में जुटी थी।

### शोषित-वंचित वर्ग के उत्थान में बाबा साहेब का योगदान अहम : सकलदीप भगत

**खूंटी (प्रातः आवाज)।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में रविवार को भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा बाबासाहेब एक लोकप्रिय समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ तथा संविधान निर्माता थे।

### मतदाता जागरुकता समिति ने मतदान के महत्व की दी जानकारी



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** जिले के देहातों में रविवार को मतदाता जागरूकता समिति के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों में मतदाता जागरूकता इकाई का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्र - छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। मतदाताओं को जागरूक किया गया कि वे स्वयं तथा उनके क्षेत्र के मतदान करें यह सुनिश्चित करें। प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

## जरिया गढ़ का ऐतिहासिक मण्डा पर्व झूलन के साथ संपन्न



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** फूलखूंदी और झूलन अनुष्ठान के साथ ही जरिया गढ़ का ऐतिहासिक मण्डा पर्व रविवार को सम्पन्न हो गया। इस मण्डा पर्व व अनुष्ठान में महिला पुरुष व बच्चे बच्चियों ने भी फूलखुंदी की । वहीं विधि-विधान से इस अनुष्ठान को पूरा करने में महिलाएं व बच्चे बच्चियाँ काफी उत्साहित दिखे। जबकि झूलन अनुष्ठान में पुरुषों ने बोले शिवा मनी महेश गया गजाधर की जयघोष के साथ पूरा किया। मण्डा झूला झूल रहे भगतियाओं ने उपर से प्रसाद के तौर पर लोगों के बीच फूल फेंके । जिसे लोगों ने लोककर कर प्रणाम किया। हजारों के भीड़ में नन्हें नन्हें बच्चों द्वारा दहकते अंगारों पर नग्न पैर चलने की प्रक्रिया को भगवान शिव की आराधना व उपासना का पर्व का साक्षात शक्ति देख लोगों ने भगवान शंकर को नमन किया। जरिया गढ़ के मण्डा पर्व के अवसर पर लगे मेले में दूर दराज से देखने आये लोगों ने मेले का आनन्द लिया। जिसमें खेल खिलौने , मनोरंजन के संसाधन व नाना प्रकार की दुकानें लगी थी। इस मेले में बच्चे बड़े सभी ने आनन्द लिया।

# मण्डा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का कोचे मुण्डा ने किया उद्घाटन

- कार्यक्रम के मंच में भाजपा विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण हुए शामिल

प्रातः आवाज



**खूंटी।** ऐतिहासिक जरिया गढ़ मण्डा पर्व सह अम्बेडकर जयंती के अवसर पर रविवार को नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचीय आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन तोरपा विधायक कोचे मुण्डा ने फीता काटकर शुरूआत कराया। मौके पर, विधायक कोचे मुण्डा ने कहा कि मण्डा पर्व भगवान शिव के आराधना की शक्ति का साक्षात्कार पर्व व पूजा अनुष्ठान है। भगवान की पूजा अर्चना से लोगों में समाज व धर्म के प्रति निष्ठा बढ़ती है। जहाँ इसी अनुरुप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के श्रद्धा भक्ति व सहयोग से अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण कराने का पहला करते हुए कार्य को पूरा कराया। जिसे किसी ने भी ऐसे ऐतिहासिक व गौरवान्वित कार्य को किया नहीं और करना भी नहीं चाहा। लेकिन आज श्रीराम मंदिर निर्माण से विदेशों से भी लोग श्रीराम मंदिर का दर्शन करने भारत आने लगे हैं। इस मंदिर के निर्माण से न केवल पूजा अनुष्ठान का भक्ति लाभ मिला रहा है बल्कि सभी वर्गो के लोगों को व्यवसाय का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान निर्माण में बाबा साहेब आम्बेडकर की भूमिका अविस्मरणीय है। जिन्होंने एकता और अखंडता को सर्वोपरी रखते हुए इसे संविधान को कलमबद्ध किया। मौके पर, कांग्रेस के उम्मीदवार कालीचरण मुण्डा ने कहा कि ऐसा आयोजन होना चाहिए। मण्डा पर्व झारखण्ड की संस्कृति का पर्व है। झारखण्ड में मण्डा पर्व का एक अलग ही पहचान है। मौके पर, भाजपा विधानसभा प्रभारी अरुण चंद्र गुप्ता ने कहा कि जाकि लागी है लगन श्रीराम में, उसका दीया जलेगा तूफान में। श्रीराम मंदिर के नाम पर ताली व श्रीराम मंदिर बनाने में पहल करनेवाले के नाम पर ताली बजवायी। इस कार्यक्रम में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष जुबैर अहमद, समाजसेवी मधु राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, शशांक शेखर राय, विनोद भगत, विनय गुप्ता, दिलीप केशरी, राहुल केशरी, सोनू इमरान, जगन्नाथ साहू सहित अनेक लोग उपास्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष कमलेश राम, बबलू राम, मुकेश राम, कृष्णा राम, भोला राम, बुधुआ नायक की भूमिका रही।

# खेलगांव सोसाइटी को संचालित करने वाली कमेटी पर नियमों की अनदेखी का आरोप

- खेल गांव आवासीय परिसर के निवासियों ने बैठक कर जताया विरोध

प्रातः आवाज



**रांची।** खेल गांव आवासीय परिसर के निवासियों की ओर से रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खेलगांव सोसाइटी को संचालित करने वाली कमेटी पर नियमों की अनदेखी, कार्यों में मनमानी तथा नियम अनुसार प्रत्येक माह की भांति सोसाइटी में इलेक्शन नहीं करने को लेकर, निवासियों द्वारा विरोध प्रकट किया गया। बताते चलें कि खेलगांव हाउसिंग सोसायटी में 1500 से अधिक फ्लैट हैं। यह सोसाइटी इन्हीं फ्लैट मालिकों के सहयोग राशि से संचालित होते हैं। नियामनुसार प्रत्येक वर्ष कमेटी का इलेक्शन होता है, जो कि बीते दो वर्षों में सत्ता पर स्थापित व वर्तमान कमेटी इलेक्शन पर निवासियों से कोई चर्चा नहीं करना चाहती।

बैठक में उपस्थित लोगों का यह भी आरोप है कि इस बीच सोसाइटी में कई टेंडर संबंधित कार्यों को मनमानी ढंग से संपन्न किये गये। जो कि नियमों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से आरएन भगत, खेलगांव सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष सह पूर्व कुलपति विनोबा भावे पीके जयसवाल, विद्याकर कुंवर, पूर्व संयुक्त सचिव अंजनी कुमार कर्नल (सेनि) मनीष मल्लिक, संजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार, प्रकाश साहू, मनोज कुमार सिंह, एनके सिंह, गौतम कुमार सिन्हा, राहुल कुमार, हरीश कुमार, महेश सिन्हा, कैप्टन अमरेन्द्र कुमार सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विकास के नाम पर भाजपा ने लोगों को सिर्फ ठगा : कालीचरण मुंडा



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कर्रा प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। कालीचरण मुंडा ने कर्रा प्रखंड के लोधमा, सावड़ा ,घुनसुली, कुदलुम, कुलहुटू आदि गांवों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। मुंडा ने सावड़ा ग्राम के ग्रामीणों के साथ डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में विकास का पहिया थम गया है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होंने भाजपा सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताया और कहा कि अब जनता को समझ जाना चाहिए कि कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में जन समर्थन मांगा। उन्होने कहा कि भाजपा धन, बल का प्रयोग कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश कर सकती है। इसलिए जनता इनके प्रलोभन पर ध्यान ना देकर जमीनी नेता को अपना सांसद चुने, जो हमेशा आपके साथ खड़ा रहे। कांग्रेस पार्टी केवल काम की राजनीति करती है। भाजपा धर्म, जाति, मंदिर-मस्जिद, भ्रष्टाचार की राजनीति करती है, लेकिन काम की राजनीति नहीं करती। पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जीत होते ही तेज रफ़्तार से विकास होगा, यह मेरी गारंटी है।

# रांची गौशाला न्यास कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

प्रातः आवाज



**रांची।** रांची गौशाला न्यास की कार्यकारिणी का चुनाव रांची गौशाला न्यास हरमू रोड में संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 146 मत पड़े, जिसमें तीन मत अवैध घोषित किए गए।

गौशाला चुनाव में अभी तक की यह सर्वाधिक वोटिंग है। जबकि काफी सदस्य रांची से बाहर थे। चुनाव में 19 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे थे।

चुनाव जीतने वालों में वासुदेव भाला 138, भानु प्रकाश जालान 137, भरत कुमार बगड़िया 135, काशी प्रसाद कनोई 134, अरुण कुमार बुधिया 134, प्रेम मित्तल 132, राजेश कुमार चौधरी 129, कमल खेतावत 129, दीपक कुमार पोद्दार 127, राजेंद्र कुमार चौधरी 125, सुरेश कुमार जैन 124, प्रदीप कुमार राजगढ़िया 122, राजेंद्र बंसल 119, भगवती प्रसाद सर्राफ 107, हेमेंद्र सिंह 89, ललित कुमार पोद्दार 76, कमल कुमार सिंघानिया 71, विश्वनाथ जाजोदिया 63, ज्योति बजाज 54 शामिल हैं। ट्रस्ट के चेयरमैन रतन जालान ने कहा संस्थाओं के चुनाव में हार-जीत लगी रहती है। जो लोग हार गये हैं उन्हें मायूस होने के जरूरत नहीं है। उनको दुगने उत्साह से गौ सेवा में लग जाना चाहिए। आखिर सबका लक्ष्य तो एक ही है, वह है गौसेवा।

गौशाला के प्रदीप राजगढ़िया ने कहा कि आज के चुनाव के नतीजे से साफ है कि गौशाला के सदस्यों ने एकमत से सारे विवादों को खत्म करने के लिए वोट दिया है तथा जो लोग तरह तरह के विवाद उत्पन्न कर गौशाला को नुकसान पहुंचा रहे थे।

गौशाला के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने चुनाव पदाधिकारी वेद प्रकाश बागला एवं उनकी टीम को अच्छे से चुनाव संपन्न करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# गुरु नानक सेवक जत्था 26 अप्रैल को निकलेगा नगर कीर्तन

- 27 एवं 28 अप्रैल को सजेगा विशेष दीवान

प्रातः आवाज



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा दो दिवसीय आठवां महान गुरमत समागम 27 एवं 28 अप्रैल को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में आयोजित किया जा रहा है। समागम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा आज चौदह अप्रैल, रविवार को गुरुनानक भवन परिसर में दोपहर एक बजे एक विशेष बैठक बुलाई गई.सूरज झंडई की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से बनी रूपरेखा के अनुसार समागम की शुरूआत 26 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक भव्य नगर कीर्तन से होगी,जिसमें पुष्प सवारी पर विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पांच प्यारे एवं पांच निशानची की अगुवाई में कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कराया जाएगा.इस नगर कीर्तन में सत्संग सभा की कीर्तन मंडली द्वारा रास्ते भर शबद गायन होगा। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से आरंभ होकर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित विजय कटारिया और सुनील गेरा के चौक,झंडा चौक, गोपाल दास सरदाना के चौक से होकर डॉ अजय छावड़ा के क्लिनिक होते हुए भगत सिंह मिढ़ा के आवास, बबलू गांधी, सुभाष मिढ़ा, जीतू काठपाल, राज कुमार सुखीजा, अशोक मिढ़ा के चौक होते हुए सेंट्रल बैंक गली और भगवान सिंह बेदी, रमेश पपनेजा, नरेश पपनेजा, हरविंदर सिंह बेदी, द्वारकादास मुंजाल, सुनील मिढ़ा, प्रेम खत्री, बलबीर काठपाल, मनीष सरदाना, श्याम लाल गाबा, होला राम तेहरी के चौक, विवेकानंद अस्पताल तथा सुंदर लाल मिढ़ा के चौक एवं शहीद भगत सिंह चौक होते हुए दर्शन दिउड़ी गेट वापस पहुंचकर सुबह आठ बजे अरदास के साथ विसर्जित हो जाएगी। जत्था द्वारा नगर कीर्तन में सभी पुरुष श्रद्धालुओं से सफेद कुर्ता पजामा और महिला श्रद्धालुओं से सफेद सलवार सूट एवं केसरी दुपट्टा पहनकर शामिल होने की अपील की गई है। गुरमत समागम में कुल दो विशेष दीवान सजाए जाएंगे,कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में पहला दीवान 27 अप्रैल,शनिवार को रात 8:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा दूसरा दीवान 28 अप्रैल,रविवार को दोपहर 11:00 बजे से 2:00 बजे तक सजाया जाएगा. इन दीवानों में शिरकत करने के लिए विशेष रूप से सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई नवप्रीत सिंह जी एवं बीबी तरनप्रीत कौर जी टांडा(जालंधर) वाले रांची पधार रहे हैं, जो शबद गायन कर शहर की साध संगत को गुरबाणी से जोड़ेंगे. दोनों दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा.सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने समस्त नगरवासियों से इस समागम में शामिल होकर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है। मौके पर गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा 28 अप्रैल,रविवार को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा.

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सभी कार्यक्रम के दौरान कॉलोनी की सभी गलियों की साफ सफाई का जिम्मा गुरुघर के सेवक जीतू अरोड़ा एवं अश्विनी सुखीजा को दिया गया है तथा वाहन एवं साउंड की जिम्मेवारी इंदर मिढ़ा को सौंपी गई है। बैठक में नरेश पपनेजा, सूरज झंडई, पीयूष मिढ़ा, जयंत मूंजल, साहिल सरदाना, गीत सचदेवा, जतिन मिढ़ा, गीतांशु तेहरी, रुद्र गिरधर, वंश डावरा, वरुण गेरा, हर्ष अरोड़ा, राकेश घई, गगनदीप सिंह, रिषभ शर्मा, इनिश कठपाल, विनी अरोड़ा शामिल थे।

# भारत के संविधान को बचाने के लिए देश की आम जनता आगे आये : महेंद्र पाठक

- भाकपा राज्य कार्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी

प्रातः आवाज



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत की गयी। जिसकी अध्यक्षता राज्य परिषद के सदस्य सह रांची उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेंद्र रविदास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा के प्रदेश सचिव में महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, हाई कोर्ट के अधिवक्ता सहगल टोप्पो, वरीय अधिवक्ता योगेंद्र प्रसाद, इम्तियाज खान ने संबोधित किया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि आज बाबा भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान को देश की गद्दी पर बैठी हुई फासिस्ट सरकार संविधान को बदलने के लिए बेताब है। देश में संविधान, लोकतंत्र दोनों को बचाने के लिए आम जनता को सड़कों पर आना चाहिए। मोदी सरकार के हाथों में देश के संविधान एवं लोकतंत्र सुरक्षित नहीं है। हम सब मिलकर बाबा साहब को दिया हुआ महा ग्रंथ को बचाने के लिए सड़कों पर उतरे और आने वाले चुनाव में देश की गदी पर बैठी हुई हिटलर शाही सरकार को सत्ता से बाहर करें। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उसे पूरा नहीं होने देगी, सीपीआई शोषित दलित पीड़ित लोगों की आवाज है। अजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा देश के समता मूलक समाज की स्थापना में और शोषित पीड़ितों को अधिकार दिलाने में बाबा साहेब आंबेडकर के योगदान को नही भुलाया जा सकता है। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हम सब का दायित्व है। इस सभा में मुख्य रूप से आरती देवी, अनामिका रानी, किरण कुमारी, इम्तियाज अहमद, सुरेंद्र दीक्षित, मनोज ठाकुर, कृष्ण कुमार वर्मा, नीरज सिंह, मनोज सिंह, योगेंद्र प्रसाद, अभिनव राज, राजद के राजेश यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

### केंदुआ मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन ढुल्लू महतो हुए शामिल, कहा

# पीएम मोदी के कार्य से घबरा गया विपक्ष

- भारत माता की जय का उदघोष से गूंज उठा सम्मेलन

प्रातः आवाज

**पुटकी।** पुटकी करकेन्द स्थित रानी सती दादी मंदिर के प्रांगण में रविवार को चल रहे भारतीय जनता पार्टी केंदुआ मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को कार्यकर्ताओं ने फूल मलाओं व भगवा वस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया। भाजपा लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने सबसे पहले दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी और बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारम्भ हुई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता गोविंद रावत और केंदुआ मंडल अध्यक्ष आनंद खंडेलवाल ने ढुल्लू महतो को राम मंदिर का चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद खंडेलवाल ने और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री रंजय सिंह ने किया।




कार्यक्रम में ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए आपका सहयोग आवश्यक है। आज हमारा देश मजबूत हाथों में है, मोदी के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों को देखकर विपक्ष घबरा गया है। आज धनबाद के अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा करूंगा, यह ढुल्लू महतो का संकल्प है। बूथ के भाजपा कार्यकर्ताओं की ताकत के सामने कोई खड़ा नहीं हो सकता। आज धनबाद के ग्रामीण सहित शहर का हर नागरिक मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना चाहता है। केंदुआ मंडल के समस्त कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से लग जाये। उन्होंने कहा कि आप लोग अपने-अपने बूथ को मजबूत करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 400 पार का नारा को बुलंद कर भारतीय जनता पार्टी को जिताने का काम करें। भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गरीबों के हित में काम करती है। परिवारवाद का कार्य नहीं करती है। वही विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इंडि गठबंधन के लोग पूरे इंडिया में जितना भी भ्रष्ट पार्टी है सारे इंडि गठबंधन बना कर मोदी के पीछे लगे हुआ है। उसी तरह कुछ लोग गिरोह बनाकर मेरा विरोध कर रहा। विरोधी लोग को लग रहा है कि अगर ढुल्लू महतो जीत जायेगा तो भ्रष्ट लोगों की दुकानें बंद हो जाएगी। क्योंकि मैं सत्य की राह पर चलता हूं। उन्होंने जनता से आशीर्वाद मांगा। अबकी बार 400 पार, भारत माता की जय का उदघोष कर-के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। लोकसभा प्रभारी सतेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और चुनावी टिप्स दिए। मौके पर अशोक सिन्हा, श्याम गुप्ता, तेज बहादुर सिंह, अभिमन्यु सिंह, मेघनाथ वर्मा, महेंद्र वर्णवाल, रामदेव महतो, गोविंदा राउत, भानु महतो, मीना देवी, पूनम सिंह, गीता सिंह, बबलू सिंह, मनोज पासवान, बैजनाथ बावरी, बसंत यादव, कृष्ण मोदी, चंदन पांडे, श्रीराम चौरसिया, कपिलदेव पासवान, धनंजय श्रीवास्तव, मुन्ना विश्वकर्मा, राजा चौरसिया, गोपाल साहू व अन्य सैकड़ों आदि बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल थे।

## गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने महुदा क्षेत्र में किया सघन जनसम्पर्क अभियान

प्रातः आवाज

**महुदा।** इंडिया गठबन्धन के समर्थित झामुमो के गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के द्वारा महुदा क्षेत्र का उपर देवघरा, नीचे देवघरा, कंचनपुर, कचर्रा, राजाभीठा, मंझलाडीह मे सघन रूप से जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान मथुरा महतो ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि एकमुश्त होकर तीर धनुष छाप पर वोट दें और विकास के मार्ग को प्रसस्त करें। मंझलाडीह में डॉ० भीम राव अम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। आयोजित समारोह की अध्यक्षता निताई रवानी व चन्दना कुमारी रवानी ने किया। इस दौरान धर्माबॉध पंचायत के पूर्व पंसस चन्दना कुमारी रवानी ने मथुरा महतो को शॉल ओढ़ा कर एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। जनसम्पर्क के दरमियान ग्रामीणों ने बाजा गाजा के साथ फूल माला पहनाकर गांव का भ्रमण कराया और लोगों ने खुलकर समर्थन करने का भरोसा दिया। इस जनसम्पर्क अभियान का नेतृत्व अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी कर रहे थे। मौके पर शहीद कॉ० नेपाल रवानी के पुत्र अजय रवानी, हुलास रवानी, सन्तोष रवानी, संजय रवानी, विकास रवानी, धिरेन रवानी, भागीरथ रवानी, मनोज रवानी, मन्टु रवानी, सुनील रवानी, मनीलाल रवानी, बिरवाल सिंह, निरंजन सिंह, मंगल सिंह, सुफल सिंह, बिनोद दास, पटल सिंह, लक्ष्मण वाउरी, सत्य कुमार वाउरी, गिरिधारी रवानी, धीरज रवानी, सुजन दास, संदीप दास, रतनी देवी, भुटकी देवी, सरवी देवी साहित दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।



## नव वतसरे कोरिलम पन नारा के साथ वर्ष मनाया




प्रातः आवाज

**झरिया।** बांग्ला नव वर्ष 1431 के पहला बैशाख में सामाजिक संस्था इंस्टीट्यूशन फॉर नेशनल एमिटी ने झरिया राष्ट्रीय एकता के शपथ दिलाई। रविन्द्र नाथ टैगोर के 'नव वतसरे कोरिलम पन' अर्थात नए साल में शपथ लेते हैं कि कविता ही कार्यक्रम के शीर्षक था। भाषा, जाति और धर्म के ऊपर उठकर भारतीयता के धर्म अपनाने, जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण करने, राजनीतिक स्वार्थ तथा भ्रष्टाचार से खुद को मुक्त रखने, राष्ट्रीय मामले में एक विश्वसनीय सैनिक बनने का शपथ लिया गया। नेशनल एमिटी के संस्थापक पिनाकी राय ने कहा कि ये देश विभिन्नता में एकता के देश है। ये समय मार्च अप्रैल महीना में भारत के कई हिस्सों में नव वर्ष अपने-अपने संस्कृति में मनाया जाता है। जैसे उगाडी (अप्रैल में तमिलनाडु में), गुड़ी पड़वा (अप्रैल महीना महाराष्ट्र में), बोहाग बिहू (अप्रैल महीना, असम में), बैसाखी (अप्रैल पंजाब में), पोइला बैशाख (अप्रैल महीना में पश्चिम बंगाल, झारखंड में), सरहुल (अप्रैल, झारखंड में) आदि। ये संस्कृति ही राष्ट्रीय एकता का मिशाल है। इसलिए नव वर्ष में एकता पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन करते।बांग्ला संस्कृति के अनुसार नव वर्ष पर बच्चों को मुंह मीठा भी करवा गया। नव वर्ष के कार्यक्रमों में पिनाकी राय, मौसमी राय के साथ दुर्गा कुमारी, निशा कुमारी, नंदिनी कुमारी, सुमन कुमारी, अभिषेक कुमार, अनमोल कुमार, अनिकेत कुमार, पंकज कुमार, मुस्कान कुमारी, संजना कुमारी आदि बच्चों ने कार्यक्रम में शामिल हुए।

## बस्ताकोला में मनी अंबेडकर जयंती बीजेपी प्रयात्शी ढुल्लू ने किया नमन

प्रातः आवाज

**झरिया।** रविवार को बाबासाहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती में बस्ताकोला में उनकी प्रतिमा पर सभी धर्म और जाति के लोगों ने फूल माला अर्पण कर नमन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सेवक पासवान ने किया व संचालन ओबीसी एससी एसटी एवं माइनॉरिटी के जिला महासचिव गोपाल यादव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बाघमारा के विधायक और भाजपा के लोकसभा के प्रत्याशी ढुलू महतो को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मौके पर ढुल्लू महतो ने कहा कि उन्हे संविधान निर्माता इसलिए कहा जाता है क्योंकि भारतीय संविधान के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान था साथ ही दलित समाज के लिए भी बाबासाहेब ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। युवा के लिए प्रेरणा है



बाबा साहब के अनमोल विचार, पर चलने का संकल्प हम सभी ले। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र यादव, राजकुमार अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, उचित महतो, पूर्व पार्षद अनूप साव, संतोष, रामजी यादव, संजय राम, राजू पासवान, रूपेश गुप्ता, चिंटू शर्मा, सुधीर यादव, प्रेम पासवान, प्रमोद वर्मा, सरिता सिंह, पारस यादव, महेंद्र पासवान, संतोष शर्मा, रंजीत कुमार दास, बबलू अंसारी, उमेश यादव बापी बाउरी रामदेव शर्मा, तरुण राय समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### बीजेपी ने अंबेडकर की मनाई जयंती

**पुटकी।** भाजपा धनबाद प्रखंड के द्वारा पांडरकनाली पंचायत अंतर्गत कोक प्लांट में चंदा मामा स्कूल के समीप बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 133वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में धनबाद विधायक राज सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित हो कर डॉ भीम राव अंबेडकर के प्रतिभा पर माल्यार्पण कर नमन किया तत्पश्चात सभी क्षेत्र वासियों ने माला पहनाकर विधायक राज सिन्हा का स्वागत किया। वही पुटकी, केंदुआ थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थलों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा बाबासाहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 133वी जयंती मनाई गई। मौके पर सदानंद वर्णवाल, गुड्डु वर्मा, संतोष पासवान, राजेश रजक, शिवनंदन पासवान, पूर्णेन्दु सिन्हा, मनोज मालाकार, रामचंद्र पासवान, पूर्व मुखिया छोटु दास, पूर्व मुखिया दीपक सिंह चौधरी, गौतम चौधरी, राहुल सिंह, प्रदीप पासवान, कन्हाई सिंह, अभिषेक राय, धीरज तिवारी, राजेश कुमार अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए।

## डिवाइडर पर ट्रक के चढ़ने से चैंबर के लगाये गये 14 कैमरा बंद

प्रातः आवाज



**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग के पुटकी चौक के समीप रविवार की अहले सुबह करीब 3:50 बजे जोरदार आवाज के साथ डिवाइडर में ट्रक चढ जाने से स्ट्रीट लाइट पोल सहित लोहे की डिवाइडर व चैम्बर के द्वारा लगाये गये कैमरे के तार क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि अहले सुबह भीड़ नहीं थी नही तो एक बड़ी घटना घट सकती थी। घटना से कोई हताहत नहीं। पुटकी पुलिस घटना स्थल पर पहुँच वाहन सीजी14एमजी3679 को क्रेन की मदद से ट्रक को बाहर कर अपने साथ पुटकी थाना ले आयी। स्ट्रीट लाइट पोल गिरते ही 2 लाइट को चोरों ने चुरा भागे। पुटकी चैम्बर के द्वारा पुटकी थाना में करीब 50 हजार रुपये क्षतिग्रस्त की लिखित आवेदन दे कानूनी कार्रवाई की मांग की। चैम्बर के अध्यक्ष हीरा शर्मा ने बताया कि घटना से कैमरे के तार टूट जाने से पुटकी चैम्बर के द्वारा पुटकी चौक से पुटकी थाना मोड़ तक लगाये गये 14 कैमरा बंद हो गया जिसमें करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ। चैम्बर के सहसचिव टीपू उर्फ इम्तियाज ने बताया कि सुबह चाय पीने आया तो देखा कि डिवाइडर पर ट्रक चढ़ा हुआ है और एक स्ट्रीट लाइट को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुटकी पुलिस की मदद से ट्रक को डिवाइडर से बाहर निकाल थाने ले गई।

### वर्षो से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पुटकी।** केंदुआडीह पुलिस द्वारा बीते रात्रि कतरास पुलिस की सहयोग से एसटी/471/0 9 धारा 399/ 402/ 414 /34 भादवी एवं 25 (1-बी)ए/ 26/35 आर्म्स एक्ट के फरार एवं स्थाई वारंटी टेनिया उर्फ टेनी पासी पिता लखन पासी सकीम कुसुंडा हाजरा बस्ती थाना केंदुआडीह जिला धनबाद को कतरास लकड़का बस्ती से गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। टेनी पासी वर्ष वर्ष 2002 में डकैती की तैयारी करने के क्रम में आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार हुए थे। वर्ष 2004 में न्यायालय से जमानत के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। वर्तमान में यह अपना पहचान छुपा कर कतरास में रहते थे। जिसकी गुप्त सुचना मिलने पर केंदुआडीह पुलिस ने धर दबोचा।

### न्यू ट्रिप दुर्गा मंदिर प्रांगण में मनायी गयी अंबेडकर जयंती

**पुटकी।** न्यू ट्रिप दुर्गा मंदिर प्रांगण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वां जयंती धूम-धाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए मार्गदर्शित करते हुए समाज के बुद्धिजीवी लोग उन्हें मार्गदर्शी करने एवं बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलने के लिए शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में युवा, युवती, बच्चे ने अंबेडकर के बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अन्त में खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी मुकेश पासवान, राजेश पासवान, दिलीप कुमार, सूरज पासवान, प्रिंस पासवान, अमर सिंह, अखिलेश पासवान, श्वेता कुमारी, सूरज भैया, बबलू पासवान, सनी कुमार, पंकज पासवान, चंदन पासवान, बालेसर पासवान, नगीना पासवान, हिंदू पासवान व अन्य शामिल हुए।

## अंबेडर जयंती पर निकाली गयी प्रभात फेरी



प्रातः आवाज

**महुदा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेदकर की जयंती पर अम्बेदकर नगर महुदा मोड़ में मुकेश कुमार दास की अध्यक्षता व हरिलाल दास के संचालन में समारोह आयोजित किया गया। इसके अलावे मुरूलिडीह 20/21पीट, मंझलाडीह, नवाकनारी कुंजी, रेलवे सेवा ग्राम महुदा बजार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। महुदा मोड़ से प्रभात फेरी निकाली गयी जो तेलमोचो तक भ्रमण किया। कार्यक्रम में भाषण, गीत, संगीत, नाटक, प्रस्तुत किया गया। मौके पर आयोजन को सफल बनाने मे हरिलाल दास, हारूलाल दास, हरि दास, कालाचाँन्द दास, प्रदीप दास, महेन्द्र दास, जेठु दास, सन्तोष दास, गणेश दास, सुनील दास, कालीचरण दास, राजन दास, विजय दास, सुभाष दास, भवानी देवी, नितु दास, ममता दास, टिना देवी, चित्रा देवी, उमा देवी, चन्दना देवी, नमिता देवी, दिनेश दास, रेखा देवी, मुकेस कुमार, रामप्रसाद दास, बाबुलाल दास, चन्दन दास, सहदेव दास, बिनोद दास आदि का सराहनीय योगादान रहा।

## संयुक्त मोर्चा ने मनायी अंबेडकर जयंती और शहीद गुरदास चटर्जी की पुण्यतिथि

प्रातः आवाज



**झरिया।** बेरा कोलियरी में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं शहीद गुरदास चटर्जी का श्रद्धांजलि कार्यक्रम संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में मजदूर एवं प्रबंधन की ओर से मनाया गया। दोनों के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मजदूर नेता आनंद मय पाल ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर हमेशा गरीब मजदूर किसान नौजवानों के लिए सोचते थे। संविधान का रचयिता थे। जबकि शाहीद गुरदास चटर्जी को आज ही के दिन असामाजिक तत्वों के लोग और माफियाओं ने गोविंदपुर देवली में गोली मारकर हत्या कर दी। वे धनबाद से मजदूरों का मीटिंग करके जा रहे थे। गुरदास चटर्जी हमेशा मजदूर और किसान के लिए संघर्ष किया। हम लोगों को उनके बताए गए मार्ग पर चलकर मजदूर आंदोलन को आगे बढ़ाना है यही सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर प्रबंधन की ओर से बीडी सिंह, आसित चटर्जी, प्रभास पाल, पतित पावन माजी, रामबदन राम, महेश कुमार, लीला चौहान, ललन कुमार, आनंद लाल महतो, नरेश रजक, रूपलाल बेलदार आदि थे।

### गुरुद्वारा में रागिनी सिंह ने टेका माथा



**झरिया।** जामाडोबा डुमरी 2 नंबर में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा द्वारा आयोजित बैसाखी (खालसा सिरजना दिवस) पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह गुरुद्वारा पहुंची, जहां रागिनी सिंह ने गुरुद्वारा में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया एवं भजन कीर्तन में सम्मिलित हुई। वहीं गुरुद्वारा प्रबंधन समिति सदस्यों ने रागिनी सिंह को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्य रूप से गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार सुरेंद्र सिंह, सचिव सरदार अर्जुन सिंह के अलावा सैकड़ों की संख्या में सिख श्रद्धालु मौजूद थे।

## समाचार सार

### डीसी-डीडीसी ने बाबा अंबेडकर के चित्र पर किया माल्यार्पण



**बोकारो (प्रातः आवाज)।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविवार को उपायुक्त आवास के गोपनीय कार्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की चित्र पर उपायुक्त विजया जाधव, डीडीसी संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, सहायक निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्त्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर डीसी विजया जाधव एवं डीडीसी संदीप कुमार ने आमजनों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाएं मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कहीं। साथ ही, संविधान में दिए गए अधिकारों एवं नियमों का अनुपालन करने को कहा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, एलआरडीसी चास प्रभास दत्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहार जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला योजना पदाधिकारी राजेश शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्यों ने बाबा साहब की चित्र पर माल्यार्पण/पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### आम आदमी पार्टी ने मनायी अंबेडकर जयंती



**बोकारो (प्रातः आवाज)।** रविवार को आम आदमी पार्टी बोकारो जिला इकाई के तत्वावधान में सेक्टर चार डी स्थित भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आप जिला संयोजक विधान चंद्र राय के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत बाबा साहब की जयंति को संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने बाबा साहब अम्बेडकर को याद करते हुए कहा कि संविधान, लोकतंत्र और देश बचाने का समय है। जिस प्रकार से तानाशाह सत्ता विपक्ष के नेताओं को बिना सबूत के जेल भेज रही है, उसका जवाब लोकसभा चुनाव में वोट की ताकत से देना है। बोकारो जिला संयोजक विधान चंद्र राय ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। इसको बचाने के लिए देश भर में आम आदमी पार्टी कार्यक्रम कर रही है। कार्यक्रम में आप बोकारो महिला प्रकोष्ठ संयोजक मंजुला देवी, जिला प्रवक्ता अरविंद विकास, किसान प्रकोष्ठ संयोजक आनंद कुमार मंडल, युवा प्रकोष्ठ संयोजक प्रदीप झा, आजाद कुमार, मदन पाठक, सुमन सिंह, सुमन सिंह मिट्ठू, श्रीपति रजवार सहित अन्य उपस्थित थे।

### अंबेडकर जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी




**फुसरो (प्रातः आवाज)।** राष्ट्रीय सेवक संघ फुसरो नगर द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती पर प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें मुख्य रूप से आरएसएस के जिला बौद्धिक प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार भारती मौजूद रहे। प्रभात फेड़ी कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन विद्यालय निकट स्थित कार्यालय से पुराना वीडियो ऑफिस, रहिमगंज, रानीबाग होते हुए भूत बंगला पहुंची। उसके उपरांत वापस पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रस्तावित प्रतिमा स्थल पहुंची। यहां डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फुसरो नगर संघ चालक श्री प्रदीप भारती के द्वारा माल्यार्पण किया गया। प्रभात फेरी में बच्चे, युवाओं द्वारा छुआ छूत मिटाओ और संविधान निमार्ता अमर रहे का जयघोष किया जा रहा था। प्रभात फेरी कस्तूरबा विद्यालय में पहुंचकर सभा में परिणत हो गया। सभा को आरएसएस के जिला बौद्धिक प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार भारती ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी को भारतीय संविधान के पालन करने का आह्वान किया। मौके पर जिला प्रचारक बासुकी नाथ, शंकर भदानी, आशुतोष सिंह, सजल गांगुली, विनय बरनवाल, आनंद सोनी, प्रभात गुप्ता, भरत वर्मा, ओम शंकर सिंह, सुमित सिंह, रामू दीगार, आनंद सोनी, बिट्टू बरनवाल, जितेंद्र वर्मा, रवि हांडी, संदीप बरनवाल, गौतम सिंह, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

### संविधान निर्माता अंबेडकर की जयंती पर हुए कई कार्यक्रम




**बेरमो (प्रातः आवाज)।** भीम आर्मी फुसरो, बेरमो व बोकारो जिला कमेटी, संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जिसमें विभिन्न बहुजन संगठनों के लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम फुसरो नगर परिषद कार्यालय परिसर से शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी जो नया रोड फुसरो, फुसरो बाजार, रानीबाग, रहीमगंज होते हुए पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित प्रस्तावित बाबा साहेब के बोर्ड के समीप पहुंची। यहां सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने बाबा साहेब के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। केक काटा गया और एक दूसरे को खिलाकर खुशी जतायी गयी। वक्ताओं ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को बाबा साहेब के आदर्शों को अपना कर ही दूर किया जा सकता है। आज उनके सपनों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है। उनके जीवन से शिक्षा लेते हुए सामाजिक समरसता की भावना को और मजबूत करना चाहिए। बाबा साहेब ने पूरा जीवन दलितों, शोषितों और पिछड़ी को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। मौके पर जिला अध्यक्ष गोर्वधन रविदास उर्फ छोटु, उपाध्याय मेघु दिगार, फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास, सचिव बिट्टू कुमार घांसी सहित करमचंद बाउरी, फुलचंद रविदास, धरम घांसी, शैलेश कुमार घांसी, राज कुमार नायक, शुधा टुडू, सोहनलाल मांझी, भरत रविदास, संजय गंझू, सोनू खान, अनिल करमाली, राजेश शर्मा, शंकर घॉसी, गुड्डू नायक, अशोक भुईया, दीपक तुरी, शंकर राम, रविंद्र राम, भोला विश्वकर्मा, भोला भारती, दिनेश रजवार, पवन कुमार रजक, शिवदयाल रविदास आदि लोग मौजूद थे।

### पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने मनाई अंबेडकर जयंती



**गोमिया (प्रातः आवाज)।** रविवार को अध्यक्ष, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो झिरकी (गोमिया) के रविदास टोला पहुंचे। रविदास समाज द्वारा आयोजित संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूर्व विधायक ने सभी को बाबा साहेब की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉ बीआर अंबेडकर कलम के धनी थे। संविधान के जनक के साथ आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री भी रहे। समाज सुधारक, अर्थशास्त्री एवं राजनीतिज्ञ के रूप में उनका योगदान अतुलनीय है। शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के बाबा साहेब के उद्घोष को हम सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। इस दौरान ग्रामीणों ने अध्यक्ष सह पुर्व बिधायक का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### शमशुल हक मेमोरियल टीचर ट्रेनिंग स्कूल में मनी अंबेडकर जयंती



**झरिया (प्रातः आवाज)।** कोयलांचल में जगह-जगह संविधान रचयिता डां. भीम राव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। शमशुल हक मेमोरियल टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में 14 अप्रैल रविवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या पूजा सिंह ने डॉ अम्बेडकर के जीवन के शिक्षा के पहलुओं से छात्रों को अवगत कराया। साथ ही साथ सचिव खुर्सीदा मल्लिक, निर्देशक गुलाम मुस्तफा, आई क्यू एसी को-ऑर्डिनेटर डॉ दास व अन्य शिक्षक और महाविद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# क्या शिवम दुबे को मिलना चाहिए टी20 वर्ल्ड कप टीम में मौका?





## सीएसके कोच फ्लेमिंग के बयान ने बढ़ाया भारतीय चयनकर्ताओं का सिरदर्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफेन फ्लेमिंग का कहना है कि टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने से पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट को खेलने की सही शैली की पहचान करनी होगी. चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में ऑलराउंडर शिवम दुबे को मौका मिलना चाहिए. दुबे पिछले दो आईपीएल सीज़न में एक शानदार हिटर के रूप में उभरे हैं. फ्लेमिंग ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे लिए बात यह है कि वे (भारत) विश्व कप के दौरान किस प्रकार का गेम प्लान खेलना चाहते हैं?

उन्होंने विदेशी परिस्थितियों में भारत के लिए खेलने की सही शैली की पहचान की है. सीएसके कोच ने कहा, फिर केवल खिलाड़ियों को चुनने और गेम प्लान खोजने की कोशिश करने के बजाय खिलाड़ियों को इसमें शामिल करें. मैं खेल की वह शैली देखूंगा जो मैं चाहता हूं, और फिर उन खिलाड़ियों को चुनूंगा जो फॉर्म में हैं और वह भूमिका निभा सकते हैं जो उस डिज़ाइन को सर्वश्रेष्ठ रूप से जीत सके.

कीवी दिग्गज ने कहा, भारतीय चयनकर्ता होना शायद विश्व क्रिकेट में सबसे मुश्किल कामों में से एक है, है न? एक तरफ, एक कीवी के रूप में मैं शो में मौजूद प्रतिभाओं की मात्रा और हर खेल में सामने आने वाले नए खिलाड़ियों को देखकर बहुत ईर्ष्यालु हूं. इसके बाद फ्लेमिंग ने दुबे को विश्व कप स्क्वाड में मौका देने के बारे में कहा, मुझे उसकी शक्ति पसंद है. मैं पक्षपाती हूं, है ना? लेकिन मुझे लगता है कि जब आपके पास उस तरह की थोड़ी अलग शक्ति होती है; मैं उसे टीम में रखूंगा.

2018 में अपने टी20 डेब्यू के बाद टीम से बाहर हो गए दुबे को सीएसके के साथ अपनी हालिया हरकतों के कारण राष्ट्रीय टीम में वापसी का रास्ता मिल गया है. 2022 में फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने के बाद से, दुबे ने 32 पारियों में 883 रन बनाए हैं

### एशियन चैम्पियनशिप :

# भारतीय महिला पहलवानों का जलवा, राधिका को मिला रजत, शिवानी को कांस्य पदक



**बिश्केक, एजेंसी।** पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने जलवा बिखेरा। राधिका ने 68 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई चैंपियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है।

राधिका ने 2022 में भी जीता था रजत

पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को मात दी। हालांकि, उन्हें स्वर्ण पदक के मुकाबले में जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार का सामना करना पड़ा।

### क्वार्टर फाइनल में मिली हार के बाद शिवानी ने की वापसी

भारत की एक अन्य पहलवान शिवानी पवार को 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गईं थी, लेकिन चीन की इस पहलवान के फाइनल में पहुंचने के बाद उन्होंने रेपचेज के जरिये कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली। उन्होंने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता।

वहीं, 55 किग्रा वर्ग में तमन्ना को क्वलीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9-0 से हराया, लेकिन कियूका के फाइनल में पहुंचने से तमन्ना भी पदक की दौड़ में शामिल हो गईं। वह हालांकि मौके का फायदा नहीं उठा सकीं और रेपचेज राउंड में उन्हें चीन की मिन यांग से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा।

### अन्य भारतीय पहलवानों को मिली हार

भारत के पास रेपचेज के जरिये अन्य वर्गों में पदक हासिल करने का मौका था, लेकिन अन्य पहलवान इस मौके का फायदा नहीं उठा सके। पुष्पा यादव (59 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) भी उन्हें हराने वाली पहलवानों के फाइनल में पहुंचने से पदक की दौड़ में शामिल हो गई थीं, लेकिन इन दोनों भारतीय पहलवानों को हार का सामना करना पड़ा और वे पदक जीतने में नाकाम रहीं। कांस्य पदक के प्लेऑफ में पुष्पा को कजाखस्तान की डायना कयूमोवा ने 11-8 से हराया, जबकि प्रिया को भी कजाखस्तान की एल्मिरा सिज्डीकोवा ने मात दी।

### हर कोई पृथ्वी शॉ के प्रदर्शन में निरंतरता देखना चाहता है : माइकल क्लार्क

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अपने प्रदर्शन में और अधिक निरंतर होने की जरूरत है क्योंकि हर कोई चाहता है कि वह शीर्ष क्रम पर टीम के लिए स्थिर रहें. आईपीएल 2024 की अपनी चार पारियों में, शॉ ने 157.29 की स्ट्राइक-रेट से 151 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 66 रन का उच्चतम स्कोर है. शुक्रवार शाम को लखनऊ में, शॉ ने 22 गेंदों में 32 रनों की तेज़ पारी खेली, जिससे डीसी को आईपीएल 2024 सीज़न की दूसरी जीत हासिल करने के लिए 168 रनों का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद मिली।

## आईपीएल-2024: आशुतोष शर्मा के नाम जुड़ा खास रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के 17वें सीजन में पंजाब किंग्स के लिए अब तक कुछ भी सही नहीं रहा है, जिसमें टीम को 6 में से 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी पंजाब किंग्स को 3 विकेट से करीबी हार मिली।

इस मैच में पंजाब की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए थे, वहीं राजस्थान ने टारगेट का पीछा 19.5 ओवरों में कर लिया। पंजाब किंग्स टीम के बल्लेबाजों की तरफ से इस मैच में काफी खराब प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने 70 के स्कोर तक अपनी आधी टीम को गंवा दिया। निचलेक्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे आशुतोष शर्मा ने 16 गेंदों में 31 रनों की पारी खेलकर टीम को इस मैच में लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। वहीं आशुतोष ने अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल इतिहास में एक ऐसे रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया जो अब तक कोई भी खिलाड़ी करने में कामयाब नहीं हो सका है।

पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2024 के लिए मध्य प्रदेश के 25 साल के खिलाड़ी आशुतोष शर्मा को अपनी टीम का हिस्सा बनाया था। अब तक उन्हें इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर टीम ने इस्तेमाल किया है, जिसमें तीन मैचों में आशुतोष ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर सभी को काफी प्रभावित किया है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल में डेब्यू करते हुए आशुतोष ने सिर्फ 17 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली थी, वहीं इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आशुतोष के बल्ले से 15 गेंदों में नाबाद 33 रनों की पारी देखने को मिली, जबकि राजस्थान के खिलाफ मैच में भी वह 31 रन बनाने में कामयाब रहे।

इसी के साथ आशुतोष आईपीएल इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार तीन मैचों में नंबर 8 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 30 प्लस रनों की पारी खेली है।



# व्यापार

### म्यांमार से दालों का आयात करने के लिए भुगतान तंत्र को सरल बनाया गया : सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमा से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमा से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने म्यांमा से दालों का आयात करने के संबंध में यंगून स्थित भारतीय दूतावास के साथ चर्चा की। इस दौरान संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों के स्टॉक जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमा ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

## गोल्डमैन सॉक्स का चौंकाने वाला खुलासा: दुनिया पर राज करेंगे भारत, चीन व पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ महीने से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल 2047 तक भारत के विकसित होने की बात कर रहे हैं। इस टारगैट पर देश 2047 तक पहुंच भी जाएगा। इस बात में कोई शक भी नहीं है। अगले दो साल में देश की इकोनॉमी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी। इस अचीवमैंट को भी भारत आसानी से हासिल कर लेगा लेकिन क्या कभी पाकिस्तान दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी में शामिल हो सकेगा क्या चीन कभी दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी बन पाएगा क्या एशिया के ये तीनों देश दुनिया की इकोनॉमी पर राज कर सकेंगे ये तीनों ही सवाल काफी बड़े हैं। ऐसा नहीं है कि ये संभव नहीं हो सकेगा। दुनिया की बड़ी इंवैस्टमैंट फर्म गोल्डमैन सॉक्स का अनुमान है कि चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा और दूसरे नंबर पर भारत का नाम होगा। साथ ही पाकिस्तान टॉप 10 इकोनॉमी में दिखाई देगा। दूसरी ओर कभी आधी से ज्यादा दुनिया पर राज करने वाला यू.के. और एशिया की दूसरी सबसे बड़ी महाशक्ति जापान का नाम टॉप 10 से बाहर होता दिखाई देगा। वहीं यूरोप का बस एक ही देश जर्मनी टॉप 10 की लिस्ट में दिखाई देगा। गोल्डमैन सॉक्स ने जो अनुमान लगाया है, वह अगले 50 साल बाद यानी साल 2075 का लगाया है। उस समय दुनिया की इकोनॉमी का सीन पूरी तरह से बदला हुआ दिखाई देगा। अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमिक ताकत नहीं रहेगा। दूसरी ओर यूरोप का दबदबा दुनिया की इकोनॉमिक कंडीशन से पूरी तरह से खत्म हो चुका होगा। यू.के. और जापान जैसे देश टॉप 10 इकोनॉमी लिस्ट से बाहर हो चुके होंगे। सबसे खास बात तो यह है कि टॉप की 10 लिस्ट में एशिया का दबदबा होगा, जिसमें चीन के साथ भारत, पाकिस्तान और इंडोनेशिया होगा। मौजूदा दौर में यू.के., फ्रांस, जर्मनी और रूस जैसे देश दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी में शामिल हैं लेकिन ये तमाम देश जिस मंदी के संकट से गुजर रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं है। जर्मनी में तो घोषित मंदी का ऐलान हुआ है। दूसरी ओर जापान ने सालों के बाद देश की इकोनॉमी को उठाने के लिए पॉलिसी रेट में इजाफा किया है। ऐसे अगले 25 और 50 सालों में इन देशों की इकोनॉमी में इजाफा तो होगा लेकिन ग्रोथ इतनी ज्यादा नहीं होगी, जो अपनी मौजूदा पॉजिशन को होल्ड करके रख सके।

### चीन और भारत का होगा दबदबा

गोल्डमैन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की इकोनॉमी अगले साल में काफी तेजी से बढ़ने वाली है। उसकी पोजिशन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी। इसका मतलब यह नहीं है कि वह चीन को पछाड़ने वाला है। भारत साल 2075 में अमरीका को पीछे छोड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा। साल 2050 तक चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा। भले ही मौजूदा दौर में उसकी ग्रोथ भले ही 5 फीसदी से नीचे ही क्यों न हो। उसके अगले 25 साल तक भारत और चीन दोनों ही ग्रोथ और जी.डी.पी. के मामले में दुनिया के तमाम देशों को पीछे छोड़ते हुए दिखाई देंगे।

# भारत में टेस्ला का कारोबार तबाह हो जाएगा! एलन मस्क के मेगाप्लान को खिसियाए चीन की बद्दुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की भारत में इलेक्ट्रिक कार फैक्ट्री खोलने की योजना चीन को बिल्कुल पसंद नहीं आई है। इसके शुभारंभ से पहले ही उसने बद्दुआएं देनी शुरू कर दी हैं। टेस्ला का भारत की ओर झुकाव बढ़ने से चीन बुरी तरह खिसिया गया है। उसने कहा है भारत में टेस्ला का कारोबार तबाह हो जाएगा। मस्क इस महीने के अंत में भारत की यात्रा करने वाले हैं। इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होनी है। उनसे मिलने के बाद टेस्ला अपने कारखाने की योजना के बारे में कोई बड़ा



ऐलान कर सकती है।

दिग्गज कारोबारी एलन मस्क लंबे समय से सरकार से बातचीत कर रहे हैं। वह भारत में कम ड्यूटी पर कारों का आयात करना चाहते थे। इसके उलट सरकार चाहती थी कि वह स्थानीय स्तर पर कारों की मैन्यूफैक्चरिंग करें। सरकार ने पिछले महीने अपनी नई ईवी पॉलिसी की घोषणा की है। इसके बाद टेस्ला के भारत में एंट्री की बातें चलने लगी हैं। माना जा रहा है मस्क इसके बारे में भारत आने पर घोषणा कर सकते हैं। भारत की नई ईवी पॉलिसी टेस्ला के अनुकूल होने की संभावना है। यह और बात है कि चीन को टेस्ला की भारत में एंट्री की योजना कतई रास नहीं आई है। ग्लोबल टाइम्स को चीनी सरकार का मुखपत्र माना जाता है। उसने टेस्ला को आमंत्रित करने के भारत के महत्वाकांक्षी कदम पर भविष्यवाणी कर दी है। इस चीनी माउथपीस ने कहा है कि टेस्ला का यह प्लान काम नहीं करेगा। कारण है कि भारतीय बाजार परिपक्व नहीं है। वह इसके लिए बेहद कम तैयार है। भारतीय बाजार के लिए यह बहुत जल्दी है। चीन सरकार के मुखपत्र में कहा गया कि ईवी को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए भारत के सामने एक बड़ी बाधा पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुपस्थिति है।

### रियल एस्टेट में विदेशी निवेश में भारी गिरावट, जनवरी-मार्च में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर आए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा टेलीसर्विसेज विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया। वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया। रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में



पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था। वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 79.14 करोड़ डॉलर था। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया।

### मूल्य वृद्धि ने आभूषणों की मांग कम की है: सेनको गोल्ड

**कोलकाता एजेंसी।** प्रमुख खुदरा आभूषण विक्रेता कंपनी सेनको गोल्ड लि. ने शुक्रवार को कहा कि भू-राजनीतिक कारणों से सोने की कीमतों में हालिया तेज उछाल ने इसकी मांग को कम कर दिया है। वहीं उद्योग का पहली तिमाही का प्रदर्शन, उत्सव और नए साल के मौके पर जारी खरीदारी के रुख पर निर्भर करता है। कोलकाता की कंपनी ने कहा कि उसने हीरे जड़ित सोने के आभूषणों और उपभोक्ता-केंद्रित योजनाओं के जरिये मांग की स्थिति से निपटने के लिए कई उपाय किए हैं। हालांकि, कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि ये उपाए मार्च और अप्रैल में बिक्री की मात्रा के मामले में देखी गई 15-20 प्रतिशत की गिरावट की भरपाई नहीं कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी, दो की मौत; मृतकों की अभी तक नहीं हुई पहचान

**इंफाल।** मणिपुर में शनिवार को फिर गोलीबारी हुई है। राज्य के इंफाल पूर्वी जिले में शनिवार को दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी कांगपोकपी जिले की सीमा के करीब हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राज्य और केंद्रीय पुलिस बल को क्षेत्र में भेजा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात कर दिया गया है। इलाकों में सुरक्षा बलों के पहुंचने के बाद सशस्त्र समूहों के कैडर शवों को छोड़कर इलाके से भाग गए। यह घटना टेंग्नौपाल जिले में ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी में तीन लोगों के घायल होने के एक दिन बाद हुई है।

### बीबीएफएस आवासीय अकादमी भोपाल में परीक्षण आयोजित करने के लिए तैयार

**भोपाल।** एनजोगो द्वारा संचालित बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) 21 अप्रैल 2024 को बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल में अपने आवासीय अकादमी कार्यक्रम के लिए परीक्षण आयोजित करेगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए 1 जनवरी 2007 से 31 दिसंबर 2014 के बीच जन्मे खिलाड़ी पात्र हैं। रिपोर्टिंग समय 8ः00 ढ्ढस्न्न है। फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी किट और एक वैध सरकारी आईडी लानी होगी। सभी उपस्थित लोगों के लिए 100/- रुपये का पंजीकरण शुल्क लागू है।बीबीएफएस के सह-संस्थापक और फुटबॉल के दिग्गज बाईचुंग भूटिया ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, युवा खिलाड़ियों को सही अवसर पाने और पेशेवर फुटबॉलर बनने के लिए, उन्हें कम उम्र से ही एक अच्छी तरह से संरचित खेल पाठ्यक्रम में प्रवेश करना होगा। बीबीएफएस आवासीय अकादमी ट्रायल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए हमारे कार्यक्रम में शामिल होने और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता हासिल करने के लिए प्रशिक्षण लेने का एक शानदार अवसर है। बिल्डिंग फ्यूचर चैंपियंस के आदर्श वाक्य के साथ, बीबीएफएस आवासीय अकादमी परीक्षणों का आगामी संस्करण एक बार फिर देश के सभी हिस्सों को कवर करेगा। चुनिंदा बीबीएफएस स्काउट्स विभिन्न शहरों की यात्रा करेंगे और प्रतिभाओं के एक बड़े समूह को शामिल करेंगे। फुटबॉल में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए ट्रायल एक महत्वपूर्ण कदम बन गया है। यह न केवल उन्हें खेल में अपने कौशल का मूल्यांकन करने के लिए एक मंच देता है बल्कि देश के सबसे बड़े और सबसे अधिक रेटिंग वाले फुटबॉल कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी देता है।

### फ्लाइंग स्क्वाड ने 1 हजार करोड़ मूल्य का 1,425 किलोग्राम सोना जब्त किया

**चेन्नई, एजेंसी।** चुनाव से पहले यहां एक बड़ी जब्ती हुई। चुनाव आयोग (ईसी) के फ्लाइंग स्क्वाड ने तमिलनाडु में एक ट्रक से लगभग 1,000 करोड़ रुपये मूल्य का 1,425 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारियों ने कुंद्राथुर के पास वंडालूर-मिजिनूर आउटर रिंग रोड पर एक ट्रक और कार को रोका, जिससे भारी मात्रा में कीमती धातु जब्त की गई। ट्रक की जांच के दौरान डिब्बों में सोना होने का पता चला। ट्रक के पीछे चल रही कार में सवार लोगों ने अधिकारियों को बताया कि उनके पास सभी कागजात हैं और सोना श्रीपेरंबदूर की एक फर्म में ले जाया जा रहा है।हालांकि, ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारी पेश किए गए दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं थे और ट्रक के साथ-साथ उन्होंने कार को भी रोक लिया।सूत्रों के अनुसार, दोनों वाहनों को श्रीपेरंबुदूर राजस्व कार्यालय ले जाया गया। कांचीपुरम जिला राजस्व अधिकारी और आयकर अधिकारी जब्त किए गए सोने की सही कीमत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। शुरुआत में लगभग 1,000 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था।चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।तमिलनाडु और पुडुचेरी में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, इसलिए चुनाव आयोग ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

# दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र में सर्वोच्च साहस का परिचय दे रहे भारतीय सेना के जांबाज, 24 घंटे कर रहे निगरानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सियाचिन, काराकोरम पर्वत श्रृंखला में करीब 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र। सालभर यहां बर्फ जमी रहती है और सर्दियों में तापमान माइनस 50 डिग्री तक गिर जाता है। ऊपर से बर्फीली और सर्द हवा। इन तमाम विपरीत हालातों के बावजूद इस निर्जन और बीहड़ इलाके में भारतीय सेना के जांबाज अदम्य शौर्य और साहस का परिचय देते हुए अत्याधुनिक साजोसामान से लैस होकर 24 घंटे निगहबानी कर रहे हैं। ऑपरेशन मेघदूत की वर्षगांठ पर शनिवार को इन जांबाजों का जोश देखते ही बनता था। आखिर ऐसा हो भी क्यों न? आज ही के दिन ठीक 40 साल पहले यानी 13 अप्रैल 1984 को इस क्षेत्र में पाक सेना को भारतीय सेना ने शिकस्त जो दी थी। उस वक्त पाकिस्तान की ओर से अबाबील ऑपरेशन चलाकर 17 अप्रैल तक सियाचिन पर कब्जा करने की योजना बनाई गई थी लेकिन भारतीय सेना ने इससे चार दिन पहले ही मोर्चा मारते हुए सियाचिन ग्लेशियर पर अपना झंडा लहरा दिया था। भारतीय सेना ने शनिवार को



40वें सियाचिन दिवस के अवसर पर कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अपने बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में ऑपरेशन शुरू करने वाले सैनिकों को सलाम करते हुए एक वीडियो के साथ इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया- वे बर्फ में घिरे हुए हैं, चुप रहेंगे। जब बिगुल बजेगा, तो वे उठेंगे और फिर से मार्च करेंगे। वीडियो में दिखाया गया कि कैसे दुर्गम इलाकों में भारतीय जांबाज बड़ी मुस्तैदी से डटे हुए हैं। सफेद चादर से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर भारतीय सेना के जवानों को चढ़ते हुए दिखाया गया है। इसमें सियाचिन ग्लेशियर के 40 साल के सफर को दिखाया गया है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण सियाचिन ग्लेशियर में भारतीय सेना ने अपनी मौजूदगी के 40 साल पूरे किए हैं और पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचा बढ़ने से उसकी ऑपरेशनल क्षमता में काफी सुधार आया है। भारी सामानों को ले जाने में सक्षम हेलीकाप्टरों और ड्रोनों का उपयोग, सभी सतहों के लिए अनुकूल वाहनों की तैनाती, मार्गों के विशाल नेटवर्क आदि उठाए गए कई अहम कदमों ने युद्धक्षेत्र सियाचिन में भारत का सैन्य कौशल और बढ़ाया है। प्रत्येक सैनिक के पास पॉकेट वेदर ट्रैकर्स जैसे गैजेट मौसम के बारे में समय पर अपडेट प्रदान करते हैं और उन्हें संभावित हिमस्खलन के बारे में चेताते हैं। उन्होंने कहा कि सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना का नियंत्रण न केवल अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प की गाथा है, बल्कि प्रौद्योगिकी उन्नति और साजो-सामान संबंधी सुधारों की एक असाधारण यात्रा भी है जिसने दुनिया के सबसे दुर्जेय इलाकों में से एक इस क्षेत्र को अदम्य जोश और नवाचार के प्रतीक में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि खासकर पिछले पांच सालों में उठाए गए कदमों ने सियाचिन में तैनात इन जवानों के जीवन स्तर और ऑपरेशनल क्षमताओं में सुधार लाने में लंबी छलांग लगाई है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुल जैसे नवाचारों से सेना प्राकृतिक बाधाओं पर पार पाने में समर्थ हुई है तथा हवाई केबलवे में उच्च गुणवत्ता वाली डायनेमा रस्सियों के जरिये सबसे दूरस्थ चौकियों में भी सामानों की बेरोकटोक आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

## शिमला सीट पर कांग्रेस का दबदबा, केडी सुल्तानपुरी के नाम रिकॉर्ड

**शिमला, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए हिमाचल प्रदेश की चार में से दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस हाईकमान ने सबको चौंकाते हुए दोनों सिटिंग विधायकों को उम्मीदवार बनाया है। इनमें कैबिनेट मंत्री हैं तो दूसरे सिटिंग एमएलए हैं। मंडी लोकसभा सीट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह उम्मीदवार होंगे जबकि शिमला लोकसभा सीट पर मौजूदा विधायक विनोद सुल्तानपुरी को उतारा गया है। इस रिपोर्ट में जानें कौन हैं विनोद सुल्तानपुरी जिन्हें पार्टी ने दिया है मौका... 42 वर्षीय विनोद सुल्तानपुरी शिमला संसदीय क्षेत्र के सोलन जिला के कसौली से विधायक हैं। वह पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सुरेश कश्यप से होगा। विनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी के नाम शिमला लोकसभा सीट पर लगातार छह बार कांग्रेस सांसद बनने का रिकॉर्ड है। कांग्रेस ने विनोद सुल्तानपुरी को टिकट देकर शिमला लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले को बेहद रोचक बना दिया है। साथ ही संदेश देने की कोशिश की है कि उसकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस की फिल्डिंग से साफ है कि शिमला सीट पर अब उसका भाजपा के साथ कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

शिमला आरक्षित लोकसभा सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है। ज्यादातर यहां से कांग्रेस जीतती रही है। पिछले 10 वर्षों से यह सीट भाजपा के कब्जे में है। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार घोषित बिनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी ने इस लोकसभा सीट पर ऐसा दुर्ग बनाया जिसे उनके चुनाव मैदान में रहते कोई भेद नहीं पाया। वह लगातार छह बार यहां से विजयी रहे। उनके लगातार जीत के रिकार्ड को कोई नहीं तोड़ पाया है।

## यदि नरेंद्र मोदी नहीं होते तो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाताः राज ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। राज ठाकरे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मनसे नेताओं की एक सूची तैयार करेगी जिनसे महायुति गठबंधन के नेता चुनावी समन्वय के लिए संपर्क कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इन प्रश्नों को टाल दिया कि क्या वह महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राकंपा के सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के पक्ष में रैलियों को संबोधित करेंगे।

राज ठाकरे ने आगामी लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने आज कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं अनुषंगी संगठनों के साथ बैठक की है और उन्हें महायुति समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि मनसे नेताओं को उचित सम्मान मिलेगा। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं और राज्य में 19 अप्रैल एवं 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। राज ठाकरे ने कहा, यदि नरेन्द्र मोदी (केंद्र की सत्ता में) नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भी राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। यह लंबित मुद्दा बना रहता।

नवंबर, 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राममंदिर के निर्माण की कानूनी बाधा दूर कर दी थी। इस साल 22 जनवरी को राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। राज ठाकरे ने कहा कि राममंदिर के निर्माण का मामला 1992 से लंबित था जब बाबरी मस्जिद गिरायी गयी थी। भाजपा को मनसे के समर्थन पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा, कुछ ऐसी अच्छी बाते हैं, जिनकी सराहना करने की जरूरत है।

एक तरफ, एक अक्षम (नेतृत्व) है और दूसरी तरफ, मजबूत नेतृत्व है। इसलिए हमने नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने के बारे में सोचा। पीएम मोदी के प्रति उनके समर्थन में खामियां ढूढ़ने को लेकर अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) पर पलटवार करते हुए मनसे प्रमुख ने कहा कि उनकी आखों में पीलिया हो गया है। राज ठाकरे ने कहा कि मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने तथा राज्य में किलों की मरम्मत समेत महाराष्ट्र को लेकर उनकी कुछ मांगें हैं जिनके बारे में भाजपा को बताया जाएगा।

## पहले दोस्त की गर्लफ्रेंड छीनी फिर दिल्ली बुलाकर कर दी हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की द्वारका जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) ने हत्या के मामले का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुरेश गंगवार ने अपने दोस्त आशीष कुमार को उत्तर प्रदेश के बरेली से दिल्ली बुलाकर उसकी हत्या की थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आशीष उसकी प्रेमिका को आपत्तिजनक फोटो भेजकर ब्लैकमेल कर रहा था। इसलिए उसने आशीष को काम का लालच देकर बरेली से पहले दिल्ली बुलाया और फिर उसकी हत्या कर दी। आरोपी के पास से पुलिस ने चाकू के अलावा मोबाइल और कपड़े बरामद किए है।

पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 9 अप्रैल को द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन के पीछे जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला था। शख्स की गला रेत का हत्या की गई थी और उसकी पहचान न हो पाए इसलिए चेहरे को पत्थर से कुचला गया था। पुलिस को उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो। एसीपी राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम को मामले की जांच सौंपी गई। टीम ने लोगों से पूछताछ के बाद शव की पहचान 28 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में की। प्राथमिक जांच में पुलिस को पता चला कि आशीष मौत होने से कुछ ही दिन पहले बरेली से दिल्ली आया था। पुलिस ने दिल्ली आने के बाद उसकी गतिविधियां और मोबाइल की लोकेशन, सीसीटीवी की जांच की तो पुलिस आरोपी सुरेश गंगवार तक जा पहुंची। पुलिस ने उसे




हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पूछताछ में आरोपी सुरेश गंगवार ने बताया कि आशीष उसका पक्का दोस्त था और दोनों असम में एक ही कंपनी में नौकरी करते थे। असम में रहने के दौरान आशीष की दो युवतियों से दोस्ती थी। एक प्रेमिका से बात करने के लिए वह सुरेश के फोन का इस्तेमाल करता था। सुरेश और आशीष असम में नौकरी छोड़ कर राजस्थान चले गए। लेकिन यहां कंपनी में विवाद के बाद दोनों ने राजस्थान में नौकरी छोड़ दी। सुरेश दिल्ली आ गया और आशीष बरेली चला गया। इस बीच आशीष की एक प्रेमिका ने उससे दूरी बना ली। यह युवती सुरेश से बात करने लगी। जो बात आशीष को पसंद नहीं आई और उसने प्रेमिका की कुछ अश्लील फोटो उसे भेजकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी होने पर सुरेश ने आशीष को फोटो डिलीट करने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद सुरेश ने आशीष की हत्या करने की योजना बनाई। उसने काम के बहाने उसे यूपी से दिल्ली बुलाया। दोनों की मुलाकात पैसिफिक मॉल पर हुई, वहां से फिर यह लोग मेट्रो स्टेशन पीछे जंगल में जाकर बैठकर बात करने लगे। इस बीच आरोपी ने पहले आशीष पर पत्थर से हमला किया। उसके बाद उसका गला रेत दिया।

## अमेरिकी एयरलाइंस का बाइडेन प्रशासन से आग्रह- चीन को न दी जाए अतिरिक्त उड़ानों की मंजूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइंस ने बाइडेन प्रशासन से अमेरिका और चीन के बीच किसी भी और उड़ान को मंजूरी देना बंद करने के लिए कहा है क्योंकि उनकी मौजूदा हानिकारक प्रतिस्पर्धा-विरोधी नीतियां अमेरिकी एयरलाइंस और श्रमिकों को नुकसान पहुंचाती हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एयरलाइंस ने पत्र में कहा कि चीन ने महामारी के दौरान बाजार पहुंच पर सख्त सीमाएं लागू कीं और परिचालन, ग्राहकों और अमेरिकी एयरलाइन चालक दल के उपचार को प्रभावित करने वाले चुनौतीपूर्ण नियम लागू किए।

सीएनएन के अनुसार, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और परिवहन सचिव पीट बटिगिएग को संबोधित करते हुए गुरुवार को प्रकाशित एक पत्र के अनुसार, प्रतिस्पर्धी नुकसान चीन की सेवा करने वाली अमेरिकी यात्री एयरलाइनों द्वारा नियोजित लगभग 315,000 कर्मचारियों के लिए हानिकारक है। पत्र में उद्योग वकालत संगठन एयरलाइंस फॉर अमेरिका के हस्ताक्षर थे जिसमें पायलट एसोसिएशन. जो इसके सदस्यों अमेरिकन



एयरलाइंस (एएएल), डेल्टा (डीएएल), और यूनाइटेड (यूएएल) के साथ-साथ विमानन कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न यूनियनों के नाम शामिल है। इसमें कहा गया है, अगर चीनी विमानन बाजार की वृद्धि को अनियंत्रित और बाजार में पहुंच की समानता की चिंता के बिना जारी रहने दिया गया, तो अमेरिकी श्रमिकों और व्यवसायों की कीमत पर उड़ानें चीनी वाहकों को छोड़ी जाती रहेंगी। सीएनएन के अनुसार, फरवरी में, अमेरिका ने चीनी एयरलाइनों को संयुक्त राज्य अमेरिका में अपनी सीधी यात्री उड़ानों का विस्तार करने की अनुमति देने के अपने फैसले की घोषणा की, जिसका लक्ष्य धीरे-धीरे कोविड -19 महामारी से प्रभावित विमानन सेवाओं को बहाल करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने चीनी वाहकों को अमेरिका से 50 साप्ताहिक राउंडट्रिप संचालित करने की मंजूरी दे दी, जो 31 मार्च से शुरू होने वाली 35 उड़ानों की पिछली सीमा से अधिक है। लेकिन बढ़ी हुई संख्या अभी भी अनुमति दी गई 150 से अधिक साप्ताहिक राउंडट्रिप का केवल एक अंश है। पत्र में कहा गया है कि चीन के साथ प्रतिस्पर्धा-विरोधी नुकसान 2022 में और खराब हो गया, जब एशियाई देश की एयरलाइंस ने रूसी हवाई क्षेत्र का उपयोग जारी रखा, जबकि उसी वर्ष फरवरी में यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण के परिणामस्वरूप अमेरिकी वाहक ने इसका उपयोग करना बंद कर दिया।

## भारत-पाक सीमाओं पर सालों पुरानी परंपरा टूटी ! त्यौहारों पर सैनिकों में मिठाईयों का आदान-प्रदान बंद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान की सीमाओं पर एक सालों पुरानी परंपरा बंद हो गई है। दोनों देशों के बीच तनाव के चलते अब दोनों देशों के सैनिकों के बीच मिठाईयों का आदान-प्रदान भी बंद हो गया। इस बार ईद के मौके पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात दोनों देशों के सैनिकों ने एक दूसरे को प्रतीकात्मक सद्भावना की प्रतीक मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। भारत की तरफ से सीमा सुरक्षा बल और दूसरी तरफ से पाकिस्तान रेंजर्स के जवानों की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनाती की जाती है। पिछले कई वर्षों से परंपरा रही है कि दोनों बल धार्मिक त्योहारों और राष्ट्रीय उत्सवों के अवसर एक दूसरे को सद्भावना प्रकट करते हैं।



साल 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद से पाकिस्तान चिढ़ा हुआ है। पाकिस्तान की हरकतों की वजह से दोनों देशों के संबंध लगातार खराब हुए हैं। इसका असर पिछले महीने फिर देखा गया जब हिंदू पर्व होली के अवसर पर पाकिस्तानी रेंजर्स और बीएसएफ के बीच मिठाई नहीं बांटी गई। ऐसी ही स्थिति इस सप्ताह ईद-उल-फितर के मौके पर भी हुई, जब सीमा पर तैनात दोनों देशों के बलों ने एक दूसरे के साथ मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। पाकिस्तान अखबार ट्रिब्यून ने एक पाकिस्तान रेंजर्स के सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। हालांकि, इसके पहले बीते साल नवम्बर में दिवाली के मौके पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे को मिठाई दी थी।

मोदी सरकार ने अगस्त 2019 कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया था।

## डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडेन को घेरा, कहा- मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
ईरान ने शनिवार देर रात इजरायल पर अटैक कर दिया है। उनकी तरफ से 200 से ज्यादा मिसाइलें दागी गई हैं। हालांकि, इजरायली सेना ने दावा किया कि हमले बड़े स्तर पर नहीं हुए क्योंकि उन्होंने कई मिसाईलों को हवा में नष्ट कर दिया। अब दोनों देशों की लड़ाई ने एक बार फिर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अमेरिका ने इजरायली नागरिकों को सुरक्षा देने की बात कही है और ईरान द्वारा किए गए हमले पर निंदा व्यक्त की। इस हमले पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी रिएक्शन सामने आया है और उन्होंने जो बिडेन की आलोचना करते हुए कहा कि अगर मैं राष्ट्रपति होता तो इजरायल पर हमला नहीं होता।

हमले पर रिएक्शन देते हुए ट्रंप ने कहा, अगर मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं करता। उनके पास पैसे नहीं थे, लेकिन अब उनके पास 221 अरब डॉलर हैं। और इराक, जो ईरान की सहायक कंपनी बन गया है, के पास 300 अरब डॉलर हैं। हम बहुत खतरनाक दौर में हैं क्योंकि हमारे पास एक बेहद कमजोर राष्ट्रपति है जो दो वाक्यों को एक साथ नहीं रख सकता है।

इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व युद्ध होने का खतरा है। ट्रंप ने शुक्रवार को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था, इजरायल के साथ जो चल रहा है उसका अंत विश्व युद्ध के रूप में हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि वर्तमान समय और पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच बहुत कुछ हो सकता है, विशेष रूप से कमजोर अमेरिकी नेताओं के नेतृत्व में। ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह इस जंग में इजरायल के साथ खड़ा है।



## पाकिस्तान महंगाई में है नंबर वन, 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर के साथ पूरे एशिया में रहने की लागत सबसे अधिक है और इसकी अर्थव्यवस्था क्षेत्र में 1.9 प्रतिशत की चौथी सबसे कम गति से बढ़ सकती है। रिपोर्ट गुरुवार को मनीला में जारी की गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि एशियाई विकास आउटलुक ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए भी एक निराशाजनक तस्वीर पेश की है, जिसमें अगले वित्तीय वर्ष के लिए 15 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगाया गया है जो कि 46 देशों में फिर से सबसे अधिक है और 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर है। मनीला स्थित ऋण एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत होने की उम्मीद है - जो पूरे एशिया में सबसे अधिक है। यह पाकिस्तान को एशिया का सबसे महंगा देश बनाता है। पहले, पाकिस्तान में रहने की लागत दक्षिण एशिया में सबसे अधिक हुआ करती थी। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) और संघीय सरकार ने इस वित्तीय वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का लक्ष्य 21 प्रतिशत निर्धारित किया था।

# भाजपा झारखंड में 14 लोकसभा सीटों पर होगी विजयी : मरांडी

प्रातः आवाज

**गुमला।** इंडी गठबंधन मोदी को रोकना चाहते हैं। लेकिन मोदी कितनो रोकने से रुकेंगे नहीं। इस बार भाजपा 400 पार सीटे जीतेगी। उक्त बातें भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलनों में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अक्सर कहा करते हैं और इस बार मौका था बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन। जहां श्री मरांडी ने इंडी गठबंधन के नेताओ को आड़े हाथों लिया एवं कहा कि गठबंधन के नेता कितनो हाथ पैर मार लेंगे लेकिन इस बार भाजपा झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर विजयी होगी।



**2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य मोदीजी ने लिया है :** श्री मरांडी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने भारत के 100 स्वत्रंत्रता दिवस तक यानी 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प ले कर चले है। जिसमें भारत मे निवासी करने वाले लोगो को जरूरी वस्तुओं की किसी भी तरह की कमी नही होगी। इतना ही नहीं उसके तहत लोगों को रोजगार के भी भरपूर अवसर प्रदान किए जाएंगे।

**बिना भेदभाव के लोगों के विकास का संकल्प**

श्री मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता भाजपा को कोषतें रहतें हैं। और कहते हैं कि भाजपा वाले धर्म की राजनीति करते हैं। लेकिन मोदीजी ने प्रधानमंत्री आवास सभी लोगो को दिए जो उसकी योग्यता रखता था। अनाज सभी लोगो को दी, किसान सम्मान निधि में बिना धर्म देखे किसानों को 6000 रुपये सालाना दी। कोरोना काल में बिना भेदभाव के सभी लोगो को कोरोना का टीका दी। जितने भी केंद्र सरकार की योजना है बिना धर्म देखें योग्यता के अनुसार सभी लोगो को योजना का लाभ दिया गया है।

# चैनपुर पुलिस ने किया 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

प्रातः आवाज

**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने रविवार को प्रखंड के बेंदोरा गांव में चेकिंग अभियान चला कर एक सफेद रंग की सूमो विटा वहांन से 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। थाना प्रभारी अजय यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक टाटा सूमो में अंग्रेजी शराब को लोड कर गुमला से डुमरी की ओर ले जाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बेन्दोंरा चौक के पास चैकिंग लगाया गया चैकिंग के दौरान एक टाटा सुमो गाड़ी आता दिखा। पुलिस बल के द्वारा उक्त गाड़ी को हाथ देकर रुकवाने का प्रयास किया गया परंतु पुलिस बल को देखकर ड्राइवर तेजी से गाड़ी को भागने लगा तुरंत गाड़ी से पीछा करने पर ड्राइवर गाड़ी को बीच रोड में छोड़कर ही भाग गया। गाड़ी में चेक करने पर देखा कि टाटा सूमो वाहन से 13 पेटी अंग्रेजी शराब रखा हुआ था जिसे विधिवत जप्त कर थाना ले आया गया। जिसमे 144 केन बियर 500 एमएल, 48 गॉडफादर बियर, 48 मेगडोवल, 5 आरसी, एवं बी 7 शराब को जब्त किया गया है जिसकी 50 हजार रुपये अनुमानित कीमत लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त अंग्रेजी शराब दीपक कुमार गुमला के द्वारा ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में मुख्य रूप से थाना प्रभारी अजय यादव, अशोक कुमार, मदन शर्मा, प्रदीप कुमार मेहता, एवं सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।



## युवा अंबेडकर क्लब ने बाबा साहेब की जयंती मनायी



**गढ़वा (रमना)।** सिलिदाग भारत रत्न, 133वां भारतीय संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर युवा अम्बेडकर क्लब सिलिदाग-गड़ई के तत्वधान में हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मिशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूसरे प्रखंड़ से आये कलाकारों नें मिशन गीत से समाबांध दिया। कार्यक्रम का शुरआत बौद्धिक मन्त्रोंचार और सामूहिक दीपप्रज्वलित कर किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय कुमार यादव नें फीता काट कर किया, मंच संचालन सहायक अध्यापक दिलीप कुमार नें किया।

## विधायक ने अधिकारियों को बिजली में सुधार करने का दिया निर्देश



प्रातः आवाज

**भवनाथपुर।** बिजली नहीं रहने की शिकायत भवनाथपुर के जनता से मिलने के बाद विधायक प्रतिनिधि सह पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने रविवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप साही से, उनके टाउनशिप स्थित आवास पर मुलाकात कर भवनाथपुर प्रखंड सहित पूरे भवनाथपुर विधानसभा में कई दिनों से बिजली नहीं रहने कि शिकायत की। विधायक प्रतिनिधि चन्दन कुमार ठाकुर के शिकायत पर विधायक भानु प्रताप साही ने त्वरित पहल करते हुए बिजली विभाग के एसी एवं बिजली बोर्ड के चेयरमैन से फोन पर बात कर भवनाथपुर प्रखंड सहित पूरे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। साथ ही विधायक भानु प्रताप साही ने चेयरमैंने से लहल्हे ग्रिड को बी मोड़ ग्रिड से जोड़ने का निर्देश दिया। मौके पर घनश्याम शुक्ला,अनिल कुमार चौबे, भगत दयानंद यादव सहित अन्य मौजूद थें।

## बाबासाहेब के लिखे संविधान से प्रेरणा लेकर मतदान दिवस पर अपने अधिकारों का उपयोग करें : उपायुक्त

प्रातः आवाज

**गुमला।** रविवार को डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों के साथ सुबह-सुबह अंबेडकर स्मारक पहुंचकर डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तदुपरांत बाबा साहब के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने जिले वासियों से उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव है, देश के संविधान की रचना में बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर की की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है, उनके द्वारा लिखे गए संविधान ही देश में नैतिकता को बरकरार रखने का सबसे बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान हमें नैतिक मतदान करने के प्रति प्रेरित करता है, उपायुक्त ने जिले वासियों से आगामी चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का उपयोग करने, मतदाताओं से वोट देने की भी अपील की।



उपायुक्त द्वारा माल्यार्पण किए जाने के बाद वहां मौजूद सभी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उप विकास आयुक्त गुमला, डीआरडीए निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक सह जिला नाजारत उप समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उपायुक्त ने उनकी तस्वीर पर किया माल्यार्पण



**गढवा (प्रातः आवाज)।** रविवार को डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा समाहरणालय गढ़वा के सभागार में डॉ भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भी डॉ भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के द्वारा संविधान निर्माण समेत देश के लिए किए गए अन्य कार्यों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## गड़गड़वा नदी पर बड़का भव की मरम्मति नहीं होने से किसानों में रोष

प्रातः आवाज

**रमना।** वर्षो से उपेक्षा का दंस झेल रहा बाबुडीह (सिलिदाग-झुरहा मोड़)-बुल्का मुख्य सड़क का लम्बे इंतजार के बाद, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित योजना के माध्यम से गत वर्ष से ही निर्माण कार्य कछुए कि गति से चल रही है, लेकिन इस सड़क के पुल-पुलिया निर्माण में कछुए जैसे मजबूती नहीं दिख रही। गड़गड़वा नदी के बढ़का भव का मरम्मती कार्य सलोनी शशांक जेभि के द्वारा किया जा रहा है। गत वर्षो से ही यह भव जाम है जिससे पानी निकासी नहीं होता है। इस भव के नव निर्माण नहीं होने से पानी निकासी नहीं होगा और इससे तीन पंचायत के किसानों की सिचाई प्रभावित होगा। गड़गडवा नदी के जाम बढ़का भव का नव निर्माण नहीं होने से किसानों में असंतोष है।

किसान अशोक चंद्रवंशी बताये कि इस भव के जाम होने धान फसल कि पटवन और सिंचाई सही तरिके से नहीं हो पाता और पैदावार प्रभावित होता है यदी अभी ही इसका समाधान नहीं किया गया सड़क नव निर्माण हो जाने से अगले पांच वर्षो तक धान सिंचाई प्रभावित रहेगा, क्योंकि सिचाई के लिए पानी ही प्राप्त नहीं हो पायेगा।

किसान राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि जब सड़क के जितने भी भव पहले से है उन सभी का नव निर्माण हुआ है तो इस भव का रंगरोगन कर संवेदक द्वारा सरकारी खजाना को लुटा जा रहा है।

प्रभात सिंह कुशवाहा का कहना है कि यही एक मात्र भव है जिससे रमना पंचायत, सिलिदाग पंचायत और भागोडीह पंचायत के माझीगावां के किसानों को धान सिंचाई के लिए पानी देता है यदी जाम भव पर ही रंगरोगन किया गया तो धान फसल सिंचाई करना कठिन हो जायेगा। ग्रामीणों राजू कुमार बताये कि बढ़का भव गत वर्ष पहले ही अंदर से जाम हो गया, जिससे बर्षात का पानी सिंचाई के लिए किसानों को नहीं मिल पाता है। गत वर्ष किसानों नें इस जाम भव को साफ करने कि हर संभव प्रयास किये लेकिन कामयाब नहीं हो सके। इस भव को बीना साफ किये ही केवल काया कल्प कर गया है, इससे किसानों कि समस्या और बढ़ जाएगी अगर इस भव को साफ करने के लिए खोदना पड़ा तो नवनिर्माण पुल चबूतरा और करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे सड़क को भी खोदा जायेगा, जिससे नवनिर्मित सड़क भी टूटेगा।

## महुआडांड़ रामपुर नदी छठ घाट में चैती छठ के मौके पर दिया गया पहला अर्घ्य



**महुआडांड़ (प्रातः आवाज)।** महुआडाड रामपुर छठ घाट में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ मनाया जा रहा हैं। वहीं नदी और घाटों में अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। इस दौरान रामपुर नदी छठ घाट में श्रद्धांलुओं की काफी भीड़ रही। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शनिवार को दूसरा दिन था। लगभग 40 डिग्री तापमान में छठ व्रती तैयारी में जुटे रहे। दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को भगवान की आराधना कर खरना किया, इसमें व्रतियों ने गुड़-चावल से बनी खीर और रोटी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। खरना के साथ ही व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया, जो- सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होगा।

## समाचार सार

### देशी कट्टा एवं नौ गोलियों के साथ चार अपराधी गिरफ्तार



**गुमला (प्रातः आवाज)।** पुलिस को बड़ी कामयाबी 4 अपराधियों को तीन देशी कट्टा एवं 9 गोली के साथ किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक गुमला शम्भू सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर जामकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार की देर रात पुलिस अधीक्षक गुमला को मिली गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ अपराध कर्मी सदर थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास जमा हुए हैं तथा किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। सूचना के आधार पर गुमला सदर थाना पुलिस को सूचित किया गया, जिसके बाद सदर पुलिस ने पटेल चौक के पास से चार अपराधकर्मी को तीन देशी देसी कट्टा तथा 09 राउंड जिंदा गोली के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी घाघरा थाना क्षेत्र के है जिसमे मुन्ना साहू, सूरज कुमार सिंह एवं शुभम कुमार घाघरा थाना क्षेत्र का चपका निवासी तथा बबलू साहू घाघरा थाना क्षेत्र के बाड़काडीह निवासी शामिल हैं इतना ही नहीं वे सभी पूर्व में भी लूट एवं आर्म्स एक्ट में जेल जा चुके है।

### मजदूर का शव कुएं से बरामद



**घाघरा गुमला (प्रातः आवाज)।** घाघरा थाना क्षेत्र के कुगांव निवासी मिसिर उरांव का शव गांव के ही एक कुआं से घाघरा पुलिस ने बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक मिसिर उरांव सेरेंगदाग माइंस में मजदूरी का काम करता था और वह घर में अकेले रहता था। उसके दो बेटे है, दोनों बाहर कमाने के लिए पूरे परिवार के साथ गए हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार को मिसिर घर में ताला लगाकर निकला था, जिसके बाद उसे नहीं देखा गया। आज सुबह गांव में पूजन पाठ को लेकर कुआं में पानी लाने के लिए जब ग्रामीण गए तो एक व्यक्ति का शव कुआं में तैरता हुआ देखा। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को बाहर निकाला। घटना कैसे हुई इसका कोई पता नहीं चल सका है। अनुमान लगाया जा रहा है की कुआं में गिरने से मौत हुई होगी। हालाकि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### कामडारा में हॉकी खिलाड़ियों का चयन 17 को

**कामडारा (प्रातः आवाज)।** झारखंड इंडोर हॉकी एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय रांची लीग के लिए कामडारा मिशन मैदान में 17 अप्रैल को सुबह सात से शाम बजे तक चयन शिविर का आयोजित किया जायेगा। जिसमें जूनियर सीनियर बालक वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते है। इच्छुक हॉकी खिलाड़ी रजिस्ट्रेशन कराने के लिए अध्यक्ष संजय बारला,कोषाध्यक्ष दिलबर टोप्पो,ट्रेजर नमन कांडुलना से संपर्क कर सकते है।

### इल्म के बिना जीवन अधूरा : मौलाना रजा



**बालूमाथ (प्रातः आवाज)।** मकतब के माध्यम से दिनी तालीम का दायरा बढ़ा है। इसे और बेहतर बनाने की जरूरत है। उक्त बातें मौलाना तौकीर रजा ने प्रखंड के लेजांग के मदरसा में दिनी तालीम हाशिल कर रहे छात्र और छात्राओं के लिए आयोजित इनामी मुकाबला में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा मकतब से महरूम न रहे। इनामी मुकाबला में 25 बच्चियों एवं 12 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें अलग अलग शोबे में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर शहजहाँ परवीन को प्रथम, साहिल अंसारी को द्वितीय एवं अंजूम खातून को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मौके पर मकतब कमिटी के अध्यक्ष इजराफिल अंसारी, सचिव अफजल अंसारी, कोषाध्यक्ष जुबेर अंसारी समेत कारी गुफरान रजा, मौलाना रजाउल्लाह कादरी मरकजी, हाफिज सद्दाम, हाफिज अल्ताफ, हाफिज मुदस्सिर, कारी जमशेद रजा,मौलवी कासिम, हाफिज तौफीक,तबरेज अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, खैरुल अंसारी, कामिल अंसारी,मुजम्मिल अंसारी,जसीमुद्दीन अंसारी, रमजान अंसारी, वसीम अंसारी, इरफान अंसारी,खुर्शीद अंसारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### महुआडांड़ में कांग्रेसियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी



**महुआडांड़ (प्रातः आवाज)।** महुआडांड़ मुख्य बाजार पोस्ट ऑफिस रोड डॉ भीमराव अंबेडकर चौंक के समीप महुआडांड़ कांग्रेसियों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी जयंती मनाई। सर्व प्रथम कांग्रेसियों के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर बारी-बारी से माल्यार्पण किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी भारतीय संविधान के शिल्पीकार, संविधान के निमार्ता, सामाजिक न्याय के नायक 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती देश के कोने कोने में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महुआडांड़ प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख सह प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष अभय मिंज,युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आमिर सुहैल ,कांग्रेस वरिष्ठ नेता सह प्रखण्ड बीस सूत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर,नुरूल अंसारी, कांग्रेस नेता रानु खान, सतेन्द्र जायसवाल,मो बसारत, युवा कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष शकील खान,सतेन्द्र जायसवाल, सद्दाम खान समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड में इंडिया गठबंधन दलों की ओर से अभी भी पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं

## टिकट पाने की आस में स्वयंभू प्रत्याशियों के छूट रहे पसीने

बब्लू खान

**लातेहार।** झारखंड में इंडिया गठबंधन दलों की ओर से अभी भी पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं हो पाई है। एक तरफ एनडीए के प्रत्याशी मैदान में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। वहीं दूसरी तरफ उनसे मुकाबला करने वालों के नाम भी तय नहीं हुए हैं। अलग-अलग कारणों से नाम तय नहीं हो पा रहे हैं, जानिए किस सीट पर किनके नामों की चर्चा चल रही है।

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों के लिए काफी पहले एन डी ए (भाजपा और आजसू) ने अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। लेकिन एन डी ए के उम्मीदवारों से चुनावी समर में इंडिया गठबंधन के किस उम्मीदवार से मुकाबला होगा यह अभी पूरी तरह साफ नहीं हुआ है। भाजपा के नेता जहां इस मुद्दे पर तंज कसने से नहीं चूक रहे हैं। वहीं झामुमो-कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि हम ठोक बजा कर उम्मीदवार उतार रहे हैं। इसलिए थोड़ी देर हो रही है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिंहा ने कहा कि हमलोग टिकट देने के बाद उसे वापस नहीं लेते इसलिए थोड़ी देर स्वभाविक है।

**इंडिया ब्लॉक के नेताओं के नाम पर, जो अलग-अलग लोकसभा सीट पर टिकट पाने की होड़ में हैं :**

**धनबाद-** लोकसभा सीट राजेश ठाकुर, ददई दुबे, अनुपमा सिंह, गौरव सिंह, रविंद्र पांडेय।

**रांची-** लोकसभा सीट सुबोधकांत सहाय, रामटहल चौधरी

**चतरा-** लोकसभा सीट के एन त्रिपाठी, गुंजन सिंह, अरुण सिंह, गिरिनाथ सिंह।

**गोड्डा-** लोकसभा सीट प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय, फुरकान अंसारी।

**जमशेदपुर-** लोकसभा सीट सुप्रियो भट्टाचार्या, सुनील महतो और स्नेहा महतो।

प्रत्याशी रूपी पहलवान की तलाश में हैं कांग्रेस-झामुमो- सीपी सिंह कांग्रेस और झामुमो द्वारा कई लोकसभा सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं कर पाने पर तंज कसते हुए पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि दोनों दलों में मजबूत प्रत्याशियों की कमी है। वहीं झामुमो नेता मनोज पांडेय और कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने कहा कि इंडिया दलों के पास टिकट पानेवालों की कतार लगी हुई हैं और जल्द ही शेष बचे लोकसभा की पांच सीटों पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### इंडिया गठबंधन के घोषित हो चुके लोकसभा सीट और उम्मीदवार के नाम

**कांग्रेस**
- लोहरदगा- सुखदेव भगत
- खूंटी- कालीचरण मुंडा
- हजारीबाग- जयप्रकाश भाई पटेल

**झामुमो**
- दुमका- नलिन सोरेन
- गिरिडीह- मथुरा महतो
- राजमहल- विजय हांसदा
- सिंहभूम- जोबा मांझी

**सीपीआई (माले)**
- कोडरमा- विनोद कुमार सिंह

**राष्ट्रीय जनता दल**
- पलामू- ममता भुइयां

### लोकसभा सीटों पर जहां अभी तक इंडिया दलों ने अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं की

*लोकसभा आमचुनाव 2024 में झारखंड की 14 लोकसभा सीट में से इंडिया ब्लॉक की ओर से 09 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है लेकिन अभी भी 05 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार के नामों की घोषणा नहीं हो पाई है।*

**इन सीटों पर बाकी है उम्मीदवारों के नामों की घोषणा**

- रांची (कांग्रेस के खाते में)
- जमशेदपुर (जेएमएम के खाते में)
- धनबाद (कांग्रेस के खाते में)
- चतरा (आरजेडी और कांग्रेस के बीच खींचतान)
- गोड्डा (कांग्रेस के खाते में)

### 7-5-1-1 के फॉर्मूले के तहत कांग्रेस को 04 और झामुमो को 01 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार के नाम की करनी है घोषणा

झारखंड में अभी तक की अघोषित सीट शेयरिंग फॉमूर्ला के अनुसार 07 लोकसभा सीट (गोड्डा, रांची, खूंटी, हजारीबाग, धनबाद, लोहरदगा और चतरा) कांग्रेस के खाते में गयी है. वहीं झामुमो को 05 लोकसभा सीट (गिरिडीह, राजमहल, दुमका, जमशेदपुर और सिंहभूम) मिली है. [illegible] ब्लॉक के झारखंड में अन्य सदस्य राजद को पलामू और सीपीआई माले को कोडरमा दिया गया है। वहीं चतरा सीट को लेकर अभी भी कांग्रेस और आरजेडी के बीच खींचतान जारी है।

### क्यों कांग्रेस और झामुमो की ओर से हो रही है देरी

झारखंड के अलग-अलग लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारने में हो रही देरी की वजहें भी अलग-अलग है। चतरा में जहां टिकट के लिए राजद और कांग्रेस के बीच की खींचतान मुख्य वजह है तो वहीं धनबाद में कांग्रेस को एक अदद मजबूत प्रत्याशी की तलाश है। गोड्डा में कांग्रेस की ओर से टिकट चाहने वाले कद्दावर नेताओं की संख्या इतनी ज्यादा है कि पार्टी किसे उतारे और किसे समझाएं इस पर निर्णय नहीं कर पा रही है। की रांची में भी पार्टी रामटहल चौधरी और सुबोधकांत में किस पर दांव खेले, इसका निर्णय पार्टी नहीं ले पा रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी-14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587/7004527300 RNI No JHAHIN/2022/83327